जबलपुर

मंगलवार, 9 जुलाई 2024

- आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-4
- वर्ष : 19, अंक : 70
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 32

न्यून. 25

### पीएम मोदी पहुंचे मॉस्को, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत, पुतिन संग किया डिनर

## तीन साल बाद हो रहे 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे



*शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर बात होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी रक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने पर बातचीत होगी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस के मॉस्को पहुंचे। मॉस्को के हवाईअड्डे पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रूस के कई नेता और सैन्य अधिकारी वहां मौजूद रहे। पीएम मोदी रूस के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। वह मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

**मुझे नए क्षेत्रों में साझेदारी को अधिक ऊंचाई तक पहुंचने की उम्मीद**

इस दौरे से पहले पीएम मोदी ने भारत-रूस के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में आगे बढ़ी है। मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हूं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई, कहा-कैबिनेट मंत्री के रूप में उनके अनुभव का लाभ पूरे मंत्रिमंडल और सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा

### रावत को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे पर देनी पड़ी सफाई

# कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए रामनिवास रावत बने मंत्री, 2 बार दिलानी पड़ी शपथ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए वरिष्ठ विधायक राम निवास रावत अंततः मंत्रिमंडल में शामिल कर लिए गए। प्रदेश के इतिहास में संभवतः पहली बार राज्यपाल मंगुभाई पटेल को एक मंत्री को दो बार पद और गोपनीयता की शपथ दिलानी पड़ी। पहली बार शपथ ग्रहण का कार्यक्रम राजभवन स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। यहां राम निवास गलती कर गए। शपथ के दौरान राज्य मंत्री शब्द का प्रयोग किया।

*पहली बार शपथ ग्रहण का कार्यक्रम राजभवन स्थित ऑडिटोरियम में हुआ। यहां राम निवास ने शपथ के दौरान 'राज्य मंत्री' शब्द का प्रयोग किया। बाद में गलती पकड़ में आई तो पंद्रह मिनट बाद ही दूसरी बार राजभवन के दरबार हॉल में शपथ दिलवाई गई*

***रावत का जवाब- 5 जुलाई को ही दे चुका इस्तीफा***



राम निवास रावत के मंत्री पद की शपथ लेने के साथ विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफे को लेकर उन पर सवाल दागे जाने लगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया अकाउंट में लिखा गया कि मप्र की बीजेपी सरकार ने कांग्रेस विधायक को मंत्री बनाया है।

**मंत्री बनने की शर्त पर ही की थी भाजपा ज्वॉइन**

लोकसभा चुनाव के दौरान जब राम निवास रावत कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे तब ही मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना पक्का हो गया था। इसकी वजह से कई बार उनकी ज्वॉइनिंग तारीख बदली भी थी। रावत की शर्त थी कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह से बात करने के बाद ही वे भाजपा में आएंगे। उनकी अमित शाह से बात कराई गई, इसके बादे उन्होंने भाजपा ज्वॉइन की। हालांकि, रावत को भाजपा में लाने में मुख्य भूमिका विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने निभाई थी।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली

आज के अंक के साथ


### एनटीए को दोबारा नीट-यूजी परीक्षा कराने का आदेश देने का आग्रह करने वाली याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# यह तो साफ है कि पेपर 'लीक' हुआ पर आउट होने की सीमा देखनी होगी

लीक की इस सीमा को देखने के बाद ही दोबारा परीक्षा लेने का हो सकता है फैसला क्योंकि, यह 23 लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है

मामले में जो कुछ भी हुआ, उसकी जांच देश भर के विशेषज्ञों की एक बहु-अनुशासनात्मक समिति से कराई जानी चाहिए

***सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि केंद्र और एनटीए ने इस गड़बड़ी से किन किन छात्रों को फायदा पहुंचा? यह जानने के लिए क्या कार्रवाई की?***

**याचिकाओं में क्या मांग?**

1. पांच मई को हुई परीक्षा रद्द की जाए दोबारा परीक्षा ली जाए
2. अनियमितताओं के संबंध में कोर्ट की निगरानी में जांच हो



**कैसे संदेह पैदा हुआ?**

पांच मई को हुई परीक्षा में कुल 67 छात्रों ने पूरे 720 अंक प्राप्त किए। यह एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व था। इसमें सूची में हरियाणा केंद्र के छह छात्र शामिल हैं। इसके बाद परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर संदेह शुरू हुआ। आरोप लगाया गया कि कृपांक के चलते 67 छात्रों को शीर्ष रैंक मिली। इसके बाद एनटीए ने एक जुलाई को संशोधित परिणाम घोषित किया। इसके बाद नीट-यूजी में शीर्ष रैंक वाले अभ्यर्थियों की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई।

**एनटीए मान चुका है कि पेपर लीक हुआ?**

कोर्ट की सबूत वाली बात पर वकील ने आगे कहा कि एक तरफ एनटीए कह रहा है कि छोटे पैमाने पर गड़बड़ी हुई लेकिन दूसरी तरफ अलग-अलग राज्यों में एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई। इस पर कोर्ट ने पूछा कि यानि एनटीए मान चुकी है कि पेपर लीक हुआ? सॉलीसीटर जनरल ने कहा सिर्फ एक जगह पर ऐसा मामला सामने आया है, उस मामले में भी आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है और जिन लोगों को फायदा मिला उनकी पहचान हो चुकी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिका में पांच मई को हुई परीक्षा रद्द करने, एनटीए को दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने और अनियमितताओं के संबंध में कोर्ट की निगरानी में जांच किए जाने की मांग की गई।

कुछ याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट से दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि कसूरवार और बेकसूरों की पहचान करना संभव नहीं है।

**शीर्ष कोर्ट ने सरकार पर दागे सवाल**

- लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए। कोर्ट ने पूछा कि ये छात्र कहां हैं?
- भौगोलिक तौर पर ये छात्र कहां कहां हैं? क्या हम अभी भी गलत काम करने वालों का पता लगा रहे हैं और क्या हम लाभार्थियों की पहचान कर भी पाए हैं?
- हम ऐसे लोगों की पहचान कैसे करेंगे, जिन्हें इस धांधली का फायदा हुआ है। क्या हम काउंसलिंग होने देंगे और अब तक क्या हुआ है?

**कोर्ट ने दिए कई अहम निर्देश**

- साइबर फोरेंसिक यूनिट को शामिल करने, एआई का उपयोग करके गलत काम करने वालों की संख्या का पता लगाने और उनके लिए फिर से परीक्षा की संभावना तलाशने के बारे में पूछा।
- कोर्ट ने सीबीआई को जांच की स्थिति बताते हुए रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।
- कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह बताए कि प्रश्नपत्र पहली बार कब लीक हुआ। वह प्रश्नपत्र लीक होने की घटना और 5 मई को परीक्षा आयोजित होने के बीच की समय अवधि के बारे में भी बताए।

### मुख्यमंत्री ने किया रोड शो, जनसभा भी की

# अमरवाड़ा के हर खेत को पानी, हर हाथ को काम देंगे



सीएम के रोड शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को बटकाखापा और अमरवाड़ा में जनसभाओं को संबोधित किया। इससे पहले उन्होंने पूर्व विधायक स्व. मनमोहन शाह बट्टी के समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने अमरवाड़ा में रोड शो किया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरवाड़ा के हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देने का कार्य भाजपा सरकार करेगी।

**कांग्रेस ने भी ताकत झोंकी, बड़े नेताओं ने सघन जनसंपर्क किया**


कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी व नकुल नाथ समेत सभी बड़े नेता अमरवाड़ा में पिछले कई दिनों से कैंप किए हुए हैं। कांग्रेस ने अमरवाड़ा चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

**अमरवाड़ा में चुनाव प्रचार थमा, कल मतदान**

अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव में मतदान के 48 घंटे पहले सोमवार को शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी घर-घर जाकर ही चुनाव प्रचार कर सकेंगे। मतदान 10 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान करने के लिए अमरवाड़ा में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है।

## खबर संक्षेप

**एसपी की कार ने टक्कर मारी, एक की मौत**



**अनूपपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पंवार की कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। एक गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत पड़री गांव निवासी बहोरन सिंह (34) और सतीश धुर्वे बाइक से अनूपपुर की ओर आ रहे थे।

**घर में रखी लोडेड रायफल से बच्चे की मौत**



**लखनऊ।** कृष्णा नगर में 12 वर्षीय शिवा और अपने ममेरे भाई दिव्य दोनों खेल रहे थे। इस दौरान लोडेड रायफल से खेलने लगे। आपसी छीना-झपटी में ट्रिगर पर उंगली चली गई और फायर हो गया। गोली सीधे शिवा के पेट में जा लगी। शिवा को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**कंटेनर में पीछे से घुसी कार, 3 की मौत**



**राजगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह पचोर-सारंगपुर के एक कार खड़े कंटेनर में पीछे से जा घुसी। हादसे में एक महिला समेत 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अयोध्या से वापस सोलापुर क्षेत्र में लौट रहे थे।

### हॉकफोर्स को मिली कामयाबी

## बालाघाट में चौदह लाख का इनामी नक्सली ढेर




■ रायफल और वायरलेस सेट बरामद

**भोपाल।** बालाघाट जिले के कोठियाकोला जंगल में सोमवार को मध्यप्रदेश की हॉकफोर्स पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई जिसमें हार्डकोर नक्सली 30 वर्षीय सोहन उर्फ उकास उर्फ आयतु को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। नक्सली पर मध्यप्रदेश सहित तीन राज्यों की पुलिस ने 14 लाख का इनाम घोषित कर रखा था। उकास केबी डिवीजन का एरिया कमेटी मेंबर था। हाकफोर्स को बालाघाट के हट्टा थाना क्षेत्र के कोठियाकोला के जंगल में जीआरबी और केवी डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी।

### हाइवे पर चढ़ाई थी बाइक

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत



■ कार में सवार लोगों को नहीं आई चोट

**इटारसी।** रविवार देर रात करीब सवा 10 बजे कार से टकराकर बाइक सवार 3 लोगों की मौत हो गई। हादसा इटारसी के पास सनखेड़ा फोरलेन रोड बैतूल-औबेदुल्लागंज नेशनल हाईवे 46 पर हुआ। स्विफ्ट डिजायर कार नागपुर से भोपाल की तरफ तेज रफ्तार में जा रही थी। मोटरसाइकिल चालक ने बाइक फोरलेन पर गलत साइड से चढ़ा दी। रॉन्ग साइड में बाइक आ जाने से ड्राइवर कार की स्पीड को कंट्रोल नहीं कर पाया।

### भोपाल सहित आसपास तेज बारिश

## 24 घंटे में दो जिलों में हुई 100 से 130 मिमी बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ शिवपुरी में नाले में महिला बही शव बरामद

अरब सागर की सक्रियता बढ़ने और रायसेन के ऊपर से गुजर रही मानसून ट्रफ के कारण भोपाल सहित आसपास तेज बारिश दर्ज हुई, जबकि शिवपुरी, मुरैना, भिंड आदि जिलों में मध्यम से तेज बारिश हुई। बंगाल की खाड़ी की सक्रियता कम होने से प्रदेश में बारिश में धीरे-धीरे कमी दर्ज हुई है। पिछले 24 घंटे में केवल कोलारस में 120.8, और बरेली 102.6, ब्योहरी में 84, बड़ौदा में 78 मिमी ही बारिश हुई।

## फिर 'डूब' गई मुंबई...बीएमसी निरुत्तर

**50 उड़ानें रद्द, ट्रेन सेवाएं प्रभावित, स्कूल बंद हुए**



मुंबई में रेलवे लाईन पर पानी भरा।

*मुंबई। हर बार बारिश आती है और मुंबई डूब जाती है। इतने बड़े लोग वहां रहते हैं पर कोई वहां के सीवेज प्लान को फिर से नहीं बनवा सका। मुंबई महानगर पालिका बारिश के सामने फिर से निरुत्तर है। पिछले 24 घंटों में मुंबई और उसके आस-पास के इलाकों में भारी बारिश हो रही है। शहर के कुछ इलाकों में सोमवार को रात 1 बजे से सुबह 7 बजे तक छह घंटों के भीतर 300 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।*

### वन विभाग की 7 हजार एकड़ जमीन कब्जा कर वहां फसल उगा दी

### बड़े कब्जेदारों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

# विभाग ने 400 जवानों के फोर्स के साथ फसल पर जेसीबी चलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



वन विभाग ने जंगल की जमीन पर अवैध कब्जे को हटाने की बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने जंगल की 7 हजार एकड़ जमीन पर उगाई गई सोयाबीन और मक्का की फसल को हटाने की कार्रवाई की गई। ये फसल जंगल पर कब्जा करने वाले माफिया ने उगाई थी। सोमवार सुबह करीब 8 बजे से वन विभाग की टीम नाहरमाल सेक्टर के जंगल पहुंची और वहां अवैध रूप से उगाई गई फसलों पर जेसीबी चलवाई। मौके पर राजस्व और पुलिस अफसरों के साथ 400 जवानों का फोर्स भी तैनात रहा। जमीन को पूरी तरह कब्जा मुक्त करने में दो से तीन दिन लग सकते हैं। एसडीओ संदीप वास्कले ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले लोग बाहरी हैं। ये लोग खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, अलीराजपुर क्षेत्र से आकर यहां बसे हैं। यहां आकर एक-दो एकड़ जमीन खरीदते हैं।

### इसरो की प्लानिंग है कि भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन 2035 से ऑपरेशनल हो जाए

इसकी ऊंचाई में इतना गैप इसलिए रखा गया है ताकि स्पेस में आने वाले पत्थरों कचरों और उल्कापिंडों से टकराने की नौबत में इसे ऊपर-नीचे किया जा सके

# भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का नया डिजाइन आया सामने, 52 टन के 5 मॉड्यूल में... रहेंगे 6 लोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अलग खबर**

भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का लेटेस्ट डिजाइन सामने आ गया है। इसमें 5 मेटालिक मॉड्यूल्स होंगे। इसका वजन दोगुने से ज्यादा कर दिया गया है। यह अब करीब 52 टन का होगा। यह 27 मीटर लंबा यानी 88.58 फीट और 20 मीटर चौड़ा यानी 65.61 फीट का होगा। जिसमें अधिकतम 6 एस्ट्रोनॉट्स रह सकते हैं।

*इसरो इस समय अमेरिका की प्रमुख स्पेस कंपनियां जैसे- बोइंग, ब्लू ओरिजिन और वॉयजर से भी बातचीत कर रही है। ताकि खास तरह की जरूरतों को इनकी मदद से पूरा किया जा सके। साथ ही भारतीय प्राइवेट स्पेस कंपनियों या एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर सकें।*

**400-450 किमी की ऊंचाई पर लगाएगा चक्कर**



स्टेशन पर प्रोपेलेंट रीफ्यूलिंग और सर्विसिंग की व्यवस्था होगी। नए तरह के एवियोनिक्स और कम्यूनिकेशन सिस्टम लगाए जाएंगे। साथ ही इनर्शियल कंट्रोल सिस्टम होगा। यह स्पेस स्टेशन धरती से ऊपर 400 से 450 किलोमीटर के ऑर्बिट में चक्कर लगाएगा। ऊंचाई में इतना गैप इसलिए रखा गया है ताकि स्पेस में आने वाले पत्थरों, कचरों और उल्कापिंडों से टकराने की नौबत में इसे ऊपर नीचे किया जा सके।

**बिल बोले-2040 तक भारत का होगा स्पेस स्टेशन**

पिछले साल ही अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा प्रमुख बिल नेल्सन भारत दौरे पर आए थे। बिल नेल्सन ने उस समय कहा था कि भारत के पास 2040 तक अपना स्पेस स्टेशन होगा। लेकिन संभावना है कि यह काम इससे काफी पहले पूरा हो जाए। यह एक कॉमर्शियल स्पेस स्टेशन होगा। अगर भारत चाहेगा तो अमेरिका और नासा उनकी मदद के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## देश के कई राज्यों में भारी बारिश का कहर, आम जनजीवन प्रभावित

# महाराष्ट्र में रेलवे ट्रैक पर चलकर विधानसभा पहुंचे मंत्री, असम में 22 लाख लोग बाढ़ की चपेट में, ऋषिकेश में 600 श्रद्धालु फंसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के कई राज्यों में लगातार बारिश ने कहर बरपाया है। आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। उत्तराखंड में पिछले 4 दिनों से जारी तेज बारिश के चलते केदारनाथ, बद्रीनाथ हाईवे समेत 115 से ज्यादा सड़कें बंद हो गईं। कई रास्ते लैंडस्लाइड की वजह से तो कुछ बह जाने के कारण बंद हो गए। इसके बाद चार धाम यात्रा रोक दी गई। इससे जगह-जगह 6 हजार श्रद्धालु फंसे हैं। गंगा, समेत 6 नदियां खतरे के निशान के करीब बह रही हैं।

महाराष्ट्र में आम जनता के साथ-साथ मंत्री और एमएलसी भी इससे अछूते नहीं है। बारिश के बाद आवागमन बाधित होने के बाद मंत्री और एमएलसी रेलवे ट्रैक पर पैदल चलकर विधानसभा पहुंचे हैं। वहीं ठाणे में पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ है, हालांकि गनीमत की बात ये रही की इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दरअसल, महाराष्ट्र के राहत-पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री अनिल पाटिल और एनसीपी एमएलसी अमोल मितकारी के हावड़ा-मुंबई ट्रेन से उतरकर कुछ दूर तक रेल की पटरियों पर चले। वहीं इस मामले में एनसीपी नेता मितकारी ने कहा, ट्रेन करीब दो घंटे तक फंसी रही। हम दादर और कुर्ला स्टेशनों के बीच पटरियों पर उतरे थे। मैं रेलवे पटरियों समेत करीब 2 से 2.5 किलोमीटर पैदल चला और नेहरू नगर पुलिस स्टेशन पहुंचा। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुछ विधायक भी उसी ट्रेन में फंसे हुए थे।

उत्तराखंड में गंगा समेत 6 नदियां खतरे के निशान पर

तेलंगाना, मप्र, छत्तीसगढ़, बिहार में हवाओं की गति 30-40 किमी प्रति घंटे रहेगी

उप हिमालयी जिलों में 12 जुलाई तक तेज बारिश होगी



### आज भी चलेंगी तेज रफ्तार से हवाएं, होगी भारी बारिश

आज 9 जुलाई को तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तटीय आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर आंधी, बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, उत्तर प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में भारी बारिश हो सकती है। उत्तराखंड के चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश में तेज बारिश का दौर थमेगा। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार के उप-हिमालयी जिलों में 12 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है।

### असमः 22 लाख लोग बाढ़ में फंसे, 8 लोगों की मौत



असम में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। बाढ़ में आठ और लोगों की जान चली गई। इससे इस साल की बाढ़, लैंडस्लाइड और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। काजीरंगा नेशनल पार्क में 128 जानवर जान गंवा चुके हैं। 28 जिलों के 3,446 गांवों में 22.74 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।



उप्र के पीलीभीत में रेल की पटरी के नीचे की मिट्टी सरकने से पटरी हवा में लटक गई।

### सिक्किम में भू-स्खलन



सिक्किमः एनएच-10 सिक्किम-सिलीगुड़ी रोड पर बारिश के चलते लैंडस्लाइड के बाद क्रेन से मलबा हटाया गया।

### चंपारण में बह गई निर्माणाधीन पुलिया



बिहार में पटना सहित राज्य के कई भागों में तेजी बारिश हुई है। के पूर्वी चंपारण के दक्षिणी भवानीपुर पंचायत के मलाही टोला में एक निर्माणाधीन पुलिया बह गई। गंडक नदी के तेज बहाव को यह पुलिया झेल नहीं पाई।


### हरिद्वार में प्रशासन अलर्ट पर, कई जगहों पर बिजली ठप

उत्तराखंड में चार दिन से जारी बारिश के चलते गंगा, अलकनंदा, भागीरथी, सारदा, मंदाकिनी और कोसी नदी खतरे के निशान पर बह रही हैं। ऋषिकेश में गंगा नदी का स्तर 339.15 मीटर है, जो खतरे के निशान के बेहद करीब है। इसलिए हरिद्वार प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है। उधर, लगातार बारिश के चलते बद्रीनाथ, गोविंदघाट से लेकर जोशीमठ तक बिजली ठप हो गई है। ऋषिकेश एआरटीओ मोहित कोठारी के मुताबिक पहाड़ों पर मौसम बहुत खराब है, इसलिए हरिद्वार और ऋषिकेश में 600 श्रद्धालु फंस गए हैं, क्योंकि राज्य सरकार ने हरिद्वार से आगे जाने पर रोक लगा दी है। गंगोत्री और यमुनोत्री जा रहे 480 यात्रियों को भद्रकोली चेकपोस्ट पर रोका है। मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से अब तक उत्तराखंड में 276.8 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य कोटा 259 मिमी है। पूरे मानसून के सीजन में उत्तराखंड में 1162.2 मिमी औसत बारिश को सामान्य मानसून माना जाता है।



उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में तवाघाट में कैलाश यात्रा के यात्रियों को बचाया गया।

### हिमाचल प्रदेशः 76 सड़कें बंद, सामान्य से 66% ज्यादा बारिश



हिमाचल प्रदेश में भी भारी बारिश और लैंडस्लाइड के कारण 76 सड़कें बंद हो गई हैं। 69 जल आपूर्ति और 34 बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई हैं। राज्य में 1 जुलाई से 7 जुलाई के बीच 72.1 मिमी बारिश हुई है। यह इस अवधि की सामान्य बारिश से 66% ज्यादा है।

### देहरादून में मूसलाधार बारिशः 'समंदर' बनीं सड़कें, घुटनों तक भरा पानी, डूबते दिखे वाहन



देहरादून में पिछले कई दिनों से रोजाना रुक-रुक कर बरसात का दौर जारी है। सोमवार को भी दोपहर बाद तेज बरसात शुरू हो गई। बरसात इतनी तेज थी कि सड़कें पानी से लबालब हो गईं। रिस्पना पुल के समीप मुख्य सड़क पर भारी मात्रा में पानी भर गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा अजबपुर फ्लाईओवर पर बने अंडरपास में पानी भर गया।


### पश्चिम बंगालः कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात जलपाईगुड़ी में 166 मिली बारिश



पश्चिम बंगाल के हिमालय की तराई वाले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। जलपाईगुड़ी में शनिवार सुबह 8:30 बजे से रविवार सुबह 8:30 बजे के बीच 166 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बागडोगरा में 103 मिमी बारिश हुई।

## खबर संक्षेप

### गैंगस्टर की ईसी ने रद्द की पेरोल



**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर पश्चिम विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के हक में प्रचार कर रहे गैंगस्टर दलजीत सिंह भाना की पेरोल चुनाव आयोग ने रद्द कर दी है। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक पेरोल रद्द करने का निर्देश दिया गया है। भाना पर हत्या के कई केस दर्ज हैं। वह पेरोल पर बाहर आया हुआ था

### पर्याप्त सबूत मिलने पर दाखिल होगी चार्जशीट



**बेंगलुरु।** रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि पर्याप्त सबूत होने के बाद ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इस हत्याकांड के आरोपी दर्शन थुगुदीपा, उनकी करीबी दोस्त पवित्रा और 15 अन्य लोग 18 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जांच जारी है, सबूत जुटाए जा रहे हैं।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने तिहाड़ प्रशासन से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। उन्होंने न्यायिक हिरासत अवधि के दौरान वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकें करने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी। फिलहाल, इस मामले पर 15 जुलाई को सुनवाई होगी।

### शिवसेना नेता 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में शिवसेना नेता राजेश शाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। इस बीच मुंबई पुलिस ने वर्ली इलाके में बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से एक महिला की मौत के मामले में सत्तारूढ़ शिवसेना के नेता के 24 वर्षीय बेटे को पकड़ने के लिए छह टीम गठित की है।

## ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा झटका

# जारी रहेगी संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच, एक को बचाने में क्यों जुटी सरकार?

ईडी अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के यहां छापा मारने गए थे, जहां उन पर हमला किया गया था। हाई कोर्ट में ईडी ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की थी जिसके बाद शाहजहां शेख को सीबीआई को सौंपा गया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि किसी को बचाने में राज्य की रूचि क्यों होनी चाहिए? बेंच ने कहा कि पिछली सुनवाई में जब शीर्ष अदालत ने यह विशेष प्रश्न पूछा था तो राज्य सरकार के वकील ने कहा था कि मामले को स्थगित किया जाए।

जजों ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि धन्यवाद। याचिका खारिज की जाती है। 5 मार्च को कलकत्ता हाई कोर्ट ने ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला।

### मासिक धर्म अवकाश पर आदर्श नीति तैयार करें

मासिक धर्म अवकाश को लेकर लंबे समय से बहस छिड़ी हुई है। अब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र को निर्देश दिया कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ सलाह करके मासिक धर्म अवकाश पर एक आदर्श नीति तैयार करे। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा नीति से जुड़ा है।

### जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने दिया निर्णय

ममता सरकार के रवैए पर हाई कोर्ट ने उठाए कई सवाल

5 मार्च को कलकत्ता हाई कोर्ट ने मामला सीबीआई को सौंपने का दिया था आदेश



### *प्रॉपर्टी के खरीदार हो रहे धोखाधड़ी के शिकार एक नियम बनाएं*

*देश भर में बिल्डर और प्रॉपर्टी खरीददारों के बीच डील को लेकर एक जैसा नियम बनना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह बात कही। अदालत ने कहा कि पूरे देश में ही प्रॉपर्टी के खरीददार धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि बायर्स पर बिल्डर क्या-क्या चीजें थोप सकते हैं। इसे लेकर एक देशव्यापी नियम होना ही चाहिए। अन्यथा पूरे देश में खरीददारों के साथ बिल्डर धोखा करते रहेंगे। एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की ओर से 2020 में दाखिल पीआईएल पर सुनवाई करते हुए बेंच ने ये बातें कहीं। बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। अदालत ने इससे पहले जनवरी 2022 में कहा था कि एक 'नेशनल मॉडल बिल्डर-बायर अग्रीमेंट' होना चाहिए।*

### पूर्व सीजेआई सुलझाएंगे कुलपतियों की नियुक्ति का मसला



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के पूर्व चीफ जस्टिस रह चुके यूयू ललित को पश्चिम बंगाल में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। उनके अलावा समिति में पांच सदस्य होंगे, जो हर विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति के लिए अल्फाबेटिकल ऑर्डर में तीन नामों का पैनल तैयार करेंगे। यह प्रक्रिया पूरी करने के लिए तीन महीने का समय निर्धारित किया गया है। समिति की सिफारिशें, अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित, सीएम को प्रस्तुत की जाएंगी। दरअसल, बंगाल की टीएमसी सरकार का राज्य के गवर्नर सीवी आनंद बोस के साथ राज्य के विश्वविद्यालयों के संचालन के तरीके को लेकर मतभेद चल रहा है।

## सोरेन का शक्ति प्रदर्शन

# सदन में जीता विश्वास मत विपक्ष ने किया वॉकआउट



एजेंसी ▶▶

झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नीत सरकार ने सोमवार को विधानसभा से विपक्ष के बहिर्गमन के बीच विश्वास मत जीत लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। निर्दलीय सदस्य सरयू राय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। विपक्ष में 0 (शून्य) वोट पड़े, क्योंकि नारेबाजी करते हुए सभी सदस्य सदन से बाहर चले गए।

सरकार के विश्वास मत हासिल करने के बाद स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले विश्वास प्रस्ताव पर बहस में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने भाग लिया। फिर हेमंत सोरेन ने उसका जवाब दिया। तब मत विभाजन कराया गया। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को बहस की शुरुआत करने के लिए कहा। अमर बाउरी ने सरकार पर तमाम गंभीर आरोप लगाए।

### बहुमत के लिए चाहिए थे 39

वर्तमान में झारखंड विधानसभा में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में जेएमएम के 27, कांग्रेस के 17, राजद और माले का एक-एक सदस्य शामिल है। जेएमएम की सीता सोरेन ने इस्तीफा दे कर भाजपा का दामन थाम लिया है, वही जेएमएम के दो विधायक नलिन सोरेन और जोबा मांझी सांसद बन गई है। जब को चमरा लिंडा और लोबिन हेमब्रेम पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़े थे और पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। दूसरी ओर एनडीए गठबंधन में भाजपा के 24, आजसू के 3 विधायक हैं। इसके अलावा एनसीपी का एक दो निर्दलीय विधायक हैं। भाजपा के दो विधायक मनीष जायसवाल और ढूल्लू महतो सांसद बन गए हैं, जबकि तीसरे विधायक जेपी भाई पटेल ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष लेकर कुल 77 सदस्य हैं ऐसे में बहुमत के लिए 39 विधायक चाहिए थे।

### पूर्व सीएम चंपई सोरेन बने मंत्री

हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल का भी विस्तार हो गया है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झामुमो नीत गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और अन्य सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व सीएम चंपई सोरेन को भी मंत्री बनाया गया है। हालांकि हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। इस मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से बसंत सोरेन, दीपक बीरुआ, हफीजुल हसन अंसारी, बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर, बैद्यनाथ राम को जगह दी गई है।

## केंद्रीय बजट 24-25 से पहले एसबीआई रिसर्च ने दिया सुझाव

# सरकार 4.9% के राजकोषीय घाटे का रखे लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई 2024 को नई सरकार का पहला बजट पेश करेंगी। इस बीच बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत वित्त मंत्री ने उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श भी किया।

इसी क्रम में 23 जुलाई को पेश किए जाने वाले बहुप्रतीक्षित पूर्ण बजट 2024-25 से पहले एसबीआई रिसर्च ने मोदी 3.0 के तहत पहला बजट को लेकर सुझाव दिया। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को राजकोषीय विवेक पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और राजकोषीय समेकन पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। सरकार के कुल राजस्व और कुल व्यय के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहा जाता है। यह सरकार द्वारा आवश्यक कुल उधारी का संकेत है।

सरकार का इरादा राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का



फाइल फोटो

### सरकार की बाजार उधारी कम होगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि जैसे-जैसे बजटीय राजकोषीय घाटा कम होता जाएगा, सरकार की सकल बाजार उधारी भी अंतरिम बजट में 14.1 लाख करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 25 में घटकर लगभग 13.5 लाख करोड़ रुपए रह जाएगी और शुद्ध बाजार उधारी 11.8 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 11.1 लाख करोड़ रुपए हो जाएगी।

### *राजकोषीय रूख पर अधिक ध्यान न दें*

*एसबीआई रिसर्च ने सुझाव दिया कि सरकार को 4.9 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखना चाहिए, लेकिन उसे राजकोषीय रुख पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देना चाहिए। सरकार का इरादा वित्तीय वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का है। इस साल की शुरुआत में अंतरिम बजट में सरकार ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा है। एसबीआई रिसर्च का मानना है कि सरकार 2024-25 के लिए 5 प्रतिशत से कम राजकोषीय घाटे का बजट बना सकती है – शायद 4.9 प्रतिशत।*

## चुनाव जीतने की खुशी में

# भाजपा सांसद ने बांटीं शराब की बोतलें, लंबी लाइन लगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर से भाजपा के सांसद के सुधाकर ने अपनी लोकसभा जीत के जश्न में एक पार्टी का आयोजन किया।

लेकिन यह पार्टी सुर्खियों में आ गई है। इसकी वजह यह है कि इस पार्टी में खुलेआम शराब परोसी और बांटी गई। ट्रकों में भरकर लाई गई शराब की बोतलों को लेने के लिए लोगों ने लंबी लाइन लगा दी। सबसे दिलचस्प है कि यह सबकुछ पुलिस की मौजूदगी में और उसके सुरक्षा घेरे में हुआ। एएनआई द्वारा जारी एक वीडियो में लोग लाइन में खड़े



होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिख रहे हैं। शराब की बोतल क्रमबद्ध तरीके से बांटी जा रही है जिसे लेने के लिए कई बुजुर्ग भी लाइन में लगे। यही नहीं, के सुधाकर ने पुलिस को चिट्ठी लिखकर सुरक्षा की मांग की थी और स्पष्ट रूप से यह भी बताया था कि पार्टी में शराब बांटी जाएगी।

इन मिसाइलों से अमेरिका भी खौफ खाता है

# मिग, सुखोई, टी-90... भारत-रूस की दोस्ती के प्रतीक हैं ये हथियार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रूस की दो दिवसीय यात्रा पर मॉस्को पहुंचे हैं। वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर मॉस्को में 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। भारत और रूस की दोस्ती की दुनिया में मिसाल दी जाती है। ऐसे में जानें रूस ने कौन-कौन से हथियार दिए हैं, जिसने भारतीय सेना को शक्तिशाली बनाया है।

### एस-400 मिसाइल सिस्टम



भारत ने अक्टूबर 2018 में रूस के साथ एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम की पांच इकाइयां खरीदने के लिए 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर किए थे। इनमें से तीन यूनिट की डिलीवरी हो चुकी है।

### एके-203 राइफल



रूस ने भारत को एके -203 राइफल भी प्रदान की है। इसका भारत में लाइसेंस के तहत उत्पादन भी किया जा रहा है।

### ब्रह्मोस मिसाइल




ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को भारत और रूस ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह दुनिया की एकमात्र मिसाइल है, जिसे जल-थल-नभ से फायर किया जा सकता है। इस मिसाइल से अमेरिका भी खौफ खाता है।

### लड़ाकू विमान



भारतीय वायु सेना में शामिल पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा लड़ाकू विमान है, जिसका इस्तेमाल 60 से अधिक देशों ने किया है। यह विमान अब भारतीय वायु सेना से धीरे-धीरे रिटायर हो रहा है।

### आईएनएस विक्रमादित्य



भारत ने आईएनएस विक्रमादित्य को 2.3 अरब डॉलर में रूस से खरीदा है। आईएनएस विक्रमादित्य कीव क्लास के विमानवाहक पोत का अपग्रेडेड वर्जन है। इससे पहले इस युद्धपोत का नाम 1987 में बाकू और 1991 में एडमिरल गोर्शकोव था।

### परमाणु पनडुब्बी



रूस ने भारत को कम से कम तीन अकुला क्लास परमाणु पनडुब्बी लीज पर दी है। हालांकि लीज पूरी होने के बाद ये सभी रूस वापस लौट चुकी हैं।

### बीएमपी-2 इंफेंट्री फाइटिंग व्हीकल

बीएमपी-2 भारतीय थल सेना का आर्मर्ड व्हीकल है। इसका इस्तेमाल युद्ध क्षेत्र में सैनिकों को तेजी से पहुंचाने और मेडिकल इवैक्यूवेशन के लिए किया जा सकता है। इसके अंदर बैठे सैनिक दुश्मन की हैवी फायरिंग से सुरक्षित रहते हैं। इसमें 30 एमएम की मशीनगन भी लगी होती है, जो दुश्मनों पर हमले के काम आती है।

### सुखोई एसयू-30एमकेआई

भारत ने रूस से सुखोई एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमान की भी खरीद की है। यह भारतीय वायुसेना का मुख्य युद्धक विमान है। भारत में हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड लाइसेंस प्रोडक्शन के तहत इसका उत्पादन करती है।

### टी-90 युद्धक टैंक

टी-90 तीसरी पीढ़ी का रूसी मुख्य युद्धक टैंक है जिसे टी-72 को बदलने के लिए विकसित किया गया था। भारत ने रूस से 1200 से अधिक टी-90 टैंक को लाइसेंस के तहत अपने देश में निर्मित किया है।

### रूस ने नेहरू को गिफ्ट की थी गाय

तस्वीर- 27 मार्च 1960: प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू दूसरी बार सोवियत संघ गए। इस दौरान सोवियत सरकार ने उन्हें गाय गिफ्ट की। जब सोवियत राजदूत इवान बेनेडिक्टोव और उनकी पत्नी ने गाय की रस्सी नेहरू को थमाई तो वो तुरंत उसे चारा खिलाने लगे।





तस्वीर- 7 जून 1955 पंडित जवाहर लाल नेहरू बतौर पीएम पहली बार 1955 में सोवियत संघ के दौरे पर गए थे।



1971 की तस्वीर में इंदिरा गांधी रूस के कद्दावर नेता और विदेश मंत्री आंद्रेई ग्रॉमिको से हाथ मिला रही हैं।

## खबर संक्षेप

### हमलावर ने बरसाईं गोलियां, 2 की मौत




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। डेट्रोइट में एक ब्लॉक पार्टी में हमलावर ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, 19 अन्य लोग घायल हो गए। सोमवार को घटना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवित बचे पीड़ितों को विभिन्न चोटें आई हैं। चोटों की प्रकृति, जिसमें गोली लगने के घावों की संख्या और अन्य प्रकार की चोटें शामिल हैं।

### देर से राष्ट्रपति चुनाव कराने की याचिका खारिज



**कोलंबो।** श्रीलंका में रविवार को राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के अध्यक्ष आर एम ए एल रत्नायके ने बताया कि देश में 17 जुलाई के बाद कभी भी चुनाव की घोषणा की जा सकती है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रपति चुनाव देर से कराने की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई है जिसे पांच सदस्यों की पीठ ने अटॉर्नी जनरल की दलीलों के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति दिए याचिका खारिज कर दी है।

बाइडेन की दावेदारी पर उठ रहे सवाल

## जो पर लटकी तलवार, कमला बन सकती हैं राष्ट्रपति पद की दावेदार



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आ रहे हैं और डेमोक्रेट पार्टी एक अलग समस्या से जूझ रही है। दरअसल जो बाइडन की राष्ट्रपति पद की दावेदारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं और जानकारी के अनुसार, डेमोक्रेट पार्टी अब उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तरफ देख रही है। डेमोक्रेट पार्टी के कई नेता, दानदाता और पार्टी कार्यकर्ता मानते हैं कि जो बाइडन, ट्रंप के सामने कमजोर रह सकते हैं, यही वजह है कि अब जो बाइडन की जगह कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाने पर विचार किया जा रहा है।

### बहस में पिछड़ने के बाद बाइडेन की बढ़ती उम्र

*बीते दिनों अटलांटा में हुई राष्ट्रपति पद की पहली बहस में जो बाइडन, डोनाल्ड ट्रंप के सामने कमजोर साबित हुए थे। बहस के दौरान कई बार बाइडन की जुबान लड़खड़ाई और जिस तरह से उन्होंने जवाब दिए, उसके बाद से उनकी बढ़ती उम्र की चर्चा फिर से तेज हो गई थी। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डेमोक्रेट पार्टी के भीतर एक वर्ग कमला हैरिस को जो बाइडन के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। कमला हैरिस और उनकी प्रचार टीम अभी सार्वजनिक रूप से बाइडन का ही समर्थन कर रही है, लेकिन हाल के दिनों में उनके प्रचार अभियान में जो सूक्ष्म बदलाव आए हैं।*

### चुनाव अभियान ने अटकलों को किया खारिज

कमला हैरिस अपने बयानों में डोनाल्ड ट्रंप पर ज्यादा आक्रामक होकर हमला कर रही हैं। पार्टी के भीतर जो बाइडन को मनाने की कोशिशें चल रही हैं कि वह कमला हैरिस का समर्थन करें। डेमोक्रेट पार्टी में एक वर्ग ऐसा भी है जो कमला हैरिस के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को लेकर आशंकित है। इन चर्चाओं के बीच बाइडन के चुनाव अभियान के प्रवक्ता केविन मुनोज ने सभी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया।

आतंकियों के हमले का सुरक्षा बलों ने दिया मुंहतोड़ जवाब

# कठुआ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, चार जवान शहीद, छह घायल

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को आतंकियों ने सेना के वाहन पर हमला किया। इसमें चार जवान शहीद हो गए हैं, जबकि छह जवान घायल हुए हैं। घटना लोहि मल्हार ब्लॉक के मचहेड़ी क्षेत्र के बडनोटा गांव की है। मचहेड़ी में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। घायल जवानों का इलाज जारी है। आतंकियों ने सेना पर यह हमला तब किया जब पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मचहेड़ी क्षेत्र में तलाशी ले रही थी। यह क्षेत्र भारतीय सेना के 9 कोर के अंतर्गत आता है। सर्च के दौरान आतंकियों ने उन पर गोलीबारी की। इलाके में और अधिक सुरक्षा बल भेजा गया है। यह दो महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। वहीं दो दिन में यह सेना पर दूसरा हमला है।

*जिला कठुआ के मचहेड़ी क्षेत्र में आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने सेना के वाहन को निशाना बनाया है।*



### 24 घंटे पहले ही सेना ने 6 आतंकियों को किया था ढेर

इससे पहले, सेना ने 24 घंटे पहले ही जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में छह आतंकवादियों मार गिराया था। शनिवार को शुरू हुई मुठभेड़ों में एक पैरा-ट्रूपर समेत दो जवान भी शहीद हो गए, जबकि एक अन्य जवान घायल हो गया. पहली मुठभेड़ मोदरगाम गांव में हुई थी जब सीआरपीएफ, सेना और स्थानीय पुलिस के सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया।

### दहशतगर्दों के कब्जे से हथियार बरामद

हाल के दिनों में कश्मीर में लगातार मुंह की खाने के बाद आतंकियों ने जम्मू संभाग के जिलों में हमलों के अंजाम देने की कोशिशें की हैं। बीते दिनों जिला कठुआ के हीरानगर के गांव सैडा सोहल में आतंकियों ने एक घर को निशाना बनाया था।

### रियासी में बस को निशाना बनाया था

रियासी में एक महीना पहले नौ जून को आतंकियों ने एक बस को निशाना बनाया था। इसमें 9 लोगों की मौत हुई थी और करीब पचास लोग घायल हुए थे। यहां आतंकी हमले को अंजाम देकर भाग निकले थे। बस में यूपी, दिल्ली और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे।

### सुरक्षा एजेंसियों को मिले अहम सुराग, तीन आतंकी हमलों में लश्कर आतंकी साजिद का हाथ!

*केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ महीनों में आतंकी गतिविधियों में इजाफा हुआ है. आतंकी हमलों की जांच में जुटी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में बीते महीने हुई 3 बड़ी आतंकी घटनाओं में हमले को लेकर कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि इन सभी आतंकी वारदातों के पीछे लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित आतंकी साजिद सफीउल्लाह जट्ट का हाथ हो सकता है। साजिद जट्ट फिलहाल पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित अपने बेस कैंप में रह रहा है। वह पाक अधिकृत कश्मीर पीओके में भी लंबे समय से सक्रिय रहा है। उसके साथ भारतीय मूल की पत्नी भी इस्लामाबाद में रह रही है। माना जाता है कि साजिद का हाथ पिछले महीने रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकी हमला करने के मामले में भी रहा जिसमें 9 लोग मारे गए और 41 लोग घायल हो गए।*

### भारत में घुसपैठ कराता है साजिद

*बताया जाता है कि साजिद जट्ट अभी लश्कर-ए-तैयबा के लिए भर्ती कराने का काम संभाल रहा है। साथ ही ट्रेंड आतंकियों को सीमा पार से भारत में घुसपैठ कराने के लश्कर के टॉस्क को पूरा करने में लगा हुआ है। साजिद जट्ट के बारे में कहा जाता है कि वह लश्कर का ऑपरेशनल कमांडर भी है।*



अमेरिकी सरकार ने अदालत को बताया

## 737 मैक्स हादसे से जुड़े आपराधिक केस में बोइंग कंपनी को दोषी ठहराया




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बोइंग को 737 मैक्स जेटलाइनर्स के हादसे से उपजे आपराधिक धोखाधड़ी के आरोप में दोषी ठहराया जा सकता है। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार कंपनी ने एक समझौते का उल्लंघन किया है जिसके तहत तीन साल से अधिक समय तक कंपनी को अभियोजन से बचाया गया था। सरकार ने रविवार देर रात अदालत में यह बात कही। संघीय अभियोजकों ने बोइंग को इस सप्ताह दोषी ठहराने और सजा के हिस्से के रूप में जुर्माना भरने या अमेरिका को धोखा देने की साजिश के आपराधिक आरोप पर मुकदमे का सामना करने का विकल्प दिया। टेक्सास में संघीय अदालत में दायर एक न्याय विभाग (डीओजे) दस्तावेज के अनुसार, याचिका सौदा, जिसे अब भी प्रभावी होने के लिए एक संघीय न्यायाधीश की मंजूरी प्राप्त करनी होगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने उदयगिरि की गुफाएं देखीं



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भुवनेश्वर में उदयगिरि गुफाओं की यात्रा के दौरान।

मिल गया खतरनाक बीमारी का टीका

## एचआईवी: साल में सिर्फ दो इंजेक्शन और इससे होगी 100 प्रतिशत सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टडी में पता चला है, कि एक साल में दो बार दी जाने वाली एक नई प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस दवा, युवा महिलाओं को एचआईवी संक्रमण से पूरी तरह से बचाती है। यानि, साल में दो बार इंजेक्शन लेने के बाद युवा लड़कियों को एचआईवी से सौ फीसदी सुरक्षा मिलेगी।

### स्टडी में एचआईवी पर बड़ी सफलता

*शोध में एचआईवी संक्रमण को रोकने में तीन अलग-अलग तरीकों का प्रयोग किया गया। दो दवा खाने वाली गोली थी, जिसे हर दिन मरीजों को दी गई और दूसरी दवा लेनाकैपाविर का इंजेक्शन था, जिसे हर 6 महीने में दो बार मरीजों को दी गई। ये सभी तीन दवाएं प्री-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस, या ढ9एढ दवाएं हैं। इस स्टडी के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर लिंडा-गेल बेकर, जो एक वैज्ञानिक डॉक्टर हैं।*



### ऐसे किया गया परीक्षण

लेनाकैपाविर और दो अन्य दवाओं की प्रभावशीलता का परीक्षण युगांडा में तीन स्थानों और दक्षिण अफ्रीका में 25 स्थानों पर किया गया, जिसमें 5,000 लोग शामिल हुए। फ्यूजन कैपसाइड का एक अवरोधक लेनाकैपाविर है, जिसे अक्सर लेन एलए के रूप में जाना जाता है।

संसदीय चुनाव में नतीजों के बाद हिंसा भड़की, पीएम ग्रैब्रियल ने पद से इस्तीफा सौंपा

# फ्रांस में फिर गठबंधन सरकार के आसार, वामपंथी गठबंधन को सबसे ज्यादा 182 सीटें

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में रविवार को हुए संसदीय चुनाव के नतीजों में राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की रेनेसां पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कुल 577 सीटों में से वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन को 182 सीटें मिलीं। दूसरे नंबर पर रेनेसां पार्टी रही। इसे 163 सीटें मिलीं। वहीं, दक्षिणपंथी नेशनल रैली गठबंधन को 143 सीट हासिल करने में कामयाब रही। नेशनल असेंबली में बहुमत के लिए किसी भी पार्टी को 289 सीटें जीतना जरूरी है। ऐसे में अब किसी भी पार्टी के पास बहुमत नहीं है। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि अब पार्टियां गठबंधन के सहारे



बहुमत पाने कि कोशिश करेगी। हार की जिम्मेदारी लेते हुए रविवार को प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल ने कहा कि वे सोमवार को राष्ट्रपति मैक्रों को इस्तीफा सौंप दिया है। इसके अलावा जब तक कोई नया प्रधानमंत्री नहीं बन जाता तब तक वे प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

### आंसू गैस के गोले दागे

संसदीय चुनाव में शुरुआती नतीजों के बाद हिंसा भड़क गई। दक्षिणपंथी नेशनल रैली में लोग सड़क पर आ गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पुलिस ने सेंट्रल पेरिस में लोगों पर आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें कई लोग घायल हो गए। दरअसल इससे पहले 30 जून को हुए चुनाव हुआ था।

### न्यू पॉपुलर फ्रंट तीसरे नंबर पर रहा

फ्रांस में अति दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली को रोकने के लिए दूसरे चरण के चुनाव में मैक्रों की रेनेसां पार्टी और उसमें शामिल गठबंधन दलों (इनसेंबल) और वामपंथी पार्टी न्यू पॉपुलर फ्रंट ने गठबंधन कर लिया था। इसके तहत दोनों समूहों ने 217 उम्मीदवारों को मैदान से हटा दिया था। फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में किसी उम्मीदवार को 12.5% वोट मिला हो तो वह दूसरे चरण में लड़ सकता है। ऐसे में इस गठबंधन ने एक स्ट्रैटजी के तहत तीसरे नंबर पर रहे उम्मीदवार को हटा दिया। आसान भाषा में कहें तो मैक्रां गठबंधन या फिर न्यू पॉपुलर फ्रंट जो भी तीसरे नंबर पर रहा उसे हटा दिया गया।

### हार के बाद भी पद पर बने रहेंगे मैक्रों

नेशनल असेंबली के चुनाव में मैक्रों की रेनेसां पार्टी हार चुकी है, लेकिन मैक्रों पद पर बने रहेंगे। मैक्रों ने पहले ही कह दिया है कि चाहे कोई भी जीत जाए वे राष्ट्रपति पद से इस्तीफा नहीं देंगे। दरअसल, यूरोपीय संघ के चुनाव में हार के बाद अगर मैक्रों की पार्टी संसद में भी हार जाती है तो उन पर राष्ट्रपति पद छोड़ने का दबाव बन सकता है।

इंडोनेशिया में बारिश से आई आपदा

## सोने की खदान में भूस्खलन से 12 की मौत, 18 लापता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर कई दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से बड़ा हादसा सामने आया है। यहां सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश की वजह से एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन हो गया।

भूस्खलन की वजह से 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 18 लोगों का फिलहाल कुछ पता नहीं लगा। मिली जानकारी के अनुसार गोरोनटालो प्रांत के सुमावा जिले में रविवार सुबह हुए भूस्खलन में



खनिकों और अवैध खदान के पास रहने वाले निवासियों की मौत हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे में मिट्टी के नीचे दबे पांच लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि, बचाव दल सोमवार को 18 लापता लोगों की तलाश में जुट गया है।



# बॉबी सालों तक बेरोजगार रहा शराब की भी लग गई थी लत

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने कुछ हिट फ़िल्में भी दी लेकिन फिर वो मुकाम भी आया जब इनका करियर ढलान पर चला गया। फिल्मों के ऑफर कम होते चले गए और इसने खुद को शराब की लत में डूबो लिया। वे कई सालों तक बेरोजगार रहा। लेकिन फिर किस्मत का सितारा चमका और एक सच्चा दोस्त सलमान खाने इनके लिए मसीहा बन गया। आज बॉबी सबसे बीजी पैन इंडिया स्टार बन गया है। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि बॉलीवुड के हीमैन यानी धर्मेंद्र के बेटे और सनी देओल के छोटे भाई बॉबी देओल हैं।

## लाइफ Style

# उर्फी नशे की हालत में दिखाई दीं

उर्फी जावेद ने सबका ध्यान अपनी ओर एक बार और तब खींचा जब वह मुंबई में एक पार्टी से बाहर निकलीं लेकिन सीधे चल नहीं पा रही थीं। इस दौरान उन्हें देखकर यही लग रहा था कि उर्फी नशे की हालत में हैं और उन्होंने कुछ हद से ज्यादा ही शराब पी रखी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद ने शनिवार रात को एक पार्टी में शराब पीकर आने की अटकलों को एक बार फिर से हवा दे दी है। यह अफवाह ऑनलाइन साझा किए गए एक वीडियो से फैली, जिसमें उर्फी को चलने में दिक्कत हो रही थी। बिग बॉस ओटीटी की पूर्व प्रतिभागी उर्फी को कुछ दोस्त और उनकी बहन रेस्टोरेंट से साथ बाहर लाए। इस समय उर्फी की हालत देखकर ही पता चल रहा था कि मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर है, क्योंकि इस दौरान उर्फी की चाल बदली नजर आई। इस दौरान उर्फी ने गुलाबी रंग की शॉर्ट मिनी ड्रेस पहनी हुई थी। उर्फी ने अपने बालों को बांधा हुआ था। उर्फी हमेशा की तरह खूबसूरत दिख रही थी। पार्टी के बाद, जब उर्फी को उनकी कार तक बड़ी ही मुश्किलों से पहुंचाया गया। कैमरों से घबराई हुई उर्फी अपनी दोस्त और बहन को पकड़कर कार की ओर जाती दिखीं। अभिनेत्री अपनी कार तक पहुंचने में सफल रहीं और उसमें बैठ गईं, जबकि उनकी दोस्त ने कैमरामैन से पीछे हटने का अनुरोध किया। वीडियो को इंस्टाग्राम पर कई यूजर्स ने साझा किया है। अब उर्फी के इस वीडियो के बाद यूजर्स लगातार सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'वह बहुत नशे में है।'



## हॉलीवुड मसाला



# 'अफ्रेड' 30 अगस्त को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** सोनी की साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'अफ्रेड' में जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन नजर आएंगे। यह फिल्म डिजिटल फैमिली असिस्टेंट के बारे में है जो जानलेवा बन जाता है। जॉन चो और कैथरीन वॉटरस्टोन फिल्म में अहम भूमिका में दिखाई देंगे। डिजिटल फैमिली असिस्टेंट एआईए परिवार के व्यवहार को जानती है और उनकी जरूरतों का अनुमान लगाना शुरू कर देती है। ब्लमहाउस द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अगले साल रिलीज होगी फॉर्मूला वन मूवी 'एफ1'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के फेमस और दमदार एक्टर ब्रैट पिट की फॉर्मूला वन मूवी 'F1' की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वार्नर ब्रदर्स और एप्पल की तरफ से इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसने रोंगटे खड़े कर दिए। 'टॉप गनः मेवरिक' के डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की ने इसका निर्देशन किया है और ये फिल्म अगले साल 2025 में रिलीज होगी। 1 मिनट 45 सेकेंड के वीडियो में रेस ट्रैक और उस पर फर्राटा भरती हुईं रेसिंग कार दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा रही हैं। इस फिल्म को 25 जून 2025 को थिएटर्स में देख सकेंगे। ये यूएस और कनाडा में 27 जून को दस्तक देगी। इसका टीजर देखते ही फैंस कह रहे हैं कि ये पक्का ऑस्कर में जाएगी। 60 साल के ब्रैट पिट को एक एक्स रेसर के किरदार में देखा जाएगा, जो फॉर्मूला 1 में वापस लौटता है।



# मनीषा को फोटोग्राफर ने लगाई थी डांट...

**मुंबई।** मनीषा कोइराला ने एक चौंकाने वाला किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार एक मशहूर फोटोग्राफर ने उनसे टू-पीस बिकिनी में पोज देने के लिए कहा था। हालांकि, वे तैराकी के लिए बिकिनी पहनती हैं, लेकिन उन्होंने फोटोशूट के लिए मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे करियर की शुरुआत में ही मुझे तस्वीरें लेने के लिए कहा गया था और वहां एक बहुत प्रसिद्ध फोटोग्राफर थे। उन्होंने कहा, 'तुम अगली सुपरस्टार हो और यह और वह।' फिर वह मेरे पास एक टू-पीस बिकिनी लेकर आया और मुझे इसे पहनने के लिए कहा। मैंने उससे कहा, 'सर, मैं इसे तब पहनती हूं, जब मैं समुद्र तट पर जाती हूं या तैराकी के लिए जाती हूं, लेकिन अगर मुझे फिल्मों में आने के लिए इस तरह से जाना है तो मैं इसे नहीं चाहती और मैं इसे नहीं पहनूंगी। तो फोटोग्राफर ने उन्हें डांटा।



# डांस से करोड़ों की दौलत कमा चुके हैं...

**नई दिल्ली।** अपने स्लो मोशन डांस के जरिए लोगों का दिल जीतने वाले राघव जुयाल 10 जुलाई को अपना 33वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। राघव जुयाल अब डांसर के साथ-साथ एक एक्टर भी बन चुके हैं। उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं अब वो हालिया रिलीज फिल्म 'किल' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचा रहे हैं। जिसमें उनकी एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। इस रिपोर्ट में हम आपके लिए राघव की लैविश लाइफस्टाइल, इनकम और नेटवर्थ की डिटेल्स लेकर आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राघव एक एपिसोड के लिए 3 लाख से ज्यादा रुपए जार्च करते हैं। इसके अलावा उनके सोशल मीडिया और ब्रांड एंडोर्समेंट से भी तगड़ी कमाई होती है।

## टीवी मसाला




# दूरदर्शन में देखिए दुनिया भर में मशहूर भारत की निधियां


**नई दिल्ली।** 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक शामिल होंगे, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करेंगे। दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके फिल्म निर्माता सतीश पांडे भारतीय दर्शकों के लिए एक नया आकर्षक शो लेकर आए हैं, जो भारत के विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त उत्पादों को दिखाने पर केंद्रित है। इस शो का नाम 'अतुल्य भारत की अमूल्य निधियां' है। इस शो में देश के विभिन्न हिस्सों से कई विशेषज्ञ, किसान और उत्पादक (जीआई प्रमाणित) शामिल हैं, जो इन अनूठे जीआई-सत्यापित उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा कर रहे हैं। 'इंडियन आइडल', 'जी सिनेस्टार्स' और 'खुल जा सिम सिम' जैसे लोकप्रिय शो में अपनी मेजबानी के लिए जाने जाने वाले अनुभवी भारतीय अभिनेता अमन वर्मा इस नए शो के होस्ट हैं। यह शो 6 जुलाई से शुरू हो चुका है। यह शो दर्शकों को भारत की समृद्ध कृषि, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास करेगा। इस शो का प्रसारण दूरदर्शन के प्रमुख चैनल डीडी नेशनल पर हर शनिवार सुबह 11 बजे और इसका पुनः प्रसारण शाम चार बजे हो रहा है।

# अरमान के थप्पड़ कांड के बाद इस गायक का जीना मुश्किल



**नई दिल्ली।** लोकप्रिय गायक और संगीतकार अरमान मलिक अपने कई दिल को छू लेने वाले गानों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, वे अपने जीवन को कम महत्वपूर्ण रखना पसंद करते हैं, लेकिन गायक की हाल ही में की गई प्रतिक्रिया ने सुर्खियां बटोरी हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अरमान ने उन लोगों के लिए एक लंबा स्पष्टीकरण नोट साझा किया है, जो उन्हें बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 के प्रतिभागी अरमान मलिक के साथ जोड़ रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं। मेरा इस व्यक्ति से कोई संबंध नहीं है और मैं किसी भी तरह से उसका या उसकी जीवनशैली का समर्थन नहीं करता हूं। यह स्थिति मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही है और इतने सारे लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है।

# आसान नहीं है पैरेंटिंग



**नई दिल्ली।** हाल ही में एक इंटरव्यू में करण ने कहा, 'यह एक आधुनिक परिवार है। यह एक अलग परिस्थिति है, इसलिए अब मैं भी बच्चों के इस सवाल से जूझ रहा हूं कि वह किसके पेट से पैदा हुए? लेकिन मम्मा सच में मम्मा नहीं हैं, वह दादी हैं। मैं स्कूल जा रहा हूं, काउंसलर के पास, यह पूछने के लिए कि हम इस स्थिति से कैसे निपटें? और यह आसान नहीं है, माता-पिता बनना कभी आसान नहीं होता।' इसके अलावा, करण ने कहा कि वह अपनी असुरक्षाओं को अपने बेटे पर थोप रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया कि जब वह अपने बेटे को चीनी खाते और वजन बढ़ते देखते हैं, तो उन्हें उसके बारे में चिंता होने लगती है। मैं उससे यह नहीं कहना चाहता, क्योंकि यही वह उम्र है, जिसमें मैं उसका जीवन जीना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि वह खुश और प्रसन्न रहे, क्योंकि वह एक खुश बच्चा है। वह अपने बेटे को क्रिकेट या फुटबॉल खेलने और वे सभी चीजें करने के लिए कहते हैं जो उन्होंने नहीं कीं। मुझे ऐसा माता-पिता नहीं बनना चाहिए। मैं चाहता हूं कि मेरा बच्चा अपनी पसंद का व्यक्ति बने, मेरी बेटी और मेरा बेटा दोनों। फिल्म निर्माता ने साझा किया कि उन्होंने अपने बेटे को डांट लगाई थी, लेकिन बाद में उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।

# जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं शबाना आजमी, कैसे हुआ प्यार, खुद एक्ट्रेस ने बताया



*नई दिल्ली । शबाना आजमी और जावेद अख्तर को इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक माना जाता है। दोनों की जोड़ी शुरुआत से ही फैंस की फेवरेट रही है।अब एक्ट्रेस ने अपने नए इंटरव्यू में बताया है कि शुरुआती दिनों में वो जावेद अख्तर को घमंडी समझती थीं और उनसे दूरी बनाए हुए थीं। हालांकि बाद में उन्हें समझ आया कि उनकी सोच गलत है। अरबाज खान के टॉक शो 'द इनविंसिबल सीरीज' में बात करते हुए शबाना ने बताया कि जावेद अख्तर शुरुआती दिनों में उनके पिता से मिलने उनके घर आया करते थे। शबाना के पिता मशहूर उर्दू कवि कैफी आजमी थे। उन्होंने कहा, 'हम दोनों के ही पिता कम्युनिस्ट और गीतकार थे। हमारे बैकग्राउंड मिलते-जुलते थे। उन दिनों उन्होंने (जावेद अख्तर) शायरी सुनाना शुरू किया था और वो मेरे अब्बा को अपना लिखा हुआ सुनाने घर आते थे।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'लेकिन मैंने उनसे दूरी बनाई हुई थी, क्योंकि मैंने सुना था कि सलीम-जावेद की जोड़ी घमंडी है और उनसे दूर रहना ही अच्छा है। तो मैंने उनपर खास ध्यान नहीं दिया था। मेरी फिल्म स्पर्श (1980) देखने के बाद उन्होंने बहुत तारीफ की थी। फिर वो मेरे घर आए और हम सभी, जिन्होंने फिल्म में काम किया था, उन्हें आमंत्रित किया। उन्हें फिल्म का हर डायलॉग याद था और हम सभी की छोटी-छोटी बातें और डिटेल्स याद थीं। तब मुझे समझ आया कि वो अच्छी समझ वाले इंसान हैं। उसके बाद से मैं जब भी उनके साथ बैठती थी मुझे एहसास होता था कि वो और मेरे अब्बा एक जैसे हैं। मुझे महसूस हुआ कि वो मेरे लिए सही इंसान हैं और इसी तरह हमारे रिश्ते की शुरुआत हुई।' शबाना आजमी ने इसी इंटरव्यू में ये भी खुलासा किया कि जावेद अख्तर अपनी जिंदगी में शराब की लत का सामना भी कर चुके हैं। ये वक्त गीतकार के साथ-साथ शबाना के लिए भी बेहद मुश्किल था। एक्ट्रेस ने कहा था कि जावेद जानते थे कि अगर वो यूं ही शराब पीते रहे तो ज्यादा वक्त जिंदा नहीं रहेंगे और उन्हें क्रिएटिव तौर पर अपना काम करने का मौका नहीं मिलेगा। शबाना और जावेद ने 9 दिसंबर 1984 को शादी की थी।*

# तंगी में बीता बचपन, छोटे से फ्लैट में किया गुजारा! आज 550 करोड़ की मालकिन है ये बच्ची



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर एक्टर और एक्ट्रेस की अपनी एक कहानी है। किसी ने स्ट्रगल किया तो किसी को ये फेम विरासत में मिला। आज आपको एक ऐसी ही हसीना की अनसुनी कहानी बताने जा रहे हैं। बॉलीवुड की इस हसीना का नाम आज के दौर की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार किया जाता है। इस एक्ट्रेस ने बेहद कम उम्र में खुद को साबित किया है और अपने हुनर के दम पर नेशनल अवॉर्ड तक जीता। साल 2012 में डेब्यू करने वाली इस एक्ट्रेस ने 12 सालों के करियर में 22 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। आज वे बेशुमार दौलत की मालिकन हैं। लेकिन इस अदाकारा ने अपने बचपन में बहुत-सी परेशानियों को झेला है। हम जिस अदाकारा की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि साल 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट हैं।

आलिया भट्ट के पास ना तो आज शोहरत की कमी है और ना दौलत का अभाव है। लेकिन एक्ट्रेस का बचपन बहुत तंगी में गुजरा है। एक फिल्म डायरेक्टर की बेटी होकर भी उन्होंने एक छोटे से फ्लैट में अपने दिन काटे। इस बात का खुलासा खुद उनकी मां सोनी राजदन ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था।

सोनी राजदन ने खुलासा किया था कि जब आलिया छोटी थीं तब वे खुद को सिंगल पेरेंट जैसा महसूस करती थीं। इसकी वजह ये थी कि महेश भट्ट काम में बहुत बिजी रहते थे. उस समय वे अपने बच्चों के साथ एक बेडरूम वाले छोटे फ्लैट में रहते थे। एक्ट्रेस की मां ने ये तक कहा था कि उस समय ना तो उनके पास स्मार्टफोन था और



ना ही आलिया के पास खेलने का कोई कमरा था। एक्ट्रेस के पास मुंबई के बांद्रा में एक आलीशान बंगला है जिसकी कीमत करीब 32 करोड़ रुपए बताई जाती है। यही नहीं, उनके पास लंदन में भी एक घर है जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपए है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं।लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

आलिया भट्ट ने भले ही तंगी में बचपन गुजारा, लेकिन आज उनके पास किसी चीज की कमी नहीं हैं। लाइव मिंट में छपी एक खबर के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 550 करोड़ रुपए की संपत्ति है। आलिया भट्ट ने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की है। कपल एक हैप्पी मैरिड लाइफ जी रहा है। उनकी एक बेटी भी है जिसका नाम राहा कपूर है। घर के अलावा आलिया भट्ट कई लग्जीरियस गाड़ियों की भी मालकिन हैं।उनके पास अपनी बीएमडब्ल्यू 7 है जिसकी कीमत 1.76 करोड़ है। वहीं वे 2 करोड़ रुपए की कीमत वाली लैंड रोवर रेंज रोवर वोग की भी मालकिन हैं।



# जहीर ने शेयर की सोनाक्षी संग सात साल पुरानी तस्वीर

**नई दिल्ली।** जहीर इकबाल ने सोनाक्षी सिन्हा से शादी करने के बाद सात साल पुरानी एक तस्वीर शेयर की है। ये तस्वीर तब की है, जब उन्होंने सोनाक्षी को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने अपनी पत्नी पर प्यार उड़ेलते हुए कहा कि उन्हें तब ही अहसास हो गया था कि वे हमेशा साथ रहने वाले हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दुनिया की नजरों से छिप-छिपकर प्यार किया। इनकी डेटिंग की अफवाहें तो बीते कुछ सालों में उड़नी शुरू हुईं, लेकिन ये साल 2017 से साथ थे और तब किसी को इसकी खबर नहीं थी। अब जहीर ने उस खूबसूरत पल की एक झलक दिखाई है, जब उन्होंने डेट करना शुरू किया था। उन्होंने सोनाक्षी के साथ एक फोटो शेयर की है, जो 7 साल पुरानी है। इस ब्लैंक व्हाइट फोटो में सोनाक्षी सिन्हा का हाथ जहीर के गले पर है और वो उन्हें प्यार से निहार रही हैं। जहीर ने कैप्शन में लिखा है, 'यह दिन, यह पल, यह एहसास।

# जलप्लावन और डोर-टू-डोर पर आज सदन में होगी तकरार

## नगर निगम बजट सत्र की बैठक में हंगामे के आसार

जबलपुर।



नगर निगम सदन में आज बजट की बैठक सुबह 11 बजे से होगी। इसके पूर्व एक जुलाई को महापौर ने सदन में बजट पेश किया था। उसके बाद इस बजट पर विस्तृत बहस होगी। लेकिन पिछले एक हफ्ते से डोर-टू-डोर कलेक्शन कर्मियो की हड़ताल को लेकर जो हालात बने हैं उस पर पक्ष विपक्ष के बीच तकरार होना तय माना जा रहा है। इसी प्रकार पिछले दिनों थोड़ी सी बारिश में जलप्लावन का मुद्दा भी उठ सकता है। अब देखना होगा कि आसंदी ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और स्थगन प्रस्ताव को मंजूर करती है कि नहीं। विपक्ष ने इन मुद्दों के अलावा पार्षद मद के रुके कामों पर भी अपनी रणनीति बनाई है। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा और उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता अस्मानी, सचेतक आयोध्या तिवारी सहित पूरे कांग्रेस पार्षद दल ने लगातार बैठक कर बजट के साथ-साथ जनहित के मुद्दे पर सदन के अंदर तीखी बहस करने की तैयारी कर रखी है। जिस दिन बजट पेशहुआ था उस दिन विपक्ष ने काले कपड़े पहनकर नारेबाजी कर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया था लेकिन बजट पर खामोशी अख्तयार कर ली थी। इस खामोशी के कई मायने निकाले जा रहे है। विपक्ष का मानना है कि अभी पूरी एमआईसी का गठन नहीं हुआ है जो लोग है वे अनुभवी नही है। लिहाजा सीधे महापौर को निशाना बनाया जाएगा। अब क्या होगा वो अब आज सदन में दिखेगा। वो कल नगर निगम सदन में दिखेगा। जहां विपक्ष एक एक मुद्दे पर महापौर और मेयर इन काउंसिल पर जवाब देह बनाएगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष मजबूती के साथ सदन में जनता की बात रखता है बात उसकी सुनी जाएगी या फिर संख्या बल के आधार पर बजट पारित होगा।

### डोर टू डोर पर होगी तकरार

बीते कई दिन से जारी डोर टू डोर सफाई कमियों की हड़ताल और शहर में मची गंदी और लगे कचरे के ढेर कल होने वाली नगर निगम सदन की बैठक में पहला और प्रमुख मुद्दा होंगे। ठेकेदार की मनमानी और भ्रष्टाचार में निगम अधिकारियों की सहभागिता पर विपक्ष नगर सत्ता को घेरेगा। माना जा रहा है कल से शुरु हो रहे नगर निगम सदन में डोर टू डोर ठेकेदार का आखरी हफ्ता शुरु हो जाएगा। सदन में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन ठेकेदार का ठेका निरस्त होना तय माना जा रहा है। नगर निगम गत दिवस ठेकेदार को अंतिम चेतावनी का नोटिस भी जारी कर दिया है।

### जलप्लावन पर होगा वार

दूसरा मुद्दा जलप्लावन को हागा। जिस तरह से बीती रात हुई बारिश में शहर का बड़ा हिस्सा डूबा, उसमें नगर निगम और ठेकेदार नाला सफाई में हुआ भ्रष्टाचार निकलकर सामने आया। वहीं शहर में चल रहे अव्यवस्थित निमार्ण कार्य भी जल प्लावन की वजह है। शुरुआती बारिश में यह तय हो चुका है कि एक बार में 3 इंच से ज्यादा मुसलाधार बारिश होने पर शहर को जलप्लावन से बचाने नगर निगम तैयार नहीं है। विपक्ष के पार्षदों ने जलप्लावन पर नगर निगम सत्ता का जवाबदेह बनाने की पूरी तैयारी कर रखी है।

### पार्षद मद पर मचेगा हाहाकार

इस बार पार्षद मद बढ़ाने पर नहीं, पार्षद मद की फाईले पास न होने पर सदन में हंगामा करते दिखेंगे। दरासअल अधिकांश पार्षदों की शिकायत है कि उनकी पार्षद मद की फाईले यह कहकर अटकाई जा रही हैं कि फंड नहीं है। बजट पर चर्चा के सत्र में पार्षद मद पर हाहाकार मचना तय है।

### सत्ता भी हर मुद्दे पर जवाब देने तैयार

नगर सत्ता भी यह मान रही है कि लम्बे समय बाद हो रही बैठक में सुनाने के लिये विपक्ष के पार्षदों के पास बहुत कुछ है। जिसकी तैयारी में नगर निगम सत्ता जुटी हुई है। जहां एक तरफ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सत्ता के पक्ष का नेतृत्व सदन में करेंगे। वहीं कमलेश अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ पार्षद भी विपक्ष के सवालों का जवाब देते नजर आएंगे।

सधे बधे अंदाज में चल रही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हड़ताल

# महामारी की तरफ बढ़ता शहर गली-गली में सड़ रहा कचरा

**जबलपुर। शहर में डोर टू डोर हड़ताल के 6 दिन हो चुके हैं। शहर में ऐसा कोई गली मोहल्ला चौराहा नहीं है, जहां बारिश में भीगा कचरा सड़ांध नहीं मार रहा है। जहां सफाई व्यवस्था चौपट नहीं है। लेकिन नगर निगम पूरी तरह से इस समस्या को सुलझा पाने में अक्षम साबित हुआ है। बीते 5 साल और बीते 7 दिन से लगातार जारी डोर टू डोर की मनमानी से शहरवासी जहां ठगे भी गये वहीं बीमार भी हुए और गंदगी में जी रहे। लेकिन जबलपुर के इतिहास का सबसे आधुनिक और सबसे महंगी कचरा कलेक्शन व्यवस्था शहरीय सीमा के 10 लाख से अधिक लोगों के लिये गले की फांस बन गई है। अब आरोप यह भी लगने लगे हैं नगर निगम में चल रही यह हड़ताल सुनियोजित है।**



डोर टू डोर ठेकेदार एक अधिकारी और बड़े नेता के साथ मिलकर खेल, खेल रहा है। हालात ऐसे बना दिये गये हैं कि पूरी पेमेंट देने के बाद डोर टू डोर ठेका निरस्त कर दिया जाएगा। जिससे नेता की वाहवाही होगी उसने कड़ा फैसला लिया, अधिकारी की वाहवाही होगी उसने अनुशासन से समझौता नहीं किया, वहीं करोड़ों रुपये लेने के बाद डोर टू डोर ठेकेदार शहर को बीच में छोड़कर दूसरे शहर चला जाएगा। शहर की एक कंपनी जो एक नेता जी की करीबी है उसे यह ठेका दे दिया जाएगा।

### रो रहे कर्मचारी

बीते कई महीने और विशेषकर बीते सात दिन से जो कुछ चल रहा है, उससे सबसे पहले वो गरीब ठेका सफाई करीब पीड़ित हैं। जो शहर का कचरा उठाते हैं, उसने मिलने वाले मेहनताने से अपना घर चलाते हैं। लेकिन 2 महीने से भूख और गरीबी में जी रहे हैं। आज कई के हाल ऐसे हैं कि एक समय खाना खा पा रहे हैं। जिन अधिकारी, नेताओं और ठेकेदार की गलती से यह हाल बना है वो तो ऐसी कार में घूम रहे हैं, लेकिन जिन 1200 कर्मचारियों की पेमेंट होल्ड है, उन्हें दो वक्त की रोटी भी बड़ी मुश्किल से मिल रही है।

### महामारी की कगार पर शहर

बारिश कई बार हो चुकी है और बारिश रह रहकर लगातार हो रही है। इस हाल में जब शहर में कचरा नहीं उठ रहा है तो यह कचरा पूरी शहर में बिखर भी रहा है और सड़ भी रहा है। जानकारों का मानना है कि कई जगह 6 से 8 दिन से एक ही जगह कचरा सड़ रहा है, जिससे बीमारी फैलने और महामारी फैलने के हालात बन रहे हैं। यदि एक दो दिन में ठोस कदम नहीं उठाए गये तो 2018 की महामारी जैसे हालात बन जाएंगे।

# मूंग-उड़द खरीदी को लेकर घंटाघर पर प्रदर्शन आज

जबलपुर।



ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द खरीदी को लेकर बनी उपार्जन नीति में खामियों के चलते प्रदेश का किसान सरकार से नाराज है। प्रदेश के मूंग उड़द उत्पादक पच्चीस से अधिक जिलों के किसान भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुये प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने बताया कि मूंग उड़द खरीदी को लेकर बनी उपार्जन नीति में पिछले वर्ष 2023 की तुलना में इस वर्ष 2024 में जो बदलाव किये गये हैं। वह किसान व कृषि हित में कतई नहीं कहे जा सकते हैं। श्री पटैल ने कहा कि प्रदेश सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिये ङ9 जुलाईङ ङमंगलवारङ को बारह बजे जिले के किसान भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में घंटाघर में एकत्रित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगें। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, प्रांत कार्यालय मंत्री आलोक पटैल, पुखराज सिंह चंदेल, नंदकिशोर परोहा, जिलाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिला मंत्री रामदास पटैल, जिला सह मंत्री धनंजय पटैल, उपाध्यक्ष सुनील पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मंत्री रीतेश पटैल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, मंत्री धरम पटेल, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटैल, सहमंत्री नरेश मिश्रा, विनय पटेल, देवीदीन सेन, जागेशवर काछी, भोलाराम पटैल, अमित पटैल, मनीष पटैल, मलखान सिंह राजपूत, अतुल पटैल, रामकृष्ण सोनी, मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, अटल पटेल, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटैल, सुरेश पटैल, रीतेश पचौरी, प्रेमचंद कुर्मी, हेमंत पटैल टिपरा आदि ने अधिक से अधिक किसानों से ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### ये है किसानों की मांगे

2023 की उपार्जन नीति में प्रति हैक्टेयर 16 क्विंटल मूंग खरीदी गई थी, जिसे 2024 में प्रति हैक्टेयर घटाकर 8 क्विंटल कर दिया गया है। इसे किसान प्रति हैक्टेयर 16 क्विंटल करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन प्रति किसान 40 क्विंटल खरीदी सीमा को 25 क्विंटल कर दिया है। किसानों का कहना है इसे 40 क्विंटल ही रखा जाये। धर्मकांटा से तौल कराने की मांग के साथ विलंब से शुरू हुई मूंग खरीदी के कारण अंतिम तिथि भी बढ़ाने की मांग किसान सरकार से कर रहे हैं।

# अति उच्चदाब लाइन निर्माण के साथ नए 14 सब स्टेशन स्थापित

जबलपुर।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये अधोसंरचना निर्माण के उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 14 अति उच्चदाब सब स्टेशनों की स्थापना की गई और वहीं 26 अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किए गए। प्रदेश में इस दौरान कुल 818.170 सर्पिट किलोमीटर अति उच्चदाब लाइन का नेटवर्प तैयार किया गया। वर्ष 2023-24 में 9 हजार 978 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि 25 अतिरिक्त अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं 40 अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कर अति उच्चदाब सब स्टेशनों की क्षमता में 4630 एमव्हीए की वृद्धि की गई। विद्युत वितरण क्षेत्र में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक की अवधि में 56 नए 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किए गए। प्रदेश में मार्च 2023 की स्थिति में 10 लाख 28 हजार 876 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित थे। वर्ष 2023-24 में 9 हजार 978 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए। इस प्रकार मार्च 2024 की स्थिति में प्रदेश में मौजूदा वितरण ट्रांसफार्मर की संख्या 10 लाख 38 हजार 854 है। किसानों को शीघ्र स्थायी सिंचाई पंप कनेक्शन दिए जाने के उद्देश्य से स्वयं का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की योजना प्रदेश में लागू की गई है। इस योजना में किसान स्वयं अथवा समूह में निर्धारित मापदंड के अनुसार ट्रांसफार्मर स्थापित कर सकते हैं। योजना में वर्ष 2023-24 में एक लाख 30 हजार 303 ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा चुके हैं।

# हम हैं न फाउण्डेशन ने शासकीय स्कूल में बांटी स्टेशनरी

## कॉपी, शीश, पेन्सिल, शॉपनर और रबर मिलने से बच्चों के चेहरे खिल उठे

जबलपुर।

शासकीय प्राथमिक शाला शंकर चमन नगर करमेता में अध्ययन करने वाले बच्चों को हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया, ताकि स्कूल में अध्ययन करने वाले बच्चों को किसी भी प्रकार से परेशानियों का सामना न करना पड़े और बेहतर रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें। इस मौके पर तमाम बच्चों के चेहरे कॉपी, पेन्सिल, शीश, स्केल, शॉपनर, रबर आदि प्राप्त कर खिल उठे।



इस संबंध में शासकीय प्राथमिक शाला शंकर चमन नगर के प्राचार्य संजय चौबे ने बताया कि हम हैं न फाउण्डेशन ने स्कूल को गोद लिया हुआ है, जिसके तहत उनके द्वारा समय-समय पर यहां पर विविध आयोजन किए जाते हैं और बच्चों की जरूरतों को भी पूरा करने का प्रयास समय-समय में किया जाता है। सोमवार को हम हैं न फाउण्डेशन के सदस्य आशीष विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, रत्नेश राय, हर्षित शुक्ला, आनंद सेन, प्रशस्त्र विश्वकर्मा, सुनील मालवीय, दिव्यांशु विश्वकर्मा, जितेन्द्र श्रीपाल, शुभम वैद्य आदि ने बच्चों को स्टेशनरी की सामग्री का वितरण किया। जिससे बच्चों को अध्ययन का कार्य बहुत आसान हो जाएगा।

प्याज 50 पार, टमाटर 60 से 80 रुपये किलो बिक रहा

# थाली से कम हुई सब्जियां फिर भी कीमत नहीं हो रही कम

जबलपुर।



सब्जियों की आसमान छूती कीमतों का असर इन दिनों इसकी खरीदारी पर पड़ी है, इसके बाद भी कीमतों में किसी भी प्रकार से गिरावट नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि जो लोग पहले सब्जियों से दो से तीन किलो लेते थे, वे अब पाव व आधा किलो में उतर आए है। सब्जी कारोबारियों के अनुसार अभी उपभोक्ताओं को राहत के आसार नहीं है। बाहरी क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते आवक में लगातार कमी आ गई है। इसका असर ही कीमतों में पड़ा है।

शहर के बाजारों में टमाटर 60 से 80 रुपये किलो, गोभी 80 रुपये किलो, बरबट्टी 110 रुपये किलो, करेला 50 रुपये किलो, बैगन 40 से 50 रुपये किलो, लौकी 30 रुपये किलो, भिंडी 60 रुपये किलो तक बिक रही है। इसके साथ ही कमजोर क्वालिटी का होने के बावजूद आलू-प्याज की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी है। आलू 40 रुपये किलो और प्याज 50 रुपये किलो पार हो गई है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में कीमतों में थोड़ी और तेजी देखने को मिल सकती है। जब तक सब्जियों की आवक में सुधार नहीं होगा, कीमतों में गिरावट नहीं आने वाला। आने वाले पंद्रह-बीस दिन तो आवक में तेजी की संभावना भी नहीं दिख रही है। इन दिनों स्थानीय आवक नहीं हो रही है तथा सब्जियों के लिए बाहरी आवक पर ही निर्भरता बढ़ गई है, इसका असर ही कीमतों में देखा जा रहा है।

### पत्ता गोभी भी 50 रुपये किलो

आम उपभोक्ताओं के साथ ही मोमोस व चाउमीन सेंटरों में भी पत्ता गोभी की डिमांड जबरदस्त बढ़ गई है। इसका असर इसकी कीमतों में देखने को मिल रहा है और पत्ता गोभी 50 रुपये किलो बिक रही है।

### सलाद में टमाटर हुआ कम

टमाटर की कीमतों में तेजी के चलते इन दिनों घर की रसोई के साथ ही होटलों में भी टमाटर की खपत थोड़ी कम दिखने लगी है। विशेषकर उपभोक्ताओं को परोसे जाने वाले सलाद में टमाटर व प्याज थोड़ी कम हो रही है।

बिजनेस साइट

## एनर्जी के अवसर - निवेश के लिए बेहतर थीम

जबलपुर। आर्थिक विकास और एनर्जी की खपत एक दूसरे के सीधे आनुपातिक हैं । वास्तव में, आधुनिक दुनिया में कोई भी अर्थव्यवस्था पर्याप्त एनर्जी आपूर्ति के बिना विकसित नहीं हो सकती है। तेजी से बदलती जीवनशैली और बिजली की खपत करने वाले गैजेट्स की लगातार बढ़ती जरूरत के कारण, एनर्जी पर निर्भरता आसमान छू रही है। दिलचस्प बात यह है कि एनर्जी आपूर्ति में कमी संभावित रूप से अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार सकती है।

भारत, जो जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है, के लिए निरंतर एनर्जी आपूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। बहुत सारे क्षेत्र - चाहे वह तेल और गैस क्षेत्र हो, बिजली क्षेत्र हो, रिन्यूएबल - सोलर और विंड एनर्जी यानि सौर और पवन ऊर्जा जिसमें कई कंपनियां और कम्पोनेंट निर्माता शामिल हैं, बढ़ती एनर्जी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। यह एक स्पष्ट संकेत है कि एनर्जी भारत के लिए एक बड़ा चर्चा का विषय है और इस सेक्टर की संभावनाएं सामने आने लगी है। पिछले दो दशकों में, भारत की प्राथमिक एनर्जी खपत दोगुनी से अधिक हो गई है और वर्तमान में यह वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा एनर्जी उपभोक्ता है। हालांकि, जब प्रति व्यक्ति बिजली की खपत की बात आती है, तो यह दुनिया के औसत का केवल एक तिहाई है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि प्रति व्यक्ति एनर्जी की जरूरतों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। विभिन्न संकेतक – चाहे वह विनिर्माण पर सरकार का ध्यान हो, बढ़ती आय हो, हाल ही में जलवायु परिवर्तन हो, सरकार के सुधार हों या रिन्यूएबल एनर्जी पर जोर देकर कार्बन उत्सर्जन में भारत का शून्य लक्ष्य हो भारत में एनर्जी परिदृश्य को तेजी से बदल रहे हैं। यह देश को एनर्जी सेक्टर में निवेश के अवसरों के मामले में एक बेहतरीन स्थिति में रखता है।



अमित बसानी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, जबलपुर

एनर्जी सेक्टर में परिवर्तन एक लॉन्गटर्म और ग्रोथ आधारित कहानी है जो बहुत ही आशाजनक है । एनर्जी सेक्टर में रुचि रखने वाले निवेशक स्टॉक या म्यूचुअल फंड के माध्यम से सीधे एनर्जी और संबंधित उद्योगों में निवेश कर सकते हैं । म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश करने के इच्छुक निवेशकों के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड में वर्तमान में एनर्जी सेक्टर पर केंद्रित एक नया फंड ऑफर (एनएफओ) चल रहा है, जो 02 जुलाई से 16 जुलाई, 2024 तक खुला रहेगा। इस योजना के निवेश के दायरे में ग्रीन एनर्जी, तेल और गैस सेक्टर, बिजली और संबंधित सेक्टर से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं। म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश करके, निवेशकों को फंड हाउसों द्वारा प्रदान किए गए पेशेवर और अनुसंधान - आधारित निवेश प्रबंधन से लाभ होता है ।

## रेलवे विभाग ने अभी तक कुछ नहीं किया

# सिहोरा रेलवे फाटक पर बने गड्ढे कभी भी बन सकते हैं हादसे का कारण



**सिहोरा।** नगर पालिका क्षेत्र को दो भागों में विभाजित करने वाला रेलवे मझगवां रेल समपार सड़क पथ पर गड्ढों के बीच ध्वस्त हो चुका है जिससे आये दिन इस सड़क पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। खितौला बस स्टैंड के निकट रेलवे फाटक पर रेल ट्रैक के साथ सड़क पर बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। निकलते समय वाहन गहरे गड्ढों में अटक जाते हैं और कई बार रेलवे ट्रैक पर ही बंद भी हो जाते हैं जिस कारण ट्रैफिक जाम हो जाता है जिससे अन्य वाहन चालकों को भी दिक्कत होती है। ऐसे में वाहन चालक भी एक दूसरे से उलझते देखे जा सकते हैं। लोगों ने रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि गहरे गड्ढे तुरंत भरवाए जाएं।

व्यापारिक दृष्टिकोण से यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है जहां प्रत्येक दिन छोटे-बड़े वाहनों का इसी रास्ते शहर में आना-होता रहता है। दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का प्रतिदिन इसी मुख्य रास्ते से रेलवे स्टेशन,तहसील कार्यालय,बस स्टैंड कृषि उपज मंडी के अलावा नगर के एक मात्र महाविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के आने जाने का मुख्य मार्ग है लेकिन सड़क की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है युवा बाइकर्स आये दिन चोटिल हो रहे हैं।लेकिन विभाग समस्या को लेकर गंभीर नही है।

### क्या कहते हैं स्थानीय जन

रेलवे फाटक अकसर बंद रहता है। आवाजाही अधिक होने पर फाटक के दोनों तरफ काफी ट्रैफिक जमा हो जाता है जिसमें बसें कारें,ट्रक शामिल रहते हैं, इनमें दोपहिया वाहनों की संख्य भी काफी अधिक होती है। गड्ढों में फंसकर अगर दोपहिया वाहन विशेष कर स्कूटर बंद हो जाते हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक वाहन निकालने की धुन में आगे सामने से आने वाले वाहनों को ठीक से देख नहीं पाता और हादसे का भय बना रहता है। लिए रेलवे ट्रैक के साथ सड़क ठीक करवाई जाना चाहिए।

**ललित पाण्डे**, स्थानीय निवासी

### ठीक करवाए जाएं गड्ढे

फाटक खुलते समय फोर व्हीलर्स को धीमी गति से निकलना पड़ता हैं। रेलवे फाटक के साथ रेलवे ट्रैक व सड़क का लेवल एक बराबर न होने कारण और यहां बने गहरे गड्ढों कारण वाहन इनमें फंस जाते हैं। वाहन चालक एक बार रुक चुके वाहन को तेज स्पीड से निकालने की कोशिश करते हैं तो वाहन अक्सर आगे वाले वाहन से टकरा जाते हैं और वाहन एक दूसरे से टकराने कारण क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। रेलवे फाटक के साथ बने गहरे गड्ढे ठीक करवाए जाएं।

**प्रेम नारायण तिवारी**, स्थानीय निवासी



# हिन्दी स्कूल के 265 बच्चों को बैग का किया वितरण

**सिहोरा।** नगर की सबसे प्राचीनतम संस्था एकीकृत माध्यमिक शाला हिंदी स्कूल में बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन सीएम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य, प्रमोद साहू की अध्यक्षता, शैलेश गुप्ता, आशीष यादव के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। जिसमें संस्था के प्रभारी हरीश विश्वकर्मा द्वारा सभी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात समाजसेवी एंव विद्यालय के पूर्व छात्र हरिप्रकाश नौगरहिया द्वारा कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक के करीब 265 छात्र छात्राओं को स्कूल बैग तथा जियोमेट्री बाक्स का वितरण किया जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी अतिथियों ने इस कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेन्द्र तिवारी ने किया।

## सड़क निर्माण का भूमिपूजन होने के बाद भी नहीं बनी सड़क

**जबलपुर।** कचनार सिटी A लाइन तिलक मार्ग के निवासियों ने चंदा करकर नगर निगम को सड़क निर्माण के लिए जुलाई 2018 में जनभागीदारी योजना के अंतर्गत सड़क और नाली निर्माण के लिए कुल लागत जो निगम ने बताई थी उसका एक चौथाई हिस्सा दो लाख पचास हजार 23-7-2018 को नगर निगम में जमा कराये थे। इसके जमा होने के छः माह बाद रोड और नाली का निर्माण नगर निगम को कराना था लेकिन उन्होंने इसके रेट इतने कम रखे थे की कोई ठेकेदार ने ठेका ही नहीं लिया। 2019 में रोड निर्माण का भूमिपूजन होने के बाद भी अभी तक रोड नहीं बनी। कालोनीवासी आयुक्त से मिले और उनसे लिखित आश्वासन माँगा तो उन्होंने कहा की लिखित तो कोई अधिकारी दे ही नहीं सकता। अब कचनार सिटी की सभी लाइनों की सडक नगर निगम स्वयं बनवा रहा है तो कालोनी के लोंगो की मांग है की उनके ढाई लाख रु वापस कर दिए जाये। कचनार A लाइन के निवासियों ने नगर निगम से मांग की है की उनके जमा रु से रोड के दोनों साईट नालियों का निर्माण हो जाए।



## केंट विधायक ने स्वेच्छानुदान राशि से चेक वितरित किए

**जबलपुर।** केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए निरंतर सहयोग करते हुए ऐसे परिवार के लोगों को स्वावलंबी बनाने हेतु स्वेच्छानुदान से 24 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद के माध्यम से 550 परिवारों को चेक के द्वारा राशि वितरित की गई। केंट विधायक अशोक रोहाणी ने बताया कि जनसमस्या के दौरान कई परिवार के लोग निरंतर मुझसे शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य को लेकर असहजता महसूस करते थे, ऐसे परिवारों को स्वेच्छानुदान की राशि चेक के माध्यम से वितरित की गई। इस अवसर पर जिस परिवार को चेक के माध्यम से राशि प्राप्त हुई उनके चेहरे पर खुशी की लहर छा गई और सभी ने अशोक रोहाणी को आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में दामोदर सोनी, आशीष राव, संतोषी ठाकुर, सुंदर अग्रवाल, गुल्लू दुबे, राहुल रोहाणी, कैलाश रजक, वेद महावर, बंटी रजक, विमल गोलछा, आशा सिंह, मयंक श्रीवास्तव, बलराम वाल्मीक, आकाश मलिक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 50 हजार विद्युत कर्मचारी महंगाई भत्ते से वंचित

**जबलपुर।** जुलाई मप्र राज्य विद्युत मंडल की गलत नीतियों के कारण केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों के सामान महंगाई भत्ता से आज भी 50 हजार कर्मचारी वंचित है, जबकि मौजूदा स्थिति में विद्युत मंडल की आय तीन गुना हो गई है। यह आरोप मप्र राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों पर लगाए हैं जनता यूनियन के प्रांतीय महामंत्री एमएल चौकसे, प्रवक्ता मोहन अग्रवाल, विजय चौकसे, दिनेश चौधरी, व्हीके चौकसे, केएल चंदेल, लल्लू पटेल, रवि सक्सेना का आरोप है कि जुलाई 2019 से केंद्र के समान डी.ए. देने की मांग के अनुरुप नहीं दिया जा रहा है केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को राहत के रुप में 50 प्रतिशत डी.ए., महंगाई राहत दे रही है जबकि विद्युत मंडल में सिफ 46 प्रतिशत डी.ए. एवं राहत प्राप्त हो रही है कर्मचारियों ने केंद्र के समान सीजीएच चिकित्सा सुविधा की मांग दोहराई है जनता यूनियन के मोहन अग्रवाल, दिनेश चौधरी, आरएस सक्सेना ने बताया कि मांग पूरी न होने पर शक्तिभवन एवं भोपाल में घेराव और तीव्र आंदोलन किया जाएगा।

### वेटिंग टिकट यात्रियों पर तानाशाही का कांग्रेस ने किया विरोध

# रेलवे जितनी टिकिट बेचे उतनी बोगी की व्यवस्था करे



**जबलपुर।** ट्रेन में जितनी बोगी और जितनी सीटें होगी रेल उतनी ही बेचे, बाकी वेटिंग टिकिट वालों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वेटिंग टिकिट वालें अब रिजर्वेसन कोच में सफर नही कर पाएंगे। उन्हें कोच से बाहर कर दिया जाएगा। रेल प्रशासन द्वारा इस आशय का आदेश जारी करने के बाद कांग्रेस ने सवाल उठाए है। कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा ने कहा है कि भारतीय रेल प्रशासन के आदेशानुसार वेटिंग टिकट वाले यात्री रिजर्व क्लास में सफर नहीं कर पाएंगे। यात्रियों को रिजर्व क्लास से बाहर किए जाने के आदेश भारतीय रेल विभाग का यात्रियों के प्रति तानाशाही पूर्ण रवैया बर्दाश्त के बाहर है। भारतीय रेल विभाग यात्रियों से पूरा पैसा लेने के बाद टिकट देता है तो वह रेल विभाग की जवाबदारी है की जितनी टिकट बेचीं है। जितने यात्रियों से पैसा लिया है। उन यात्रियों को सीटों और बोगी की व्यवस्था करे। नहीं करना कार्य के प्रति लापरवाही है यदि रेल विभाग अपनी जिम्मेवारी से पीछे हटता है तो भारत सरकार रेल मंत्रालय ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति कठोर कार्यवाही क्यों नहीं करता?

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा प्रदेश कोऑर्डिनेटर (ओबीसी) अलीम मंसूरी सुरेंद्र पटेल, मामूर गुड्डु, विजय अग्रवाल, लखन श्रीवास्तव, राजा खान, अशोक चौधरी, गोपी चौधरी आदि ने कहां की यदि रेल यात्रियों को टिकट बेचीं है और व्यवस्था नहीं कर पा रहे तो रेल यात्रियों को टिकट का विक्रय क्यों करते हो?

# एस्सल ग्रुप कंपनी की मान्यता समाप्त की जाए, मांग

**निगमायुक्त प्रीति यादव शीघ्र लेंगी कठोर निर्णय**

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर परिसर में स्थित अजाक्स संघ एवं नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा निगम की छवि धूमिल करने एवं जबलपुर संस्कारधानी की जनता को परेशान करने वाली एस्सल ग्रुप कंपनी की मान्यता समाप्त करने की मांग की गई है। बताया गया कंपनी द्वारा निगम से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर प्राप्त किया गया है, जिसमें कंपनी के द्वारा शहर के सभी घरों से कचरा कलेक्टर करने का कार्य किया जाता है। इस कंपनी के द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है और कर्मचारियों में झूठ फैलाया जा रहा है कि निगम के द्वारा एस्सल ग्रुप कंपनी को अभी तक राशि का भुगतान नहीं किया गया है जिस कारण से कंपनी कर्मचारियों को उनके मासिक वेतन का भुगतान नहीं कर पा रही है। एस्सल कंपनी द्वारा इस प्रकार का झूठा आरोप नगर निगम पर लगाकर हड़ताल कराई गई जिस कारण से नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है। उक्त प्रकरण पर अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा एवं नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अक्षय कोरी ने ज्ञापन सौंपकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमाध्यक्ष रिंकुज विज एवं निगमायुक्त प्रीति यादव से मांग की है कि निगम की छवि धूमिल करने वाली एस्सल ग्रुप कंपनी की मान्यता निगम से समाप्त कर डोर-टू-डोर के कार्य को अपने अधिनस्थ ले। ज्ञापन देते समय अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, अचैया कोरी, गुलशन जबलपुरी, कालूराम सोलंकी, राजेन्द्र पटेल, मन्नूलाल पटेल, रामाराव मगरदे, कोयरी नायडू, नरसिंहमलू, श्रीनिवासलू, रामू, जे प्रवीण, राममूर्ति, दयाराम धुर्वे, प्रहलाद बर्मन, विजय सेन, राहुल कोरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री, एमडी और कलेक्टर ने की युवाओं की सूझबूझ की तारीफ

# जान की बाजी लगाकर बचाई करंट से जान



**जबलपुर।** पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत सोनकच्छ कस्बे में रेशम केंद्र की बारबेड फैंसिंग में फैले लीकेज करंट से सोनकच्छ निवासी सत्यम पिता श्री अशोक को भयानक करंट लगा और वे चिपक गए। इस दौरान मौके से गुजर रहे युवा फरहान पठान और केतन राठौर ने सूझबूझ और साहस का परिचय दिया और स्वयं को करंट से बचाते हुए आईसोलेट तरीके से सत्यम को कुछ सेकंड में ही फैंसिंग में फैले करंट से दूर कर दिया। इसके बाद प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाई। इस तरह दो युवाओं द्वारा जोखिम उठाकर तत्परता से की गई मेहनत से तीसरे युवा की जान बच गई। साहसी युवा फरहान और केतन की ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक (एमडी) अमित तोमर, देवास के कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने तारीफ की है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सोमवार को टीएल बैठक के दौरान दोनों ही साहसी युवाओं फरहान पठान और केतन राठौर को कलेक्टर कार्यालय ससम्मान आमंत्रित करके सम्मानित किया।

विद्युत वितरण कंपनी के देवास अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा ने बताया कि यदि कुछ सेकंड दोनों ही युवा तत्परता नहीं दिखाते और सत्यम को करंट से अलग नहीं करते तो उसकी जान जा सकती थी। डॉ. शर्मा ने बताया कि मौके पर पंद्रह लोग एकत्र थे, लेकिन मात्र दो युवा फरिश्ते के रूप में फैले करंट के बीच पहुंचे और पांच सेकंड में पीड़ित को अलग कर उसकी जान बचाई।

## अग्निदग्धा की मौत

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत आजाद नगर गोकलपुर में आग से जलने के कारण एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला की जांच कर रही है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद नगर गोकलपुर निवासी 26 वर्षीय श्रीमति आरती बाल्मीक को जलने के कारण गत 28 जून को हेल्थ सिटी हॉस्पिटल करोंदा में भर्ती कराया गया था। जहां गत शाम 5.10 बजे उपचार दौरान श्रीमति आरती बाल्मीक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

## मारपीट कर बदमाशों ने मोबाइल व रुपए लूटे

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत शीतलामाई कुचबंधिया मोहल्ला पुल के पास एक बदमाश अपने साथियों के साथ मिलकर एक्टिवा सवार दो युवकों को रोका और मारपीट कर एक युवक के जेब में रखे 8 हजार रुपए और मोबाइल छीन लिए तथा उस्तरे से उस पर हमला कर दिया, वहीं दूसरे युवक के साथ डंडे से मारपीट कर एक्टिवा में तोड़फोड़ कर दिए। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार घमापुर चौक कुमरजी का बाड़ा बेलबाग निवासी 26 वर्षीय बाबू सोनकर गत शाम 6.30 बजे अपने घर से अपने दोस्त दुर्गेश विश्वकर्मा एवं अरमान के साथ एक्टिवा क्रमांक एम.पी.20 एस.एम. 6894 से चुंगी चौकी जा रहा था। रामलीला मैदान के पास अरमान को छोड़ा और वह दुर्गेश विश्वकर्मा को लेकर आगे निकला जैसे ही तेल मिल शीतलामाई कुचबंधिया मोहल्ला पुल के पास पहुंचा उसी समय रोहन कुचबंधिया अपने साथियों के साथ आया और उसे रोक लिया। बाबू सोनकर रुका तो उससे पूछा जेब में क्या रखे हो उसने कहा कुछ नहीं तो रोहन अपने साथियों के साथ मारपीट करते हुए उसकी जेब में रखे 8हजार रुपए तथा स्पाईस कंपनी को मोबाइल छीन लिए तथा उसके सिर के पीछे उस्तरे से हमला कर घायल कर दिया, वह अपनी जान बचाकर वहा से भागा तो उसके दोस्त दुर्गेश विश्वकर्मा के साथ मारपीट कर डंडे से हमला कर घायल कर दिया और एक्टिवा में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।




**श्रीमती पार्वती पटेल**- मदनमहल पाटीदार समाज भवन के पास निवासी श्री केशव पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती पटेल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार गोंटिया**- मनमोहन नगर साईं मंदिर के पास निवासी श्री बलराम गोंटिया के पुत्र श्री राजकुमार गोंटिया (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मिथलेश पटेल**- न्यू रामनगर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री सुशील पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती मिथलेश पटेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साहिल चौधरी**- रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री सुम्मेर चौधरी के पुत्र श्री साहिल चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती वर्षा अग्रवाल**- त्रिमूर्ति नगर लाला चौक के पास निवासी श्रीमती वर्षा अग्रवाल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आदर्श विश्वकर्मा**- फूटताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री बाबू लाल विश्वकर्मा के पुत्र श्री आदर्श विश्वकर्मा (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरेंद्र व्यास**- नदी पार कटनी निवासी श्री सुनील व्यास के पुत्र श्री हरेंद्र व्यास (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केशव चक्रवर्ती**- कटनी निवासी श्री केशव चक्रवर्ती (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चिरोंजी बाई**- नरसिंह नगर पाटन निवासी श्री कलीराम की धर्मपत्नी श्रीमती चिरोंजी बाई (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमल देवी**- जीके हुसेन कम्पाउंड सदर निवासी श्री रामचंद्र की धर्मपत्नी श्रीमती कमल देवी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



## अज्ञात लड़कों ने युवक को चाकू मारकर किया घायल

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत एनीटाई फिटनेस के पास एक्टिवा सवार दो अज्ञात लड़कों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। माढोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलखाडू निवासी 28 वर्षीय अनिकेत घोषी दिल्ली की फोर्ट इंसेक्टी साईट कंपनी में ट्राईडी मैनेजर के पद पर कार्यरत है और कृषि संबंधी कीटनाशक दवाईयों के सेल्समैन का काम करता है। गत रात 10 बजे एनीटाई फिटनेस के पास एक्टिवा सवार दो अज्ञात लड़के मिले और तुम अनिकेत हो क्या, उसने कहा हाँ, तो कहने लगे कि घूर क्यों देख रहे हो कहते हुए गालीगलौज करने लगे। एक लड़के ने झूमाझटकी की तथा दूसरे ने चाकू से उस पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115, 118(1),बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप



### वेलस्पन वन ने जुटाए 2,275 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। वेलस्पन वन ने अपने दूसरे वित्त पोषण चक्र में निवेशकों से 2,275 करोड़ रुपये जुटाए है। एकीकृत फंड एवं विकास प्रबंधन मंच वेलस्पन वन ने सोमवार को सह-निवेश प्रतिबद्धताओं सहित 2,275 करोड़ रुपये के अपने दूसरे वित्त पोषण चक्र के सफलतापूर्वक पूरा होने की घोषणा की। इस पूंजी का इस्तेमाल गोदाम के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह पूंजी करीब 800 सीमित साझेदारों (एलपी) या निवेशकों के विविध समूह से हासिल की गई।


### मर्सिडीज-बेंज की पहली छमाही में रिकॉर्ड बिक्री



नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की 2024 की पहली छमाही में भारत में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 9,262 इकाई हो गई। यह वृद्धि विभिन्न श्रेणियों में मजबूत मांग और बड़ी संख्या में मॉडलों की उपलब्धता के दम पर दर्ज की गई। कंपनी बयान के अनुसार, यह देश में उसकी अभी तक की सबसे अधिक बिक्री वाली छमाही रही। उसने 2023 की जनवरी-जून अवधि में 8,528 इकाइयों की बिक्री की थी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसकी योजना 2024 की दूसरी छमाही में छह नए उत्पाद पेश करने की है।

### प्रमुख भारतीय व्यवसायी बक्सानी का यूएई में निधन

दुबई। प्रमुख भारतीय व्यवसायी राम बक्सानी का 83 वर्ष की उम्र में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रविवार को निधन हो गया। यूएई में



भारत के राजदूत संजय सुधीर ने आईटीएल कॉसमॉस समूह के चेयरमैन के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा, 'उनके निधन से समुदाय ने एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक संरक्षक खो दिया है। बक्सानी ने यूएई में भारतीय समुदाय को गौरवान्वित किया है। वह उन भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे, जो यूएई को अपना घर कहते हैं।'

### सेबी ने एसके फाइनेंस के आईपीओ को रोका



नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने एसके फाइनेंस के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को रोक दिया है। एसके फाइनेंस, वाहन वित्त और व्यवसाय ऋण पर आधारित एक गैर बैंकिंग वित्त कंपनी है। बाजार नियामक की वेबसाइट पर सोमवार को दी जानकारी में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि एसके फाइनेंस के आईपीओ के संबंध में 'निष्कर्ष जारी करने पर रोक लगाई गई है।' हालांकि, ऐसा करने की वजह इसमें नहीं बताई गई है।

### मैन इंडस्ट्रीज को मिला 1,850 करोड़ का ठेका



नई दिल्ली। मैन इंडस्ट्रीज को एक अंतरराष्ट्रीय तेल एवं गैस कंपनी से 1,850 करोड़ रुपये की पाइप आपूर्ति का ठेका मिला है। मैन इंडस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि इस ठेके के तहत एक विदेशी एलएनजी परियोजना के लिए एपीआई 5एल ग्रेड लाइन पाइप की आपूर्ति की जाएगी। लाइन पाइप की आपूर्ति अगले 12 से 18 महीने में की जाएगी। मैन इंडस्ट्रीज इस परियोजना के लिए एसएडब्ल्यू पाइप की आपूर्ति भी करेगी। इसके साथ ही कंपनी की ऑर्डर बुक 4,000 करोड़ रुपये को पार कर जाएगी। मैन इंडस्ट्रीज (इंडिया), मैन समूह की प्रमुख कंपनी है।

# बांड में एफडी से ज्यादा ब्याज, टैक्स छूट भी, निवेश पर होगा फायदा ही फायदा

## बांड एफडी की तुलना में बेहतर लिक्विडिटी प्रदान करते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नया वित्तीय वर्ष शुरू हुए दो महीने बीत चुके हैं. इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा भी नजदीक आ रही है। ऐसे में बहुत से आयकरदाता कर बचत और बढिया रिटर्न देने वाले निवेश विकल्पों की तलाश में हैं। भारत में कई ऐसी बचत योजनाएं हैं, जिनमें अच्छा रिटर्न तो मिलता ही है, साथ ही उनमें पैसे डूबने का खतरा भी बहुत कम होता है। बैंक एफडी भी उनमें से एक है। अगर कोई व्यक्ति थोड़ा रिस्क उठाकर ज्यादा रिटर्न पाना चाहता तो उसके लिए सरकारी बांड एक बेहतर विकल्प हो सकता है। कर और निवेश विशेषज्ञों का कहना है कि बैंक एफडी लगभग 6 फीसदी रिटर्न देती है, जबकि बांड की यील्ड औसत 9 फीसदी रही है।

### एफडी की आय पर देना होता है आयकर

दोनों में लॉक-इन अवधि होती है, लेकिन बांड से मिलने वाला रिटर्न आयकर से मुक्त होता है। टैक्स सेवर एफडी को छोड़कर बाकी एफडी से होने वाली आय पर आयकर देना होता है। बांड एफडी की तुलना में ज़रूरी विविधता और बेहतर लिक्विडिटी प्रदान करते हैं। बांड को ओटीसी मार्केट में ट्रेड किया जा सकता है, जबकि एफडी को जल्दी तोड़ने पर शुल्क लगता है। लॉन्ग-टर्म बांड आम तौर पर अच्छी यील्ड और ज़्यादा कुल रिटर्न एफडी की तुलना में देते हैं।




### जोखिम थोड़ा ज्यादा

एक रिपोर्ट के अनुसार, बांड आम तौर पर फिक्स्ड डिपॉजिट की तुलना में अधिक ब्याज देते हैं। बांड 9 फीसदी तक रिटर्न दे सकते हैं, जो फिक्स्ड डिपॉजिट से कहीं ज़्यादा है। हां, बांड में रिस्क एफडी के मुकाबले थोड़ा ज्यादा होता है।

### टैक्स बचत

बांड से होने वाली आय पर टैक्स नहीं लगता है, जबकि फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाले ब्याज पर 'अन्य स्रोतों से होने वाली आय' के रूप में टैक्स लगता है। इसके अलावा, निवेशक अपने बांड को पूंजी वृद्धि के लिए बेच सकते हैं, जो कि फिक्स्ड डिपॉजिट खाताधारकों के लिए उपलब्ध नहीं है।

### ज्यादा लिक्विडिटी

बांड एफडी की तुलना में ज्यादा विविधता और बेहतर लिक्विडिटी प्रदान करते हैं। बांड को ओटीसी मार्केट में ट्रेड किया जा सकता है, जबकि एफडी को जल्दी तोड़ने पर शुल्क लगता है। पांच ऐसे कारण हैं, जो बांड को बैंक एफडी से बेहतर बनाते हैं। बांड आम तौर पर बैंक एफडी की निश्चित दरों की तुलना में अधिक रिटर्न प्रदान करते हैं। इससे निवेशक थोड़ा ज्यादा जोखिम उठाकर बेहतर रिटर्न पा सकते हैं। एफडी पर अर्जित ब्याज पूरी तरह से कर योग्य है, जबकि कुछ बांड, जैसे कि म्यूनिसिपल बांड, कर-मुक्त ब्याज आय प्रदान करते हैं।

## रिपोर्ट में कहा गया, बैंक अभी अच्छी स्थिति में

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विनिवेश को आगे बढ़ाने का समय : एसबीआई रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में विनिवेश को आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि वे अच्छी स्थिति में हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में मौजूदा सरकारी बैंकों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया है।

- सरकार को अभी विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए

'केंद्रीय बजट 2024-25 की प्रस्तावना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है, 'चूंकि बैंक अच्छी स्थिति में हैं, इसलिए सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए।' इसमें आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के संबंध में कहा कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बैंक में लगभग 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

**खास बातें**

- आईडीबीआई बैंक का सरकार विनिवेश कर रही
- एलआईसी भी बैंक में अपनी 61 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही




### 2022 में आमंत्रित की गई थी बोलियां

रिपोर्ट के अनुसार, 'उन्होंने अक्टूबर, 2022 में खरीदारों से बोलियां आमंत्रित कीं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को जनवरी, 2023 में पेशकश पर आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी के लिए कई रुचि पत्र प्राप्त हुए। हमें उम्मीद है कि सरकार बजट में इसे स्पष्ट करेगी।'

### आईडीबीआई में सरकार की 45 फीसदी हिस्सेदारी

वर्तमान में, आईडीबीआई बैंक में सरकार की 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है और (एलआईसी) की 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि सरकार को जमा ब्याज पर कर में बदलाव करना चाहिए और म्यूचुअल फंड तथा शेयर बाजारों के अनुरूप विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।

### कासा में हो सकेगी वृद्धि

इसमें कहा गया है, 'वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.3 प्रतिशत हो गई और 2023-24 में इसके 5.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। यदि हम म्यूचुअल फंड के अनुरूप जमा दर को आकर्षक बनाते हैं, तो इससे घरेलू वित्तीय बचत और चालू खाता और बचत खाता (कासा) में वृद्धि हो सकती है।'

### सरकार को अधिक जीएसटी मिलेगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि यह राशि जमाकर्ताओं के हाथ में होगी, इससे अतिरिक्त खर्च हो सकता है और इस तरह सरकार को अधिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व मिलेगा। इसमें कहा गया है, बैंक जमा में वृद्धि से न केवल मूल जमा आधार और वित्तीय प्रणाली में स्थिरता आएगी बल्कि घरेलू बचत में भी वित्तीय स्थिरता आएगी।

### समाधान तक पहुंचने में समय ज्यादा लग रहा

आईबीसी के माध्यम से वसूली वित्त वर्ष 2023-24 में 32 प्रतिशत रही और वित्तीय कर्जदाताओं ने अपने दावों का 68 प्रतिशत गंवाया। इसमें कहा गया है कि समाधान तक पहुंचने में 330 दिन के बजाय 863 दिन का समय लग रहा है।

# श्रम मंत्रालय ने रोजगार सृजन पर सिटीग्रुप की रिपोर्ट को नकारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




श्रम मंत्रालय ने सोमवार को सिटीग्रुप की हाल में आई उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि भारत को सात प्रतिशत की वृद्धि दर होने पर भी रोजगार के समुचित अवसर पैदा करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

- सिटीग्रुप ने कहा, रोजगार पैदा करने भारत को संघर्ष करना पड़ेगा

मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस रिपोर्ट को तैयार करते समय 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) और भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटा जैसे आधिकारिक स्रोतों से उपलब्ध व्यापक और सकारात्मक रोजगार आंकड़ों को ध्यान में नहीं रखा गया है। आरबीआई का केएलईएमएस डेटा उत्पादन में पांच प्रमुख बिंदुओं- पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराता है। सिटीग्रुप ने भारत में रोजगार के बारे में हाल में जारी एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि सात प्रतिशत की दर से वृद्धि करने पर भी भारत को रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया कराने में समस्या पेश आ सकती है। कुछ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों ने इस रिपोर्ट का हवाला देते हुए खबरें जारी की हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बयान में कहा कि वह ऐसी रिपोर्ट का दृढ़ता से खंडन करता है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सभी आधिकारिक आंकड़ों का विश्लेषण नहीं करती हैं।

### प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार

*पीएलएफएस और आरबीआई के केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2017-18 से लेकर 2021-22 के दौरान आठ करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर पैदा किए। इस तरह प्रति वर्ष औसतन दो करोड़ से अधिक रोजगार पैदा हुए और 2020-21 के दौरान कोविड-19 महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों के बावजूद ऐसा देखने को मिला।*

# बीमा कंपनियों का नया प्रीमियम संग्रह जून में 23 फीसदी बढ़ा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जीवन बीमा कंपनियों का नए कारोबार से प्रीमियम संग्रह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 22.9 प्रतिशत बढ़ गया। जीवन बीमा परिषद की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में बीमा कंपनियों ने नए कारोबार से कुल 89,726 करोड़ रुपये का प्रीमियम जुटाया।

- चालू वित्त वर्ष के पहले तिमाही में 22.9 फीसदी बढ़ा

एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 73,004 करोड़ रुपये था। जून के महीने में नए बीमा कारोबार से प्रीमियम संग्रह 14.80 प्रतिशत बढ़कर 42,433 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 36,961 करोड़ रुपये था। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की तरफ से अधिक बीमा सुरक्षा की मांग मजबूत रहने से जून में नई पॉलिसी जारी करने में सालाना आधार पर 12.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान 21,79,282 नई पॉलिसी जारी की गईं जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 19,43,529 पॉलिसी जारी हुई थीं।

### व्यक्तिगत एकल प्रीमियम बढ़ा

*आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम सालाना आधार पर 5.94 प्रतिशत बढ़कर जून में 3,823 करोड़ रुपये हो गया। वहीं तिमाही में एकल प्रीमियम में 14.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। व्यक्तिगत गैर-एकल प्रीमियम जून में 19.61 प्रतिशत बढ़कर 8,310 करोड़ रुपये हो गया।*

# सोना 100 रुपए मजबूत, चांदी में 870 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

- चांदी बढ़कर 94, 270 रुपए किलो

इसके अलावा चांदी की कीमत भी 870 रुपये बढ़कर 94,270 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 100 रुपये अधिक है।'' वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,373 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 डॉलर अधिक है। इसके अलावा चांदी भी बढ़त के साथ 30.93 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले सत्र में यह 30.55 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

# मर्सिडीज की इलेक्ट्रिक वाहन उतारने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लक्जरी वाहन विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज इंडिया पहली बार महंगा वाहन खरीदने की मंशा रखने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उतारने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

- भारत के नए ग्राहकों को महंगा वाहन खरीदने आकर्षित करेगी

मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि वाहन स्वामित्व पर आने वाली बड़ी लागत को देखते हुए कंपनी लक्जरी खंड के नए ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए ईक्यूए और ईक्यूबी मॉडल को बेहतर विकल्प के तौर पर पेश कर रही है। इसके अलावा ईक्यूबी 350 एसयूवी (पांच सीटर) मॉडल की कीमत 77.5 लाख रुपये और ईक्यूबी 250प्लस एसयूवी (सात सीटर) की शोरूम कीमत 70.90 लाख रुपये रखी गई है। अय्यर ने कहा कि कंपनी के नए इलेक्ट्रिक मॉडल ईक्यूए और ईक्यूबी को एक करोड़ रुपये से अधिक आय वाले युवा ग्राहक खरीदकर लक्जरी वाहन का लुत्फ उठा सकते हैं। इसकी वजह यह है कि परंपरागत इंजन वाले मॉडल की तुलना में ईवी मॉडल की स्वामित्व लागत कम पड़ती है। हालांकि, अय्यर ने कहा कि मर्सिडीज-बेंज इंडिया अपने ईवी खंड में शुरुआती स्तर वाले मॉडल के साथ दो टॉप-एंड लक्जरी ईवी भी लेकर आने वाली है।

### कंपनी ईक्यूएस मेबैक एसयूवी भी लाएगी

अय्यर ने कहा, 'हम जल्द ही ईक्यूएस मेबैक एसयूवी की घोषणा करेंगे, जिसकी कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक होगी, जो एक टॉप-एंड ईवी है। इसके अलावा तीन करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली इलेक्ट्रिक जी-क्लास भी लेकर आएंगे।'

## टाटा मोटर्स समूह की वैश्विक बिक्री दो फीसदी बढ़ी




नई दिल्ली। टाटा मोटर्स की चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कुल वैश्विक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 3,29,847 इकाई हो गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 3,22,159 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने सोमवार को बयान में कहा कि पहली तिमाही में यात्री वाहनों की वैश्विक थोक बिक्री एक साल पहले की तुलना में एक प्रतिशत घटकर 1,38,682 इकाई रह गई। अप्रैल-जून तिमाही में जगुआर लैंड रोवर की बिक्री 97,755 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना पांच प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में सभी टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों तथा टाटा देवू श्रृंखला की वैश्विक थोक बिक्री 93,410 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में छह प्रतिशत अधिक है।

# मुनाफावसूली से सेंसेक्स में 36 अंक की मामूली गिरावट

## एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर हुआ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स सोमवार को मामूली 36.22 अंक की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर बंद हुआ। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हुई।

- ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने दूरी बनाए रखी

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही। अंत में यह 36.22 अंक की मामूली गिरावट के साथ 79,960.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.77 अंक तक नीचे चला गया था। निफ्टी भी 3.30 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र गिरावट के साथ 24,320.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में बढ़त का रुख रहा।



### पेटीएम का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ा

ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम की परिचालक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का शेयर सोमवार को आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया जिससे इसके बाजार पूंजीकरण में 2,279.88 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 8.12 प्रतिशत चढ़कर 472.05 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 9.87 प्रतिशत तक उछल गया था।

## व्हाइट गुड्स के लिए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से

# घरेलू उपकरणों के लिए फिर से पीएलआई योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को कहा कि वह एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट जैसे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों (व्हाइट गुड्स) के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से 90 दिन के लिए एक बार फिर शुरू करने जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत व्हाइट गुड्स उद्योग अधिक निवेश करना चाहता है। इसे ध्यान में रखते हुए आवेदन की प्रक्रिया 15 जुलाई से 12 अक्टूबर तक खुली रहेगी।

- योजना 90 दिन के लिए एक बार फिर से शुरू हो रही



### अब तक 66 कंपनियों को चुना गया

समयसीमा खत्म होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह के भेदभाव से बचने के लिए, नए आवेदकों के साथ योजना के मौजूदा लाभार्थियों को भी अपना निवेश बढ़ाकर आवेदन करने के लिए पात्र बनाया गया है। अब तक 6,962 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश वाली 66 आवेदक कंपनियों को पीएलआई योजना के लाभार्थियों के रूप में चुना गया है।

### अधिकतम तीन साल के लिए पात्र होंगे

योजना के दिशानिर्देशों के तहत, आवेदक केवल योजना की शेष अवधि के लिए ही प्रोत्साहन पाने के हकदार होंगे। बयान के मुताबिक, प्रस्तावित तीसरे दौर में स्वीकृत आवेदक अधिकतम तीन साल के लिए पीएलआई के तहत पात्र होंगे। केवल नए आवेदक और मार्च, 2023 तक की निवेश अवधि चुनने वाले एवं अपना निवेश बढ़ाने की मंशा रखने वाले मौजूदा लाभार्थी ही इसके पात्र होंगे।

### प्रोत्साहन राशि पाने के हकदार होंगे

वहीं जिन मौजूदा लाभार्थियों ने मार्च, 2022 तक की निवेश अवधि का विकल्प चुना है और प्रस्तावित तीसरे दौर में उच्च निवेश श्रेणी में जाना चाहते हैं, वे अधिकतम दो वर्षों के लिए ही प्रोत्साहन राशि पाने के हकदार होंगे। इसके साथ ही कारोबार में तरलता बनाए रखने, बेहतर कार्यशील पूंजी प्रबंधन और लाभार्थियों की परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अब पीएलआई की तिमाही दावा प्रसंस्करण की प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### अप्रैल 2021 में मिली थी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सात अप्रैल, 2021 को एयर कंडीशनर और एलईडी लाइट के कलपुर्जों के उत्पादन और उनको असेंबल करने के लिए व्हाइट गुड्स की पीएलआई योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना को 2021-22 से 2028-29 तक सात साल की अवधि में लागू किया जाना है और इसका परिव्यय 6,238 करोड़ रुपये है।

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ अब निर्णायक एक्शन का वक्त

जम्मू-कश्मीर में स्थिति गंभीर होती जा रही है। आतंकियों ने अब कठुआ में सेना के वाहन पर हमला किया, चार जवान शहीद हुए। दो महीने में सेना के वाहन पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था। वहीं दो दिन में यह सेना पर दूसरा हमला है। गत रविवार की सुबह आतंकियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में एक आर्मी कैंप पर हमला किया था। आतंकियों ने सेना पर यह हमला तब किया जब पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम कठुआ जिले के मचहेड़ी क्षेत्र में तलाशी ले रही थी। इस साल जनवरी से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हो चुके हैं। अभी जब केंद्र में मोदी सरकार की तीसरी बार वापसी हुई है, तब से आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। दहशतगर्दों ने इस साल 12 जनवरी को पुंछ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला किया था। इससे पहले 21 दिसंबर को सुनारकोट में सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। 6 व 7 जुलाई को कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हुई। इसमें 2 जवान शहीद हुए, 6 आतंकी मारे गए। जून में 7 आतंकी घटना हुई है, जिसमें 9 आतंकी मारे गए। 9 जून से 12 जून के बीच 3 आतंकी हमले हुए। कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले में पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ), हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों का हाथ बताया जाता है। ये ऐसे आतंकी गुट हैं, जिनके तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। जम्मू-कश्मीर में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल से ही आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चल रहा है, एक समय लगा कि घाटी से आतंकवाद का करीब - करीब सफाया हो गया है, आतंकियों की औसत उम्र छह माह से भी कम हो गई थी। पत्थरबाजी पर अंकुश लगा, लेकिन इधर छह महीनों में आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। पाक प्रायोजित आतंकी गुटों ने कश्मीर को फिर से अशांत करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान बेशक आर्थिक रूप से जर्जर हो, लेकिन पाक फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम अनवरत जारी रखी हुई हैं। पाक एस्टाब्लिशमेंट की भारत व पाक नियंत्रण रेखा एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) पर आतंकियों की भारत में घुसपैठ कराने की हमेशा कोशिश रहती है, कश्मीर में होने वाले अधिकांश आतंकी हमले में पाक घुसपैठिए आतंकवादी शामिल रहते हैं। यह साफ है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अभी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भारत ने आतंकवाद का मुद्दा मुखरता से उठाया था और एससीओ को अपना स्टैंड साफ करने के लिए कहा था। चीन के आधिपत्य वाले एससीओ में भारत व पाकिस्तान भी सदस्य हैं, ऐसे में पाकिस्तान पर भारत के खिलाफ आतंकवाद बंद का दबाव आवश्यक है। हालांकि चीन का पाक के आतंकवाद पर ढुलमुल रवैया रहा है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ एक्शन को और कठोर बनाना होगा, कश्मीर में दहशतगर्दों के सफाये के साथ पाक में बैठे भारत विरोधी आतंकी गुटों के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई करनी होगी। पाकिस्तान पर आतंकवाद के खात्मे का दबाव बढ़ाना होगा। दूसरी बार देश के गृहमंत्री बनने के बाद अमित शाह ने कहा है कि राजग सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एक्शन लेगी, तो अब वह समय आ गया है।



नई लोकसभा
कैप्टन अभिमन्यु

# हंगामा नहीं, विमर्श का समय

**संसद के विशेष सत्र में विपक्ष के हंगामे को समूचे देश ने देखा। अब 22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। तो क्या इस सत्र में भी विपक्ष का यही रूप रहेगा? एक दशक में संसद कामकाज से अधिक हंगामे, शोर-शराबे और जनप्रतिनिधियों-दलों के अवसरवादी आचरण के कारण चर्चा में रही है। अब सवाल है कि आखिर ऐसी परिस्थिति आई क्यों? इसके लिए हम किसे जिम्मेदार ठहरा सकते हैं या किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? जाहिर तौर पर नकारात्मक राजनीति का लाभ किसी को हासिल नहीं होगा। इसकी कीमत विपक्ष को भी चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से दलहित-निजी हित से ऊपर उठ कर नई लोकसभा में अपना योगदान देने का आह्वान किया है।**

अठारवीं लोकसभा का आगाज 24 जून को विशेष सत्र से हो चुका है। हमेशा की तरह पहले सदस्यों ने शपथ ली, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संयुक्त सत्र में अभिभाषण हुआ। अभिभाषण पर चर्चा के साथ देश की सबसे बड़ी पंचायत में कामकाज की शुरुआत हो गई। यह संक्षिप्त सत्र था, तो भी विपक्ष ने मर्यादित रहना उचित नहीं समझा। पीएम नरेन्द्र मोदी के धन्यवाद प्रस्ताव संबोधन के दौरान विपक्ष की अनवरत नारेबाजी ने खलल डाला। संसद में विपक्ष के हंगामे को समूचे देश ने देखा। यह चिंता की बात है कि क्या संसद में सुनने-सुनाने का सामान्य शिष्टाचार भी खत्म हो रहा है? अब 22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। तो क्या इस सत्र में भी विपक्ष का यही रूप रहेगा? जबकि पीएम मोदी की राजग सरकार के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण रहने वाले हैं, जिसमें संसद की भी अहम भूमिका होगी। राजग के इसी कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इसी कार्यकाल में 'एक देश एक चुनाव' पर किसी नतीजे पर पहुंचने की कोशिश होगी। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर सशक्तिकरण का द्वार भी इसी कार्यकाल में खुलना है। यही कार्यकाल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दशा और दिशा तय करने में भी भूमिका निभाएगा। सवाल है कि क्या नई लोकसभा में हमें विभिन्न दलों में कुछ कर दिखाने की सामूहिक संकल्प शक्ति प्रदर्शित करने की उम्मीद रखनी चाहिए? यह सवाल बेहद जरूरी है। जरूरी इसलिए कि एक दशक में संसद कामकाज से अधिक हंगामे, शोर-शराबे और जनप्रतिनिधियों-दलों के अवसरवादी आचरण के कारण चर्चा में रही है। संसद में सुचारू कामकाज के संचालन के प्रति दलों में घटती जवाबदेही ने संस्थागत विश्वसनीयता को बेहद कमजोर किया है। आम जनमानस में देश की सबसे बड़ी पंचायत की छवि धूमिल हुई है। ऐसे में यह सवाल प्रासंगिक है कि क्या विभिन्न दल और उसके प्रतिनिधि अतीत से सबक लेते हुए संसद की कम होती जा रही विश्वसनीयता के प्रति चिंता दर्शाएंगे, या फिर भविष्य में नई लोकसभा के पन्ने भी कामकाज, शुचिता, प्रतिबद्धता की जगह हंगामे और बेवजह के शोर के अध्याय से भरे पड़े होंगे?

अतीत की, खास कर बीते दो-तीन लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल की समीक्षा करें तो एक बेहद निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। ये तस्वीर बताती है कि कैसे भारतीय राजनीति और संसद में राजनीतिक दलों-नेताओं के बीच मतभेद की जगह मनभेद ने गहरे तक जड़ें जमा ली हैं। मसलन पिछली लोकसभा ने सबसे कम बैठकों का कीर्तिमान बनाया। केवल 274 बैठकें हुई जो औसत 468 बैठकों से बहुत कम है। इस दौरान वित्त विधेयक को छोड़ कर 179 विधेयक पारित किए गए। चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 35 प्रतिशत विधेयकों को पारित कराने में एक घंटे से भी कम समय लगा। सिर्फ 30 प्रतिशत विधेयकों पर ही लगभग तीन घंटे से अधिक की चर्चा हुई। जरा सोचिये, संसद में पारित विधेयक कानून का रूप अख्तियार कर 140



करोड़ लोगों का भविष्य तय करते हैं। बावजूद इसके विधेयकों पर चंद मिनट की चर्चा की औपचारिकता निभाना, देश की सबसे बड़ी पंचायत की कैसी छवि बनाएगा? बात यहीं तक सीमित नहीं है। संसद का सबसे महत्वपूर्ण अंग संसदीय समितियां लगातार निष्प्रभावी होती जा रही हैं। विधेयकों को विचार के लिए समितियों को भेजने का सिलसिला लगातार कम होता जा रहा है। मसलन 14वीं लोकसभा में 60 प्रतिशत, 15वीं में 71 प्रतिशत, 16वीं में 25 प्रतिशत विधेयक संसद में पेश करने से पहले संसदीय समितियों को भेजे गए। पिछली लोकसभा में महज 16 प्रतिशत विधेयक ही संसदीय समितियों को भेजे गए। बीती लोकसभा में 15 में से 11 सत्र समय से पूर्व स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित होना अब सामान्य बात हो गई है।

अब सवाल है कि आखिर ऐसी परिस्थिति आई क्यों? इसके लिए हम किसे जिम्मेदार ठहरा सकते हैं या किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? सबसे पहले तो इस तथ्य को सभी दलों को स्वीकार करना होगा कि संसद मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए है। नई परिस्थितियों, नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विमर्श के माध्यम से नए कानून बनाने और जरूरत पडऩे पर पुराने कानून में संशोधन करने के लिए है। संसद की स्थापना या गठन का मूल उद्येश्य यही है। समस्या यह है कि राजनीतिक दलों ने संसद को सियासत का माध्यम बना लिया है। तो क्या वाकई स्थिति में अनुकूल बदलाव नहीं आएगा? या क्या हम स्थिति में बदलाव के लिए आशावादी हो सकते हैं? इसका जवाब तलाशने के लिए चार जून को आए आम चुनाव के नतीजे के बाद की स्थिति का अवलोकन कीजिये। मतगणना से पहले ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए। नतीजे आने के बाद जनादेश को विपक्ष ने अपने ढंग से परिभाषित करने की कोशिश की। यह ठीक है कि भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, मगर सच्चाई यह भी है कि मतदाताओं ने उसकी अगुवाई वाले राजग गठबंधन को जनादेश दिया है। राजग के पास 294 सदस्यों का संख्या बल है, जो बहुमत से 22 ज्यादा है। विपक्षी इंडी गठबंधन को 234 सीटें ही मिली हैं। भाजपा को 240 सीटें व कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। बावजूद इसके विपक्ष ने जनादेश का सम्मान नहीं किया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण विपक्ष का नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाना है। विपक्षी इंडी गठबंधन से समारोह में सिर्फ मल्लिकार्जुन खरगे उपस्थित थे, वह भी कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से नहीं, बल्कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से। क्या विपक्ष के नेताओं की शपथ ग्रहण समारोह से दूरी को उचित ठहराया जा सकता है? क्या यह जनादेश का अपमान नहीं है? क्या यह इस बात का संकेत नहीं है कि पिछली लोकसभा की तरह विपक्ष इस बार भी नकारात्मक मानसिकता के साथ संसद में सरकार से आर या पार की जंग की राह पर है?

जाहिर तौर पर नकारात्मक राजनीति का लाभ किसी को हासिल नहीं होगा। इसकी कीमत विपक्ष को भी चुकानी पड़ेगी। ऐसी राजनीति से लोगों की नजरों में संसद की ही नहीं विपक्ष की भी विश्वसनीयता घटेगी। नतीजे आने के बाद राजग संसदीय दल की बैठक में नरेन्द्र मोदी ने संसद में अच्छी चर्चा, प्रासंगिक-स्वस्थ बहस नहीं होने पर चिंता जाहिर की। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से दलहित-निजी हित से ऊपर उठ कर सकारात्मक मानसिकता के साथ नई लोकसभा में अपना-अपना योगदान देने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान और सुझाव का स्वागत किया जाना चाहिए। संसद में स्वस्थ, सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चा हो। ऐसी चर्चा और ऐसा विमर्श जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिले। ऐसी चर्चा जो यह साबित करे कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि सबसे संजीदा लोकतंत्र भी है। दल व जनप्रतिनिधि यह न भूलें कि संसद देश के करोड़ों लोगों की आस्था और उम्मीदों की प्रतीक है।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बैंकिंग रिफॉर्म

आर.के. सिन्हा




# साइबर ठगों व करप्शन से बचाना होगा बैंकों को

नरेन्द्र मोदी सरकार के केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के बाद एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकार अब बैंकिंग सेक्टर को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाती रहेगी। बीते कुछ सालों के दौरान, भारतीय बैंकों ने जितने उतार-चढ़ाव झेले हैं, शायद किसी अन्य देश ने नहीं झेला होगा। कई भारतीय बैंक अनेक घोटालों-घपलों, ऋण अदायगी न होने, जालसाजियों, अनर्जक परिसम्पत्तियों (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) के बढ़ते बोझ, कर्जमाफी की गलत नीतियों आदि के कारण कई बार तो पूरी तरह डूब गए या भारी घाटे में चले गए। इससे निपटने के लिए पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने कुछ कदम भी उठाए, लेकिन, इनके आधे-अधूरे कार्यान्वयन से आशातीत सफलता नहीं मिली। लेकिन, राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। अनेक बैंक न सिर्फ घाटे से उबर कर लाभ की ओर अग्रसर हैं, बल्कि अनेकों घोटालों पर लगाम भी लगी है। अनेक घोटालेबाज़ों की सम्पत्ति कुर्क कर ऋण वसूली भी की गई है, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण किया गया और अनर्जक परिसम्पत्तियों का बोझ काफी कम हुआ है। क्या यह सुखद स्थिति नहीं है कि 2013 से 2017 के बीच बैंकों की अनर्जक परिसम्पत्तियां 12.47 प्रतिशत थी, जो धीरे-धीरे लुढ़कते हुए सितंबर 2023 में 3.2 प्रतिशत हो गई, भले ही इसमें सरकार द्वारा बैंकों के पुनर्पूंजीकरण का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा। अब सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति भविष्य में भी जारी रहेगी या "लौट के बुद्धु घर आए" की कहावत चरितार्थ होगी?

भारतीय बैंक इस तथ्य के साक्षी हैं कि देश की आज़ादी से पहले और बाद में भी वे डूबते रहे या भारी घाटा सहते रहे हैं। यह उबड़-खाबड़ स्थिति सोचने को विवश करती है कि जब तक लंबे समय तक सुधार प्रक्रिया जारी नहीं रहेगी, तब तक समस्या का स्थायी निराकरण संभव नहीं है। इस विषय पर वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन की हालिया प्रकाशित पुस्तक –"भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा"उपरोक्त विविध पहलुओं का बखूबी विश्लेषण करती है। आज़ादी से पहले और बाद में बैंकों में घोटालों, महाघोटालेबाज़ों, जालसाजी के हथकंडों, बैंकिंग में साइबर अपराधों, येस बैंक के उत्कर्ष एवं पतन, अनर्जक परिसम्पत्तियों के मकड़जाल आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। साथ ही, बैंकों के निजीकरण की गूंज, कृषि ऋणमाफी के अर्थशास्त्र, नोटबंदी, जन-धन योजना, रिजर्व बैंक की स्वायत्तता, डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता एवं जोखिम आदि की आलोचनात्मक चर्चा की गई है। देश में आज़ादी के बाद निजी और सरकारी बैंक दोनों थे, लेकिन, उनमें अनेक घोटाले हुए और कई बैंक डूबे भी। फिर भी, सरकारी बैंक अर्थव्यवस्था की प्रगति एवं व्यवसाय में वृद्धि में एक प्रमुख इंजन रहे। निजी बैंक आम लोगों के आसानी से खाते भी नहीं खोलते थे। जुलाई 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से आम जनता की बैंकों तक पहुंच बढ़ने लगी। इस दौर में अनेक बैंकों का विलय हुआ, जिसके कतिपय सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे। लेकिन धीरे-धीरे सरकारी बैंकों में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, राजनीतिक हस्तक्षेप आदि से असली और फर्जी कंपनियों को अनाप-शनाप मात्रा में ऋण दिए गए, जिनमें से कइयों की वसूली नहीं हुई या आंशिक वसूली हो पाई। इससे सरकारी और निजी बैंकों दोनों को भारी घाटा हुआ। 1990 के दशक के आरंभ में उदारीकरण की नीति अपनाई गई और कुछ समय के बाद आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैंस (क्रेडिट कार्य, डेबिट कार्य, चेकों का शीघ्र समशोधन, बीमा. म्यूचुअल फंड खोलना आदि) एच.डी.एफ.सी., आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, येस बैंक जैसे निजी बैंक लोकप्रिय हुए। निजी बैंकों के नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक प्रौद्योगिकी ने सरकारी बैंकों के सामने तगड़ी प्रतिस्पर्धा पेश कर दी। इससे सरकारी एवं अन्य निजी बैंक भी नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक प्रौद्योगिकी का सहारा लेने को विवश हुए। नतीजतन, सरकारी एवं निजी बैंकों की स्थिति में कुछ सुधार अवश्य दर्ज किया गया, लेकिन उदारीकरण की लहर में घोटालों-घपलों, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, राजनीति हस्तक्षेप का सिलसिला भी आगे बढ़ता गया। हर्षद मेहता, केतन पारिख के घोटाले और ग्लोबल ट्रस्ट जैसे बैंक के डूबने जैसे घटनाक्रम इसी काल में हुए। मोदी सरकार के प्रथम कार्यकाल में पी.एन.बी. बैंक, पी.एम.सी. बैंक एवं अन्य सहकारी बैंकों, येस बैंक के घोटालों, महाघोटालेबाज़ों के विदेश भागने से भारी संकट पैदा हो गया था।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव कोई नाम नहीं है



संकलित
**दर्शन**

सद्गुरु। मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

## संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### कैसे पूरा होगा वन महोत्सव का उद्देश्य

हमारे देश में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वनों की सुरक्षा और वनों की कटाई से जीव-जंतुओं पर जो प्रभाव पड़ता है, उसके प्रति जागरूकता फैलाना भी है। बरसात के मौसम में अगर पौधे लगाए जाएं तो यह इस मौसम में बहुत अच्छे तैयार होते हैं। इसलिए जिन लोगों के घरों में पौधे लगाने की जगह है, वो एक पौधा तो जरूर लगाएं। हालांकि बरसात के मौसम में कुछ राज्य सरकारें अपने यहां पौधे लगाने के लिए विशेष अभियान चलाती हैं। एनजीओ, समाजसेवी संस्थाएं और अन्य लोग भी इसके लिए काम करते हैं। अमरनाथ गुफा में शिवलिंग के समय से पहले पिघलने की खबर है। इससे यह साबित होता है कि धरती पर तापमान बढ़ रहा है, अतः पौधे लगाएं। – *पवन गुप्ता, धमतरी*

## ट्रेंड

### वातावरण के साथ जुड़ाव



ऐसे स्थान हैं जो हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज़ को आकर्षित करते हैं। आज जैसे ही मैं समुद्र के किनारे चली, मुझे आस-पास के वातावरण के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ।
-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### मजबूत संबंध



मास्को पहुंच गया हूं। दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने की आशा है, विशेषकर सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों में। हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।
नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बजट ही बिगाड़ दिया



कोई एक सब्जी का नाम बताए जो 45 रुपए किलो से कम हो? आलू, प्याज, टमाटर, भिंडी, हरी मिर्च, गोभी, अदरक, शिमला मिर्च, तुरई, बैंगन, लहसुन के भाव आसमान छू रहे है। दाल,चावल, नमक, तेल ,घी की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम आदमी का बजट ही बिगाड़ दिया है।
-तेजस्वी यादव, राजद यादव

### कोई समस्या नहीं आएंगी



जीवन में बड़ा लक्ष्य बनाएं। हम जैसे ही सत्य और ऊच्च लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे तो मार्ग में मान-सम्मान, यश-अपयश, हानि-लाभ, जय-पराजय जैसी अवस्थाएं स्वाभाविक रूप से आएंगी, किन्तु जीवन में कोई भी समस्या बाधित नही कर पाती है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

## करंट अफेयर

# चिकित्सकों के साथ गतिरोध खत्म करेगा दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह देश में लंबे समय से चिकित्सकों के साथ जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए, हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के लाइसेंस निलंबित करने की अपनी पहले की योजना वापस लेगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार की घोषणा के बाद, हड़ताल कर रहे कितने हजार चिकित्सक काम पर लौटेंगे। स्वास्थ्य मंत्री चो क्यो होंग ने सोमवार को कहा कि सरकार ने हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के लाइसेंस निलंबित न करने का फैसला किया है, चाहे वे अपने अस्पतालों में काम पर लौटें या नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसले का उद्देश्य आपातकालीन तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सकों की कमी से निपटना है। चिकित्सा प्रशिक्षु और रेजीडेंट के तौर पर काम कर रहे 13,000 से अधिक जूनियर चिकित्सक मेडिकल कॉलेज में दाखिलों में वृद्धि करने की सरकार की योजना के विरोध में फरवरी से हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल से अस्पतालों के कामकाज पर काफी असर पड़ा है। उनकी हड़ताल को उस समय झटका लगा जब मई में सियोल की एक अदालत ने सरकार की योजना के समर्थन में फैसला दिया।



## ऑफ बीट

# 16 कीड़ों का होगा सिंगापुर में भोजन के रूप में इस्तेमाल

सिंगापुर के खाद्य नियामक ने मनुष्यों के भोजन के रूप में झींगुर, टिड्डे और टिड्डियों जैसे कीड़ों की लगभग 16 प्रजातियों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, यह बहुप्रतीक्षित घोषणा उद्योग जगत के उन कारोबारियों के लिए खुशखबरी है जो चीन, थाईलैंड और वियतनाम में मिलने वाले कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान का कारोबार करते है। भोजन के लिए स्वीकृत कीड़ों में झींगुर, टिड्डे, टिड्डियां, मीलवर्म (भोजनकृमि) और रेशमकीट की विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं। सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने कहा कि जो लोग मानव उपभोग या पशुधन के चारे के लिए कीड़ों का आयात या पालन करना चाहते हैं, उन्हें एसएफए के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। इन दिशानिर्देशों के तहत, इस बात का दस्तावेजी सबूत मुहैया कराना अनिवार्य है कि आयातित कीड़ों का खाद्य सुरक्षा नियंत्रण से संबंधित विनियमित प्रतिष्ठानों में पालन किया गया और इन्हें जंगलों से नहीं लाया गया। एजेंसी ने कहा कि जो कीड़े एसएफए की 16 कीटों की सूची में नहीं हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए आकलन से गुजरना होगा कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### सांसद सिंह का कर्मचारी मंच ने किया स्वागत

**भोपाल।** सांसद गणेश सिंह का पांचवीं बार विजय हासिल करने पर रविवार को पहली बार भोपाल आगमन पर कर्मचारी मंच के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। मंच के प्रदेशाध्यक्ष को अशोक पांडे ने बताया कि सांसद गणेश सिंह ने कर्मचारी प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को सदन में रखकर निराकरण करने की मांग करेंगे। इस अवसर पर अतुल मालवीय, चांद सिंह, जगदीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### उमा बनीं महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**भोपाल।** विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के संस्थापक प्रेमनारायण विश्वकर्मा और प्रदेश अध्यक्ष



महिला मोर्चा कविता मालवी की सहमति से करोंद निवासी उमा विश्वकर्मा को श्री विश्वकर्मा महापंचायत मध्यप्रदेश संगठन में महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन कार्य का विस्तार होगा एवं कार्य में गति आएगी।

### मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहती सरकार: उमंग

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अमरवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहती है, इसलिए सदन की कार्रवाई अकारण ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि हमने घर-घर दो टोटी वाले नल लगवा दिए, घर-घर पीने का पानी पहुंचा दिया, बड़े-बड़े विज्ञापन छपाए जाते हैं। जल जीवन मिशन जिसमें पूरे प्रदेश में घोटाला हुआ है, विपक्ष इस मुद्दे को सदन में उठाता है तो सरकार इस पर भी बात नहीं करना चाहती। जनता के पैसों से चल रही योजनाओं में घोटाला हो रहा है। भाजपा सरकार में 110 करोड़ रुपए की केंचुआ खाद खरीदी में भी घोटाला हुआ है पर सरकार इसे भी छुपाना चाहती है। सरकार से सवाल करो तो या तो झूठे जवाब दिए जाते हैं या नहीं दिए जाते हैं।

---

रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र ने कहा- भाजपा एक आदर्श संगठन

भाजपा कार्य समिति की बैठक में शामिल हुए 2 हजार से अधिक पदाधिकारी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा-

# केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं को हितग्राही तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रविवार को रवींद्र भवन में आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक पूर्ण विजय का ऐतिहासिक प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल का एक आदर्श संगठन होना चाहिए। मध्यप्रदेश में भाजपा संगठन एक आदर्श संगठन है। यहां के संगठन का स्वरूप और कार्य करने की शैली विशिष्ठ है।

भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पहले विधानसभा में ऐतिहासिक सफलता फिर लोकसभा चुनाव में सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय सामान्य बात नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 प्रतिशत बूथों पर विजय प्राप्त हुई है, जिन 20 प्रतिशत बूथों पर विजय प्राप्त नहीं हुई है, उन बूथों को लेकर कार्यकर्ता अभी से बूथ विजय अभियान चलाकर कार्य करें। ऐतिहासिक विजय में शक्ति केन्द्रों की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 207 विधानसभा सीटों पर भाजपा को विजय मिली है। बाकी सीटों पर और जिन बूथों पर हमें सफलता नहीं मिली है, उन के लिए अभी से कार्य शुरू किया जाए। मध्यप्रदेश की जनता को कांग्रेस को उसके कार्यों को लेकर सबक सिखाया है।

### कार्यकर्ताओं की मेहनत से ग्वालियर में लिए गए संकल्प की हुई पूर्ति: विष्णुदत्त

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विधानसभा के चुनाव के पूर्व ग्वालियर में हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हमारे नेता अमित शाह ने संकल्प दिलाया था कि मध्यप्रदेश में सिर्फ सरकार नहीं बनेगी, बल्कि प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएंगे। कार्यकर्ताओं की मेहनत से इस संकल्प की पूर्ति हुई। 2023 के चुनाव में हमने 49 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया और 163 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। हमने नारा दिया था-मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी जिसे प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में भरपूर आशीर्वाद देकर साकार कर दिया। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ा और प्रदेश की सभी 29 सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की योजनाएं लोगों के जीवन में खुशियां ला रही हैं, तो दूसरी तरफ मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार गुड गवर्नेंस को साकार कर रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के हितग्राही भारतीय जनता पार्टी की ताकत रहे हैं, लेकिन इन योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने में हमारे कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और जीत का श्रेय इन्ही कार्यकर्ताओं को जाता है।
कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण संगठन मजबूत होता है।



### कांग्रेस के जमाने में 15 पैसे पहुंचते थे, जो आज 100 के 100 पहुंच रहे: यादव

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में 163 सीटें जीती हैं और लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। लेकिन इसका कारण क्या है? अकेली योजनाओं से जीत नहीं मिलती, क्योंकि अगर ऐसा होता तो छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तमिलनाडु और उड़ीसा में भी सत्ताधारी दलों की जीत होती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मध्यप्रदेश पार्टी के उन महापुरुषों की धरती है, जिन्होंने संगठन को खड़ा करने के लिए सिर्फ काम किया, अहंकार नहीं किया। हमें जनहित की योजनाओं के साथ साफ छवि और अहंकार रहित निस्वार्थ कार्यकर्ताओं की टोली की बदौलत यह जीत हासिल हुई है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश में कई परिवर्तन लाई है। कांग्रेस के जमाने में जहां सिर्फ 15 पैसे गरीब की जेब में पहुंचते थे, आज सरकार की ईमानदारी और नई टेक्नोलॉजी की बदौलत पूरे 100 पैसे खाते में पहुंच रहे हैं। कांग्रेस सुशासन और नीतियों के आधार पर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर सकती, वो अब नकारात्मकता के साथ षडयंत्र रच रही है। चुनावों के दौरान भी कांग्रेस ने आरक्षण और संविधान को लेकर झूठ फैलाया था। जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस हमेशा न्यायालय, चुनाव आयोग पर हमला करती रही है, संसद और लोकतंत्र का मखौल उड़ा रही है।

### झूठ बोल रहा इंडी गठबंधन, कांग्रेस 13 राज्यों में खाता भी नहीं खोल पाई: शिवराज

विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलता भाजपा और एनडीए गठबंधन को मिली है। कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में 13 राज्यों में खाता नहीं खोल पाई है। इंडी गठबंधन इस चुनाव में पूरी तरह से हारा है, लेकिन कांग्रेस हार के बाद भी जश्न मना रही है। कांगेस देश में गलत नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रही है कि वह सफल हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं को यह गलत नैरेटिव सेट नहीं होने देना है। सफलता सिर्फ भाजपा को मिली है, सफल सिर्फ भाजपा हुई है। भारतीय जनता पार्टी दक्षिण के राज्यों में भी सफलता प्राप्त कर रही है। केरल में पहली बार हमारी पार्टी का खाता खुला। उड़ीसा में चमत्कार हुआ और भाजपा ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। आंध्रप्रदेश में भाजपा के 10 प्रतिशत वोट बढ़े हैं। तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु में भी भाजपा के वोट बढ़े हैं। कर्नाटक में 28 में 17 सीटें जीतकर भाजपा सफल हुई है। राहुल गांधी ने अग्निवीर को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता नहीं मिलने का झूठ बोला, एमएसपी को लेकर झूठ बोला। लेकिन जब सदन में एमएसपी के आंकड़े रखे तो चुप हो गए। राहुल गांधी कह रहे हैं कि हमने राम मंदिर आंदोलन को हरा दिया है। बालक बुद्धि राहुल गांधी को कौन समझाए कि हिंदुत्व की परिषाभा क्या होती है। राहुल गांधी और उनका परिवार हिंदुत्व की परिभाषा नहीं जानता।




### जहां धर्म होता है, वहीं जीत होती है: सिंधिया

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के समय हमारे सामने दोहरी चुनौतियां थीं। एक विधानसभा चुनाव की और दूसरी लोकसभा चुनाव की। हमने उस समय संकल्प लिया था कि कांग्रेस को मध्यप्रदेश चौपट नहीं करने देंगे। विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति के लिए केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। हमारे ये दोनों ही संकल्प पूरे हुए हैं, जिसके लिए में सभी कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं। महाभारत में भी कहा गया है कि जहां धर्म होता है, जीत वहीं होती है। ये जीत सत्य की जीत है। सिंधिया ने कहा कि हमने संकल्प लिया था-मेरा बूथ सबसे मजबूत। इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाते हुए हमने 80 प्रतिशत बूथ जीते, 29 सीटों पर जीत हासिल की। हमारे प्रधानमंत्री कहते हैं-मेरे जीवन का पल-पल और शरीर का कण-कण देशवासियों को समर्पित है।

### जनता का भरोसा जीतने में सफल रहे हमारे कार्यकर्ता: डॉ. वीरेंद्र

केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हाल ही में हुए चुनावों में मध्यप्रदेश भरोसे का प्रदेश बनकर उभरा है। हम सभी 29 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रहे, जिसका श्रेय हमारे कार्यकर्ताओं को जाता है। कांग्रेस ने आरक्षण और संविधान को लेकर झूठ का पहाड़ खड़ा करने का प्रयास किया। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस न देश के संविधान का सम्मान करती है, न कभी संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर को सम्मान दिया। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यूपीए सरकार के समय कांग्रेस के एक नेता ने सरकार के प्रस्ताव की कॉपी फाड़ दी थी। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के खिलाफ अपना प्रत्याशी उतारकर कांग्रेस ने उन्हें संसद में निर्विरोध नहीं आने दिया, जबकि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उन्हें राज्यसभा में पहुंचाने में सहयोग किया। कांग्रेस लोगों को गुमराह करती है।

### 13 से 20 जुलाई तक करें पोलिंग एजेंटों का सम्मान: हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रदेश की विस्तारित कार्य समिति की बैठक के बाद जिला और मंडल स्तर की कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जानी हैं। 9 से 12 जुलाई तक प्रदेश के सभी जिलों की कार्यसमिति की बैठकें करनी हैं। जिन जिलों में 9 जुलाई को बैठक हो जाएगी, वहां 10 से 15 जुलाई के मध्य मंडल स्तर की कार्यसमिति की बैठकें आयोजित की जाएं। 13 से 20 जुलाई के मध्य शक्ति केंद्रों का सम्मेलन आयोजित किया जाए, जिनमें पोलिंग एजेंटों को सम्मानित किया जाए। हितानंद ने कहा कि 28 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम होना है, जिसे सभी बूथों पर सुना जाए और प्रदेश सरकार के सभी सांसद-विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र के किसी बूथ एक पर पहुंचकर कार्यक्रम सुनें और बूथ की बैठक में शामिल हों।

### बूथ स्तर तक ऐसा कार्य करें कि ऐतिहासिक सफलता मिले: जामवाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। भाजपा ने प्रदेश के सभी 29 लोकसभा क्षेत्रों में विजय हासिल की है। सफलता प्राप्त करने के साथ उस सफलता को बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता इसी तरह कार्य करते रहें और आगामी चुनावों में भी पार्टी की इस सफलता को बनाए रखें। बैठक के दौरान संसदीय बोर्ड के सदस्य सत्यनारायण जटिया, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, वरिष्ठ नेता व सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया उपस्थित रहे। बैठक में पहली बार 1099 मंडल अध्यक्षों सहित 2 हजार से अधिक पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने चुनाव में 100 प्रतिशत परिणाम दिया: उपाध्याय

प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार बुलेट ट्रेन की रफ्तार से कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं, उनमें 40 पूरे हो चुके हैं, 269 वादों पर प्रदेश की भाजपा सरकार कार्य कर रही है। उपाध्याय ने कहा कि मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत परिणाम दिया है। जन आकांक्षाओं और जन अपेक्षाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की परिकल्पना को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कार्यकाल में चुनावी संकल्प-पत्र के 269 वादों पर कार्य किया है।

### भाजपा ने विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की जमकर की तारीफ

भाजपा के विस्तारित प्रदेश कार्य समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित हुआ। इसमें प्रदेश में भाजपा के बढ़ते वोट शेयर से लेकर भाजपा सरकार की खूबियों व उपलब्धियों की प्रशंसा की गई। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की सराहना की गई। राजनीतिक प्रस्ताव में भारत सरकार की योजनाओं पीएम स्व निधि, पीएम ग्राम सड़क, मातृ वंदना योजना, स्वामित्व योजना, आयुष्मान भारत समेत सभी योजनाओं की जमकर तारीफ की गई। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना व आभार माना गया। भाजपा प्रदेश संगठन की ओर से 9 पेज के राजनीतिक प्रस्ताव में सभी पहलुओं को विस्तार से बताया गया। सुशासन, कल्याण, शिक्षा, धर्म, आध्यात्म और आधुनिकता एवं विज्ञान के कई प्रतिमान गढ़ने वाले भारत के श्रेष्ठतम शासकों में एक राजा भोज की नगरी में भाजपा मप्र की विस्तारित प्रदेश कार्य समिति आनंद गौरव और सेवा के संकल्प से भरी हुई है। विकसित भारत के लिए विकसित मप्र, मजबूत अधोसंरचना से विकास को गति, हर घर नल जल, लाभकारी खेती और किसान कल्याण भाजपा की प्रतिबद्धता, केन बेतवा लिंक परियोजना, आयुष्मान भारत योजना, एयर एंबुलेंस सेवा, लाड़ली लक्ष्मी योजना, शिक्षा, पीएम श्री योजना समेत अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारों के साथ ही संगठन पदाधिकारियों की सराहना की गई।

---

नाक में मुक्का मार कर किया बेहोश, फिर सिर पर पत्थर पटककर की हत्या

## बेमेतरा में शराब पीकर भिड़े दो दोस्त, एक ने कर दी दूसरे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमतरा

यहां रविवार रात करीब 9.30 बजे शराब पीकर दो दोस्त आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोस्त ने ही अपने दोस्त की हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बेमेतरा जिले के साजा थाना का है।
थाना से मिली जानकारी अनुसार रविवार रात 9.30 बजे मृतक भानूराम यादव पिता स्व.श्रवण यादव (24) व आरोपी मुकेश निर्मलकर पिता देवेन्द्र निर्मलकर (23) एक साथ सड़क किनारे बैठकर शराब पी। इसी दौरान दोनों के बीच में विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी मुकेश ने भानूराम के नाक पर मुक्के से वार कर दिया। इससे भानूराम बेहोश होकर गिर गया। फिर उसके सिर पर पत्थर को पटक-कर हत्या कर दी व मौके से फरार हो गया। आसपास से आने-जाने वाले लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। अचेत पड़े भानू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के कुछ घंटे बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आज सोमवार को मृतक का पीएम बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर गुस्साए युवक ने बाइक में लगा दी आग



**जगदलपुर।** जगदलपुर में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों बाइक सवारों के बीच जमकर विवाद हो गया। इसके बाद एक ने गुस्से में आकर दूसरे की बाइक में आग लगा दी। घटना पुरानी मंडी रोड की बताई जा रही है। आग लगाने वाला आरोपी मौके से फरार बताया हो गया है। पीड़ित युवक ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का मुआयना कर प्रकरण दर्ज कर लिया। साथ ही अज्ञात युवक की तलाश में जुट गई है।

जल जीवन मिशन योजना के कार्य के लिए स्ट्रक्चर लेकर जा रहा था ट्रैक्टर

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा एक युवक की मौत, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर रामनुजगंज में रविवार को जल जीवन मिशन योजना के कार्य के लिए स्ट्रक्चर ट्रैक्टर में लोड कर ट्रैक्टर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 343 से होकर ग्राम मितगई जा रहा था, इसी दौरान नगर सेना के आगे तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें एक युवक मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में बलरामपुर से जल जीवन मिशन योजना के लिए स्ट्रक्चर लोड करके ड्राइवर सहित पांच लोग ग्राम मितगई जा रहे थे इसी दौरान शाम 6:30 बजे के करीब तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। मृतक का नाम वासीद पिता घूरे खान (30) ग्राम मलीयाना,



थाना ट्रांसपोर्टनगर जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश बताया जा रहा है। वहीं घायलों में निशांत मलिक उर्फ छोटू उम्र (28), जुबेर पिता महबूब दोनों मेरठ हैं। दोनों की स्थिति गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर के पलटने के बाद उसके ठीक पीछे रामानुजगंज के नरेश रवि एवं बिट्टू अपने कार से आ रहे थे वहीं बाइक में मनोज राम थे, उन्होंने सभी घायलों को बाहर निकाल अपने-अपने कार से जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

### कैश वैन पलटने से पांच लोग घायल सभी को अस्पताल में कराया भर्ती



**बलरामपुर।** बलरामपुर रामनुजगंज में राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में सेमरसोत जंगल में रेस्ट हाउस के आगे सोमवार अंबिकापुर से एटीएम के लिए पैसे लेकर आ रही वैन के पलटने से पांच लोग घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारी बैंक राजपुर बलरामपुर एवं रामानुजगंज के एटीएम के लिए पैसा लेकर आ रही वैन दोपहर दो बजे के करीब सेमरसोत रेस्ट हाउस के आगे अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे जिससे उसमें सवार ड्राइवर, गार्ड सहित पांच लोगों को मामूली चोटें आई। घटना की सूचना पर तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग के मिखाईल कुजूर, गिरवर सिंह, अमित मिंज मौके पर पहुंचे हाईवे पेट्रोलिंग में रखें फर्स्ट एड बॉक्स से प्राथमिक इलाज सभी घायलों का किया गया।

धनपुर गांव के सुरंगटोला के किसानों का कहना है मूर्तियों को सहेज और संवारने की जरूरत है

## किसान को खेत की जुताई करने पर मिली सालों पुरानी खंडित मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में पेण्ड्रा के धनपुर गांव में किसान की जमीन पर खेत निर्माण और जोताई के दौरान सैकड़ों साल पुरानी खंडित मूर्ति और मंदिर के अवशेष मिले हैं। मामले की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी दे दी गई है, वहीं ग्रामीणों की मानें तो इस इलाके में हमेशा खुदाई के दौरान मूर्ति और मंदिर के अवशेष मिलते हैं और इन्हें सहेजने की जरूरत है।

### सैकड़ों साल पुरानी है मूर्ति


पौराणिक नगरी के नाम से जिले में अपनी अलग पहचान रखने वाली धनपुर गांव के सुरंगटोला में रहने वाले किसान छोटे लाल मराबी के खेत में रविवार शाम जेसीबी लगाकर खेत निर्माण कार्य चल रहा था, तभी खुदाई के दौरान खेतों से मूर्तियों व मंदिर के अवशेष मिले हैं। देखने में यह मूर्ति सैकड़ों साल पुरानी प्रतीत होती हैं। किसानों का कहना है कि इस तरह की मूर्तियों और मंदिर के अवशेष इन इलाकों में लगातार खुदाई या फिर अन्य कहीं अलग-अलग जगह पर अवशेष मिलते रहते हैं। यह अवशेष सैकड़ों साल पुराने हो सकते हैं। वहीं गांव के लोगों ने बताया कि जब भी कभी खुदाई के दौरान जमीनों से मूर्तियां निकलती है तो उसे प्रशासन के द्वारा ले जाया जाता है लेकिन उन मूर्तियों के अवशेष को सहजने एवं संवारने की आवश्यकता है पर प्रशासन की कोताही सामने दिखाई देती है।

कोरबा से दमकल को बुलाया, कर्मचारियों ने आग पर पाया काबू

## पेट्रोल पंप में लगी भीषण आग, क्रेन समेत 4 चार पाहिया वाहन जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमली छापर स्थित मुस्कान पेट्रोल पंप में रात लगभग दो बजे वक्त हड़कंप मच गया। जब पंप परिसर में खड़ी चार वाहनों में भीषण आग लग गई।
पहले तो पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर उस चारपहिया वाहन में लगी आग पर काबू पाया। पेट्रोल पंप में रखे अग्नि शामक यंत्र, रेत और पानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग तेज हवाओं के साथ फैलने लगी और एक-एक कर चार वाहन स्कूटी,



मालवाहक ऑटो और क्रेन को चपेट में लेली।

घटना की सूचना पर कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा, एस आई राकेश गुप्ता,आरक्षक लेखराम धीरहे मौके पर पहुंचे और मौके पर जाम भीड़ को आग से दूर रहने की हिदायत दी। साथ ही घटनास्थल से नजदीक एसईसीएल कुसमुंडा की दमकल विभाग के साथ कोरबा से दमकल विभाग के वाहन को जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंचने निर्देश दिया गया।

पेट्रोल पंप से उठी आग की चिंगारी ने एक-एक कर चार वाहन को स्वाहा कर दिया। लगभग एक घंटे बाद महज एक किलोमीटर दूर एसईसीएल की दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और जो वाहनों में अंतिम आग बची थी। उसे बुझाने का काम किया।

### वाहनों को नुकसान, किसी तरह की जनहानि नहीं हुई

एसईसीएल दमकल वाहन के पहुंचते ही कोरबा की कोर से एक और दमकल वाहन मौके पर पहुंच चुकी थी। फिलहाल, दमकल विभाग के वाहनों को वजह से आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। वाहनों के नुकसान के अलावा किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों को लेकर प्रथम दृष्टया पेट्रोल टंकी परिसर में खड़ी डीजी वाहन में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। कुसमुंडा पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जाएगी।

# भड़ली नवमी 15 जुलाई को, बनेंगे सात शुभ योग

## भड़लिया नवमी शादियों के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक मानी जाती है

जबलपुर।

भड़ली नवमी आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 15 जुलाई सोमवार को मनाई जाएगी। इसी दिन आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र की नवमी तिथि भी है। भड़ली नवमी में अबूझ मुहूर्त होता है।इस तिथि को बगैर पंचांग को देखे विवाह से लेकर कोई मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। इस बार नवमी के दिन सात शुभ योग बन रहे हैं। इसलिए इसका महत्व बढ़ जाता है।

पं शिवशंकर तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में भड़ली नवमी का विशेष महत्व है। इसे अबूझ मुहूर्त भी कहा जाता है। आसान शब्दों में कहें तो भड़ली नवमी पर बिना किसी ज्योतिषीय सलाह के सभी प्रकार के शुभ कार्य कर सकते हैं। भड़ली नवमी को शादियों के लिए सबसे शुभ दिनों में से एक माना जाता है। कई जोड़े इस दिन को अपने विवाह के लिए चुनते हैं, उनका मानना है कि यह सौभाग्य और दिव्य आशीर्वाद लाता है। इस वर्ष देवशयनी एकादशी 17 जुलाई को है। इससे पूर्व 15 जुलाई तक शुभ कार्य कर सकते हैं।



### सात शुभ योग बन रहे

भड़ली नवमी पर एक साथ सात शुभ योग का निर्माण हो रहा है। माना जाता है कि इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार के मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। इस योग का निर्माण सुबह सात बजे तक है। इसके बाद साध्य योग का संयोग बन रहा है। साध्य योग 16 जुलाई को सुबह सात बजकर 19 मिनट तक है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी पर रवि योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण दिन भर है। ज्योतिष रवि योग को शुभ मानते हैं। भड़ली नवमी पर शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। भड़ली नवमी पर अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 59 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 55 मिनट तक है। इस दिन बालव, कौलव और तैतिल योग का भी निर्माण हो रहा है।

### भड़ली नवमी पर शुभ मुहूर्त

शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 14 जुलाई को शाम पांच बजकर 26 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, समापन 15 जुलाई को शाम सात बजकर 19 मिनट पर होगा। इस समय में शिव परिवार की पूजा कर शुभ कार्य कर सकते हैं।

### भड़ली नवमी का अबूझ मुहूर्त क्यों

हिंदू धर्म में भड़ली नवमी का बहुत महत्व है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार जिन लोगों के विवाह का कोई शुभ मुहूर्त नहीं है, वे इस दिन विवाह कर सकते हैं। भड़ली नवमी के बाद से चर्तुमास शुरू हो जाता है, जिसके बाद अगले 4-5 महीने तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। कहा जा सकता है कि यह तिथि किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए शुभ होती है



# 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों ने किया पौधारोपण

जबलपुर।

भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय,राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार हवाबाग़ महाविद्यालय जबलपुर में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत 08 जुलाई 2024 को महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रबंधक लक्ष्मी छाया सिलास, प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद एवं वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अलोक चंसोरिया के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री दीक्षित एवं मोहम्मद हसनैन बेग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों इसना जबीं, आराध्या तिवारी, आकांक्षा पटेल, भारती सरौते, सोनिया कोल, रूही परवीन, अर्चना मरावी, निर्जला पेंदो, प्रिया जायसवाल, पलक गोंड़, मनाली जायसवाल की सक्रिय सहभागिता रही।

# शहादत का पर्व मुहर्रम शुरू इस्लामी नये साल का आगाज



**जबलपुर।** शहजादा ए मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत सूफी जियाउल हक़ कादरी बुरहानी के अनुसार 6 जुलाई मुताबिक 29 जिल्हज को मुहर्रम का चांद नजर नहीं आया है। ना ही कहीं से 29 का चांद देखे जाने की शहादत मौसूल हुई है। लिहाजा 30 के चांद के मुताबिक पहली तारीख का एलान किया जाता है। आगामी 17 जुलाई मुताबिक 10 मुहर्रम को यौमे आशूरा रहेगा। आज 08 जुलाई को पहली मुहर्रम से इस्लामी नया साल हिजरी सन 1446 का आगाज हुआ। मुहर्रम की पहली तारीख से इमामबाड़ों तथा मुस्लिम बस्तियों में नजरों न्याज़ पेश करने का सिलसिला शुरु हो जाएगा।

# सेवानिवृत क्रीड़ा अधिकारियों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा अधिकारियों के द्वारा मध्य प्रदेश के समस्त सेवानिवृत क्रीडा अधिकारियों का सम्मान एवं नवागत क्रीड़ा अधिकारियों का स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया, पहले चरण में मध्य मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त क्रीडा अधिकारियों के द्वारा शाल श्रीफल एवं मोमेंटो प्रदान किया, जूनियर क्रीडा अधिकारियों का तिलक और पुष्प प्रदान कर स्वागत किया, अगले चरण में समस्त संभागों से उपस्थित शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के क्रीड़ा अधिकारियों द्वारा बैठक आयोजित कर महाविद्यालय शारीरिक शिक्षा शिक्षक एकता कल्याण संघ की बैनर तले मध्य प्रदेश की कमेटी का गठन उपस्थित क्रीडा अधिकारियों की सहमति से किया गया जो अपनी कार्य योजना तैयार कर मध्य प्रदेश के समस्त क्रीड़ा अधिकारियों के हित में कार्य संपन्न करेगा जिन पदाधिकारी का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया उनमें संरक्षक डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई,



संरक्षक डॉक्टर सुभाष हार्डिकर, अध्यक्ष डॉ. ज्योति जुंगरे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर वंदना श्रीवास्तव, ग्रेस बिहारी भोपाल, उपाध्यक्ष डॉक्टर हबीब खान रीवा उपाध्यक्ष डॉक्टर मोनिका हार्डिकर सागर उपाध्यक्ष डॉ ज्योति जाट उपाध्यक्ष डॉ नीलिमा पीटर उपाध्यक्ष नर्मदा पुरम संभाग डॉ सुशील पटवा सचिव जुगल किशोर संयुक्त सचिव डॉक्टर रमेश शुक्ला महासचिव डॉक्टर लखविंदर सिंह कोषाध्यक्ष डॉ नमन सारस्वत सह सचिव शामिल हैं।



# धीरूभाई अम्बानी की स्मृति में किया रक्तदान

**जबलपुर।** रिलायंस कंपनी के संस्थापक धीरूभाई अम्बानी की पुण्य तिथि पर देश भर में सभी जगह मानव सेवा के कार्यों के साथ ही रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, इसी क्रम में जबलपुर में भी बिगबाजार स्थित रिलायंस स्मार्ट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर में कार्यरत रिलायंस के सभी कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर का संचालन रेडक्रास के आजीवन सदस्य रमेश नायडू ने किया। शिविर को सफल बनाने में रिलायंस कंपनी से अशोक यादव, सत्यजीत सिंह, इक्षित भूरा, दीपक कुशवाहा, एलेक्स सिबेस्टेन, शिवानी पटेल, डॉ. तुषार गुप्ता, अमित पटेल, प्रशांत शर्मा, नरेश वाल्मीक, रमेश नायडू का विशेष योगदान रहा।



# मौसी के घर पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**जबलपुर।** बंगाली क्लब करमचंद चौक मंदिर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के बाद मौसी के यहां पहुंचे, यहां पर उन्होंने मंदिर से हॉल में अलग रखा गया है, उनका कहना है कि वो मौसी के यहां पर आ गए हैं।



# सुदर्शन समाज ने केंट सीईओ को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** छावनी में व्यापार करने वालें सुदर्शन समाज के लोगों ने केंट सीईओ को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 3 के अंतर्गत सभी सरकारी भवन में ठेकेदार द्वारा घटिया काम कराया जा रहा है और छावनी से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को बरसात में मकान खाली करने के नोटिस जारी किए गए है। वहीं छावनी के कुछ अधिकारी खाली पड़े मकान को किराए से चला रहे हैं। ज्ञापन सौंपते समय सुदर्शन समाज के राष्ट्र सचिव आकाश मलिक सुंदर अग्रवाल, वेद महावर सुरेश रजक, डॉक्टर ऋषि बावरिया, नरेश रैकवार, राज बिहुनिया, लव सिंह, शुभम राठौड़, सुरेंद्र चौधरी, प्रभात शुक्ला, शुभम पारस, ऋषभ समुन्द्रs, चंदू अर्खेल, निक्की सेन, विकास मलिक, मन्नू पसेरिया, पूरण भैया, पिंटू भाई, शुभम पारस, नागेश गिरानिया, अनिल ठाकुरासी, रूपेश पारस, दिनेश ग्रावकर, गौरव महेड़िया, गुलशन डांगे, राकेश धामन, अजय बिछेल, सविता, संगीता, संध्या, शीला सुखदान, बिमला बाई, सजनी खरे, शिवा स्वामी, आशीष आदि लोग मौजूद रहें।

# विद्युत कंपनियों में भेदभाव से युवा अभियंताओं का पलायन

## म.प्र. में अपना भविष्य अंधकार में देख अनुभवी युवा अभियंताओं ने छोड़ी बिजली कंपनी

जबलपुर।

मध्य प्रदेश की विद्युत कंपनियों में भेदभाव से परेशान होकर एवं ओ 3 स्टार, पदोन्नति और अन्य विसंगतियों के कारण अपने भविष्य को अंधकार में देखते हुए अन्य विद्युत कंपनियों में आवेदन किए, लगभग 37 अभियंताओं को एनटीपीसी ने दस्तावेज वेरिफिकेशन के लिए आमंत्रित किए, अनुभवी इंजीनियर्स मध्य प्रदेश की विद्युत कंपनियों को छोड़कर जाने से सबसे अधिक नुकसान मध्य प्रदेश की पावर जनरेटिंग कम्पनी को होगा, पिछले 6 महीनों में लगभग 70-80 अभियंताओं ने कंपनी से त्यागपत्र देकर दूसरी जगह ज्वाइन किया है, सारणी में 660 मेगावाट इकाई मार्ग प्रशस्त हुआ था लेकिन लगता है की इंजीनियरों के नौकरी से जाने पर इस यूनिट पर संकट के बादल छाने वाले हैं। मीडिया एवं विभिन्न संगठनों द्वारा कंपनी प्रबंधनों को कई बार चेताया की ओ 3 स्टार कॉलम को पे मैट्रिक्स से विलोपित करने एवं नियमित पदोन्नति जैसी मांगों का यदि समय रहते निराकरण नहीं किया गया तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं, परंतु कंपनी प्रबंधन आज भी गहरी नींद में है। अभियंताओं से चर्चा की तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया की वे सभी अपनी वर्तमान कंपनियों के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हैं परंतु प्रबंधन द्वारा विगत 8 वर्षो से ध्यान नहीं देने से उन्हे अपना भविष्य अंधकारमय लग रहा है, इसलिए वह विवश होकर विद्युत कंपनी छोड़ रहे हैं, यदि प्रबंधन अभियंताओं की मांगों को पूर्ण करता है तो वे कंपनी छोड़कर जाने का विचार त्याग देंगे।

म. प्र. विद्युत मंडल अभियंता संघ
संघे एव बलमस्ति



# शिक्षकों को उल्लास नवभारत साक्षरता से मुक्त रखा जाए, ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आज कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर के नाम एक ज्ञापन दिव्या अवस्थी उपायुक्त को सौंपकर ये मांग की गई है की शिक्षकों को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम से मुक्त रखा जाए। ज्ञात रहे की शिक्षकों को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में लगाया गया है जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है, सैकड़ों शिक्षक इस कार्य में संलग्न हैं, जबकि यह जिले की तमाम एनजीओ के माध्यम से करा या जा सकता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत असाक्षरों के पढ़ने का समय निश्चित नहीं है किसी को सुबह का समय तो किसी को रात का समय दिया गया है, ऐसे में शिक्षक स्कूल के बच्चों को देखें या इन असाक्षरों को देखें वैसे भी विद्यालय में शिक्षकों की कमी है और वर्तमान में कोई अतिथि शिक्षक भी रखने का कोई आदेश अभी तक नहीं हुआ है। अतः कमिश्नर से निवेदन है की इस उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम से शिक्षकों को मुक्त कर जिले के एनजीओ को कार्य दिया जाए ताकि सुनियोजित रूप से यह कार्यक्रम सफल हो पाए। अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनुकान्त शर्मा, दिनेष गौड़, राकेष श्रीवास, हेमन्त ठाकरें, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, फिलिप अन्थोनी, राकेश गुप्ता, राज कुमार यादव, गोपीषाह, एनोस विक्टर, मनमोहन चौधरी, आदि ने कमिश्नर से मांग की है की शिक्षकों को उल्लास नवभारत साक्षरता से मुक्त रखा जाए।

## श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**जबलपुर।** श्री गुरु नानक महिला महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं का तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिवस नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय एवं उसकी उपलब्धियों से अवगत कराया गया, इसी क्रम में द्वितीय दिवस नई शिक्षा नीति से संबंधित जानकारी को विस्तार से छात्राओं को बताया गया। तृतीय दिवस महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विमलकांत सैनी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम एवं एनएसएस, रेड रिबन क्लब, खेलकूद, करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं से छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष स. जीएस बांगा, सचिव स. जसप्रीत सिंह आहूजा, कोषाध्यक्ष स. रविन्दर सिंह दुआ ने नव प्रवेशित छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# कोरोना महामारी ने केटरिंग इंडस्ट्री की सोच बदली

## कृषि विश्वविद्यालय में केटरिंग के प्रबंधन और एग्रो मशीनरी पर परिचर्चा



जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान में केटरिंग प्रबंधन व्यवसाय पर एक परिचर्चा की। इसमें केटर्स ओम केशरवानी ने अपने संघर्ष की गाथा, सीख, प्रबंधन एवं ग्राहक से संबंध के विषय पर व्यवहारिक चर्चा की। श्री केशरवानी ने एमबीए के छात्रों को ईमानदारी, समय की पाबंदी, लचक निर्धारण, आत्मविश्वास जैसे मानव गुणों को विकसित करने में विशेष बल दिया। विभिन्न आयोजनों को परियोजना की भांति संपन्न करते हैं और ग्राहक की संतुष्टि में अपनी संतुष्टि और लाभ देखते हैं। उन्होंने कहा कि लाभ से ज्यादा भावनात्मक रिश्ते को प्राथमिता देते हैं। कोरोना काल केटरिंग व्यवसाय में सर्वधिक चुनौतियां पूर्ण एवं धैर्य का था। इस महामारी के बाद कैटरिंग इंडस्ट्री की सोच, आयाम और स्वरूप बदल गया। पूर्व की बड़ी आउट डोर पार्टियां सिकुड़ने लगीं है और छोटे समूहों में शादी की पार्टियां होना और होटलों में यानी इंडोर पार्टी की चलन प्रारंभ हुई। अपने इस अनुभव को साझा करते हुए श्री केशरवानी ने एमबीए के छात्रों को संघर्षशील रहने की सलाह दी। एमबीए के छात्रों ने अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

**एग्रो कैमिकल्स एवं एग्रो मशीनरी के व्यवसाय पर चर्चाः** इसी प्रकार जबलपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष, राजेश कुमार एवं राजीव एबोट का कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, जनेकृविवि में आगमन हुआ। आपने एमबीए के छात्रों को एग्रो कैमिकल्स एवं एग्रो मशीनरी के व्यवसाय से परिचय एवं विभिन्न बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमति कमलेश सिंह बैस पति श्री राजेश कुमार सिंह बैस पता - ग्राम मझौली, पो. भुड़सा तह. बड़वारा जिला कटनी (म.प्र.) आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम कमलेश देवी लिख गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम श्रीमति कमलेश सिंह बैस है अतः अब से मेरा नाम श्रीमति कमलेश सिंह बैस पति श्री राजेश कुमार सिंह बैस पढ़ा-लिखा व दर्ज किया जावे।

गलत नाम - कमलेश देवी

सही नाम

श्रीमति कमलेश सिंह बैस

पति राजेश कुमार सिंह बैस

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा. प्र. कं. / 897/ अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजीव सोनी, S/o. स्व. प्रेम नारायण सोनी नि. 68 फूटाताल रोड रविनाथ टैगोर वार्ड. ने नजूल ब्लाक नं 107 प्लाट नं. 63, 66/2, एवं 68 निर्मित रकवा / रकवा 1296 व. फु. ग्राम ओमती गलगला रकवा 1296 व. फु. हे. मृत्यु दिनांक 10/12/23 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 107. प्लाट नं. 63,66/2 एवं 68 निर्मित रकवा / रकवा. 1296 .व. फु. ग्राम ओमती गलगला रकवा 1296 व.फु./ हे. श्रीमती कृष्ण बाई जोजे प्रेमनारायण सोनी सा. फूटाताल के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 19/07/2024 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 14/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 14/06/2024
पेशी दिनांक 19/07/2024

सील

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

## कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट/कोर स्किल' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

# आई.टी. क्षेत्र में पतंजलि अब करेगा नई क्रांति : स्वामी रामदेव



**हरिद्वार।** पतंजलि के आईटी. संस्थान भरूआ सॉल्यूशन्स के तत्वाधान में पतंजलि विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में ''कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट/कोर स्किल'' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव ने कहा कि आईटी. क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान भरूआ में निहित है। पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ ने पतंजलि के साथ-साथ कई कम्पनियों में अपनी आई. टी. स्किल्स का लोहा मनवाया है। हाल ही में भरूआ ने कई विख्यात कम्पनियों के साथ आई. क्षेत्र में करार किए हैं, आई.टी.क्षेत्र में पतंजलि अब नई क्रांति करेगा। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि को पूरी दुनिया योग व आयुर्वेद के संदर्भ में जानती है। हमने भरूआ सॉल्यूशन्स के रूप में आईटी. के क्षेत्र में कदम रखा है। भरूआ ऐसे ही आई. टी. कम्पनी नहीं बनी, यह पूर्ण समर्पण का परिणाम है। भरूआ की उपलब्धि है कि आज आईटी. क्षेत्र में भरूआ के 8 पेटेंट हैं। वेल्सपन कम्पनी में भरूआ के प्रोडक्ट ही संचालित हैं। इसी प्रकार मदर डेयरी, अमूल, सिंटेक्स, रेलवे, नई संसद भवन की कैंटीन का सभी काम भरूआ सॉल्यूशन्स द्वारा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 एयरपोर्ट के डाटा को सेन्ट्रलाइज व मौनिटरिंग के लिए भी भरूआ को आर्डर मिला है। उन्होंने बताया कि आज पतंजलि की आईटी. आवश्यकताओं को भरूआ सॉल्यूशन्स पूरा कर रहा है। पतंजलि के आईटी. संस्थान भरूआ के पास वर्ल्ड क्लास ढांचे व सभी सर्टिफिकेशन उपलब्ध हैं। भरूआ में अधिकांश साफ्टवेयर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आधार पर बनाए जा रहे हैं। पहले हम अपनी सभी इकाइयों में विभिन्न आई.टी. कम्पनियों के सॉफ्टवेयर प्रयोग करते थे जो अब हमने अधिकांश इकाइयों में बंद करा दिए हैं। पतंजलि की अलग-अलग जरूरतों जैसे- सप्लाई चेन के लिए डीएमएस, पीओएस, ईआरपी, एचआरएमएस, एचएमआईएस, डब्ल्यूएमएस. बिलिंग, अकाउंटिंग के लिए भरूआ के विभिन्न सॉफ्टवेयर संचालित हैं। उन्होंने बताया कि अभी भरूआ सॉल्यूशन्स अपनी प्रारंभिक अवस्था में है जो विशाल वट वृक्ष के बीज के समान है। अभी इसका व्यापक विस्तार होना बाकी है। आचार्य जी ने बताया कि इस कम्पनी को स्थापित पवन जी, कविंद्र जी व उनकी टीम का बड़ा योगदान है। पतंजलि फूड्स लि. कंपनी के प्रबंधक श्री रामभरत ने कहा कि भरूआ आई.टी. क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी के रूप में विकसित हो रही है। जल्द ही इसकी व्यापकता देश व दुनिया में बढ़ेगी। कार्यशाला में भरूआ साल्यूशन्स के अध्यक्ष इरेंद्र छाबड़ा, उपाध्यक्ष कविंद्र सिंह, पतंजलि आयुर्वेद लि. के आई.टी. प्रमुख पवन सिंह सहित भरूआ सॉल्यूशन्स की हरिद्वार, हैदराबाद एवं नोएडा इकाई के 250 से अधिक कर्मचारी उपस्थित रहे। आचार्य जी द्वारा कम्पनी के बेस्ट परफामर्स को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## इजराइल ने गाजा में स्कूल पर किया हमला, 16 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

गाजा पट्टी में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं, साथ ही इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों की संख्या कम से कम 75 बताई गई है। हमास की तरफ से संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, इमारत में हजारों विस्थापित लोग रह रहे थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ ) ने कहा कि वायुसेना ने "सेंट्रल गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के अल-जौनी स्कूल के क्षेत्र में स्थित इमारत में रह रहे कई आतंकवादियों" पर हमला किया। "यह स्थान आतंकवादियों के छिपने की जगह थी। इसका उपयोग आईडीएफ सैनिकों पर हमले के लिए किया जा रहा था। हमले से पहले "नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने कई कदम उठाए गए, जिसमें सटीक हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी का उपयोग शामिल था". आईडीएफ ने हमास पर इल्जाम लगाया है कि वह इजराइल के खिलाफ हमलों के लिए नागरिक इमारतों और नागरिक आबादी का मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

# द्वितीय विश्व युद्ध की सैकड़ों सैन्य वस्तुओं की होगी नीलामी



**नई दिल्ली। साल 1939-1945 तक चलने वाला द्वितीय विश्व युद्ध एक खतरनाक सशस्त्र संघर्ष था। यह युद्ध जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस, ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ व चीन के बीच लड़ा गया था। इस युद्ध को खत्म हुए 74 साल हो चुके हैं, लेकिन अब भी इससे जुड़ी कई चीजें दुनियाभर के अलग-अलग हिस्सों में मिलती रहती हैं। इसी कड़ी में अब ग्वेर्नसे में विश्व युद्ध 2 से संबंधित 100 से ज्यादा वस्तुएं पाई गई हैं, जिन्हें जल्द ही नीलाम किया जाएगा।**

### घर में सफाई के दौरान मिली ये नायाब वस्तुएं

ये सभी वस्तुएं ग्वेर्नसे के एक घर की सफाई के दौरान पाई गई हैं। बता दें ग्वेर्नसे इंग्लैंड के समुद्र में स्थित एक द्वीप है, जो पहले जर्मनी के शासन में था। अब ग्वेर्नसे के एक नीलामी घर के द्वारा इन वस्तुओं को नीलाम किया जाएगा। इस नीलामीघर से संबंधित डेविड मोंटगोमरी नामक व्यक्ति ने कहा, यह निश्चित रूप से आश्चर्य की बात थी। खोजी गई वस्तुओं की संख्या उम्मीद से कई ज्यादा है।



### हेलमेट की शुरूआती कीमत 33,000 रुपए

इस संग्रह में बहुत सारे पुराने सैन्य हेलमेट पाए गए हैं। इनमें से अधिकतर जर्मन थे, लेकिन कई इतालवी, ब्रिटिश और एक जापानी भी था। नीलामीघर द्वारा सभी हेलमेटों में से जापानी हेलमेट की शुरूआती कीमत करीब 33,000 रुपये लगाई गई है। डेविड का कहना है कि इन वस्तुओं को खरीदने के लिए हजारों लोग दिलचस्पी दिखा सकते हैं। डेविड का मानना है कि इनमें से एक हेलमेट की विशेष रूप से अधिक रकम में बिकने की संभावना है।

### ऑनलाइन कराई जाएगी नीलामी

नीलामी में दर्जनों गोलियों के खोखे, 1940 के दशक की सिग्नल नामक जर्मन पत्रिका, फील्ड टेलीफोन, गैस मास्क और खाली मास्क कंटेनर समेत कई अन्य चीजें शामिल की गई हैं। इन सैन्य वस्तुओं की नीलामी केवल ऑनलाइन हो रही है और डेविड ने बताया है कि इन्हें खरीदने के लिए यूके, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया से लोगों ने पहले ही दिलचस्पी दिखाना शुरू कर दिया है।

### इतिहासकारों ने सिद्ध की चीजों की प्रामाणिकता

सैन्य इतिहास में रुचि रखने वाले कई द्वीपवासी इन बेशकीमती वस्तुओं को देखने के लिए नीलामीघर पहुंचे थे। नीलामी के लिए प्रदर्शित की गई कुछ वस्तुओं ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इनमें परिशोधन मरहम की कुछ छोटी बोतलें भी शामिल थीं, जो जर्मन सैनिकों द्वारा उपयोग की जाती थीं। इतिहासकारों ने कुछ चीजों की प्रामाणिकता स्थापित करने में मदद की। हालांकि, कुछ वर्दी वाली जैकेटों में गलत प्रतीक चिन्ह लगे हुए थे, जिससे उनकी प्रामाणिकता पर संदेह होता है।



## महिंद्रा ने ट्रकों के लिए शुरू की माइलेज गारंटी

**पुणे।** महिंद्रा समूह की इकाई महिंद्रा ट्रक और बस डिवीजन (एमटीबीडी) ने BLAZO X, FURIO, OPTIMO & JAYO ट्रकों की अपनी पूरी BS6 OBD II रेंज के लिए एक शानदार कस्टमर वैल्यू प्रीपोजीशन की घोषणा की है। कमर्शियल वाहन उद्योग में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महिंद्रा ने इस पहल को 'अधिक माइलेज हासिल करें या ट्रक वापस दें' नाम दिया है। इस पहल में एचसीवी, आईसीवी और एलसीवी ट्रकों को शामिल किया गया है। इंडस्ट्री की यह अग्रणी पहल ईंधन की बढ़ती कीमतों और विकसित नियामक मानकों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए शुरू की गई है। नई रेंज में फ्यूलस्मार्ट तकनीक के साथ प्रमाणित 7.2 एमपावर इंजन (एचसीवी) और एमडीआई टेक इंजन (आईएलसीवी), प्रमाणित आफ्टर ट्रीटमेंट सिस्टम के साथ माइल्ड ईजीआर शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप एड ब्लू की खपत कम होती है। साथ ही इनमें अन्य अनेक टैक्नोलॉजी संबंधी एडवांस्मेंट भी जोड़े गए हैं और अत्याधुनिक iMAXX टेलीमैटिक्स समाधान भी है, जो गारंटीड उच्च माइलेज सुनिश्चित करते हैं। इस माइलेज गारंटी में न केवल फ्यूल एफिशिएंसी शामिल है, बल्कि इसमें सबसे कम एड ब्लू खपत का संयोजन भी है, इसलिए सही मायने में महिंद्रा की माइलेज गारंटी का मतलब है श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ 'फ्लुइड एफिशिएंसी'।

## मिजोरम सीएम ने पीएम से कहा 'बांग्लादेशी शरणार्थियों को वापस नहीं भेज सकते हमारी स्थिति समझिए'

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने केंद्र सरकार से पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश से आए शरणार्थियों को शरण देने में मिजोरम की स्थिति को समझने की खास अपील की है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बीते दिन भेंट कर कहा कि उनकी सरकार शरणार्थियों को वापस नहीं भेज पाएगी। राज्य के गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि 2022 से बांग्लादेश से लगभग 2,000 जो (**Zo**) जातीय लोगों ने मिजोरम में शरण ली है। दिल्ली में पीएम मोदी के साथ एक बैठक में सीएम लालदुहोमा ने उन्हें सूचित किया कि उनकी सरकार बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) से जो जातीय लोगों को वापस नहीं भेज सकती या निर्वासित नहीं कर सकती।



## पूर्व कांग्रेसी गोपाल 'आप' के नए छग प्रदेशाध्यक्ष, विरोध में इस्तीफे

**रायपुर।** कांग्रेस से आम आदमी पार्टी में आए गोपाल साहू को आप का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्षों से संघर्षरत कार्यकर्ताओं के स्थान पर दूसरी पार्टी से आए कार्यकर्ता को पद दिए जाने का विरोध भी शुरू हो गया है। गोपाल साहू को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम जायसवाल और बीते विधानसभा चुनाव में रायपुर उत्तर से प्रत्याशी रहे विजय गुरुबक्षाणी ने इस्तीफा दे दिया है। उनके समर्थन में थोक में समर्थकों द्वारा इस्तीफा दिया गया है। कुछ अन्य कार्यकर्ताओं की सोमवार को इस्तीफे की आशंका है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कोमल हुपेंडी के भाजपा प्रवेश के बाद से यह पद रिक्त था। लोकसभा चुनाव के बाद अब आप द्वारा नई कार्यकारिणी गठित की गई है। जारी अधिसूचना के मुताबिक, पार्टी के कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह को संगठन प्रदेश महासचिव बनाया गया है। उनके साथ वदूद आलम को भी प्रदेश महासचिव बनाया गया है। सूरज उपाध्याय प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और रायपुर जिला अध्यक्ष नंदन सिंह को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### छग प्रभारी पर भेदभाव का आरोप

नई कार्यकारिणी घोषित होने के साथ ही उत्तर जायसवाल ने इस्तीफा सौंपकर अपना बायान जारी किया। उन्होंने बुराड़ी विधायक व छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा पर छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ अच्छा नहीं करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा, बारह से तेरह वर्ष तक पार्टी संग संघर्ष किया। कुछ वर्षों से मैं बहुत कोशिश कर रहा था कि व्यवस्था सुधरे, लेकिन केवल कुछ चुनिंदा लोगो को ही सारा अधिकार दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भावनाओ के साथ खेलना शुरू किया। जो लोग पार्टी के लिए झंडा उठाकर हमेशा खड़े रहते हैं, उन्हें टिकट देना तो दूर, उनसे राय भी नहीं ली जाती है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500-82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544 (रायपुर /16 / जुलाई 24)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667(रायपुर/25/जुलाई 24)

फायनेंस

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छूट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) संपर्क मोबाइल:- 08826459431 (रायपुर/09/जुलाई 24)

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

# उपग्रह खींचकर देगा आपके आंगन की तस्वीर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्या आप अपने घर के आंगन की उपग्रह से तस्वीर लेना चाहते हैं? यह जल्द ही संभव हो सकता है। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप 'पिक्सल' की एक ऐसा ऑनलाइन सॉफ्टवेयर लाने की योजना है जिससे आप उसके उपग्रहों द्वारा पृथ्वी की खींची गयी तस्वीरों को देख सकते हैं। 'पिक्सल स्पेस' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सह-संस्थापक अवैस अहमद ने बताया कि पृथ्वी निगरानी स्टूडियो शुरू करना अंतरिक्ष आधारित डेटा को बेहद कम शुल्क पर आम आदमी तक उपलब्ध कराने के प्रयासों का हिस्सा है। पिक्सल का यह पृथ्वी निगरानी स्टूडियो 'औरोरा' इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है जिससे उपग्रहों द्वारा ली गई पृथ्वी की 'हाइपरस्पेक्ट्रल' छवियों और डेटा विश्लेषण को सभी के लिए सुलभ बनाया जा सकेगा। अहमद (26) ने कहा, यह 'गूगल अर्थ' इस्तेमाल करने जितना आसान होगा लेकिन उपग्रह से ली गयी ।




### शकुंतला और आनंद उपग्रह प्रक्षेपित

पिक्सल स्पेस ने पृथ्वी की तस्वीरें खींचने के लिए दो उपग्रह शकुंतला और आनंद प्रक्षेपित किए हैं। उसकी इस साल तक छह उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना है। इस स्टार्टअप की अगले साल 18 और उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना है।

### कैसे मिलेगी तस्वीर

'औरोरा' के उपयोगकर्ता डेटाबेस में पहले से उपलब्ध उपग्रह से ली गयी तस्वीरों को देख सकते हैं या पृथ्वी की निचली कक्षा में चक्कर लगा रहे पिक्सल के उपग्रहों को 'कोई विशेष तस्वीर खींचने' का जिम्मा दे सकते हैं। अहमद ने कहा, मान लो, मैं अगले एक-दो सप्ताह में चिकमंगलुरु की एक तस्वीर चाहता हूं। यह काम हमारे उपग्रहों को सौंपा जाएगा और जब आप इसके लिए भुगतान करेंगे तो वे यह तस्वीर आपको उपलब्ध करा देंगे।


## शब्द पहेली - 5566



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5565 का हल



## सूडोकु नवताल - 5577

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5576 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# सहेली



बदलते हुए समय के साथ वैवाहिक रिश्तों को लेकर महिलाओं की सोच भी बदली है। उनके लिए विवाह अब अनिवार्य नहीं रहा है। आज कई महिलाएं पूरी स्वतंत्रता के साथ सिंगल रहना पसंद करती हैं। विवाह को लेकर बढ़ती अरुचि, टूटते वैवाहिक संबंधों की बढ़ती संख्या पर एक जरूरी विवेचन।

# महिलाएं क्यों रहना चाहती हैं सिंगल

कवर स्टोरी / अलका 'सोनी'

विवाह हमारे समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा है। ऐसा माना जाता है कि जीवन की गाड़ी, विवाह के पहिए पर ही आगे बढ़ती है। विशेषकर महिलाओं के लिए तो विवाह अनिवार्य है। इनका सिंगल रहना जैसे वर्जित है। लड़की की उम्र थोड़ी ज्यादा हुई नहीं कि उसके बारे में तरह-तरह की बातें होने लगती हैं। लोग उससे यही पूछते हैं, 'तुम्हारे हाथ कब पीले हो रहे हैं? मिठाई कब खिला रही हो?' इतना ही नहीं समाज के लोग तरह-तरह के अटपटे सवाल भी करते हैं। लड़की खुद को बहुत शर्मिंदा महसूस करती है। हम यह क्यों नहीं समझते कि बदले हुए दौर में लड़कियों की सोच भी बदल चुकी है। अब उनके जीवन में विवाह के इतर भी बहुत कुछ है।

## लड़कियों की बदल गई हैं प्राथमिकताएं

पिछले कुछ समय से लड़कियों की वैवाहिक रिश्ते में बंधने और इसके प्रति कमिटमेंट में रहने की मानसिकता में बदलाव आया है। शादी, जिसे सात जन्मों का बंधन माना जाता है, यह सोच बदली है। पति के साथ हर हाल में संबंधों का निर्वाह उनके लिए अब जरूरी नहीं है। आज उनके लिए अकेले रहना मुश्किल नहीं है। सामाजिक रीति-नीति को झुठलाती ये लड़कियां आत्मविश्वास से भरपूर और आत्मनिर्भर हैं। इनकी प्राथमिकताएं अब बदल चुकी हैं। शादी को यह आधी दुनिया अब बहुत जरूरी नहीं समझती।

## क्यों बढ़ रही है विवाह के प्रति अरुचि

सवाल यह है विवाह और विवाह संबंधों की बढ़ती अरुचि के पीछे कारण क्या हैं? डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई एक स्टडी के अनुसार संबंधों को चलाने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा काम और मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरह से गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी हमारे समाज में महिलाओं के हिस्से में डाल दी जाती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाएं रिश्तों को निभाने के साथ-साथ घर के काम, खाना बनाना, फैमिली का ध्यान रखना, बच्चों की परवरिश, रिलेशनशिप में होने वाली छोटी-मोटी लड़ाइयों का निपटारा आदि बातों में इतनी ज्यादा उलझ जाती हैं कि रिलेशनशिप में उनकी रुचि एक समय के बाद खत्म हो जाती है। वे अपना 'मी' टाइम मिस करने लगती हैं। नतीजा यह होता है वे विवाह के बंधन से मुक्त होने की सोचने लगती हैं।

## कोई गिला नहीं जिंदगी से

अब तेजी से वक्त बदल रहा है। महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता ने उनकी स्थिति को बदला है। नए दौर की महिलाएं करियर, सामाजिक रुतबे और मन मुताबिक जिंदगी जीने को तवज्जो देने लगी हैं। सौ फीसदी ना सही, लेकिन शिक्षित वर्ग की महिलाओं का एक बड़ा तबका अब अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रहा है। समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़कर ये महिलाएं वही करती हैं, जो उनका दिल कहता है। यही कारण है कि अविवाहित महिलाओं की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सिंगल वूमेन को अपने अकेलेपन से कोई शिकायत नहीं है। ये जिंदगी की दौड़ में जीत दर्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं, खुश भी हैं।

## शादी को लेकर टूट रही है अवधारणा

'पत्नी और मां बने बिना औरत अधूरी है।' यह अवधारणा अब पुराने जमाने की सी मालूम होती है। छत्तीस वर्षीया तनु कहती हैं, 'मुझे नहीं लगता कि शादी संपूर्णता और खुशी की गारंटी है। मैंने अपने बहुत से दोस्तों को देखा है, जो शादी-शुदा होने के बावजूद अकेले और खुद को प्यार से वंचित महसूस करते हैं। यह सच है कि अपने अंदर की रिक्तता को आप खुद ही भर सकते हैं। मैं अपने करियर और शौक पूरे करके खुश हूं। आज अपने आस-पास टूट रहे वैवाहिक संबंधों को देखकर अकेले रहने के फैसले से मुझे खुशी महसूस होती है।' तनु आगे भी कहती हैं, 'घर से लेकर ऑफिस तक के काम में मैं इतनी बिजी रहती हूं कि खुद के लिए फुर्सत नहीं होती तो अकेलापन कहां से महसूस होगा। वैसे भी घर में मम्मी-डैडी सब हैं।' तनु जैसी अन्य महिलाओं को भी देखकर कहा जा सकता है कि कभी पति और बच्चों के दायरे में सिमटी रहने वाली भारतीय महिलाओं की सोच और जिंदगी अब तेजी से बदल रही है।



## जीवन की सफलता के लिए जरूरी नहीं विवाहित होना

पहले किसी महिला की सफलता-असफलता उसकी वैवाहिक स्थिति से मापी जाती थी। मतलब अगर महिला की शादी-शुदा जिंदगी सुखी है तो वह सफल है। अगर उसका वैवाहिक जीवन बिखरा हुआ है या वह तलाकशुदा है तो उसे असफल माना जाता था। लेकिन आज महिलाएं जान चुकी हैं कि उनकी सफलता का विवाह से कोई लेना-देना नहीं है। कोई महिला कितनी सफल है, यह उसके करियर और आर्थिक आत्मनिर्भर होने से जुड़ा विषय है, ना कि विवाह से जुड़ा।

## स्वतंत्र रहने की चाहत

हमारे देश में पारिवारिक ढांचा ऐसा है, जिसमें पढ़ी-लिखी और काम-काजी महिलाओं को भी आजादी नहीं मिल पाती। उन पर पाबंदियां होती हैं। उन्हें हर बात का हिसाब देना पड़ता है। अगर वे बाहर काम करती हैं तो उन्हें घरेलू कामों से भी राहत नहीं मिलती। इसके अलावा उन्हें अपने वेतन से घर चलाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। शादी-शुदा होने की स्थिति में भी उनके पैसे पर उनके पति का ही अधिकार होता है। इस स्थिति में महिलाएं सिंगल रहना ज्यादा पसंद करती हैं।

उपर्युक्त पहलुओं पर विचार करने के बाद यही कहा जा सकता है कि आज की महिलाएं जागरूक हुई हैं। वे अपने करियर और अपनी पसंद को वरीयता दे रही हैं। रिश्ते में किसी तरह का समझौता नहीं चाहती हैं। अब वह जमाना नहीं रहा कि वे घुट-घुटकर जीवन को गुजारें। *

### क्या कहते हैं आंकड़े

डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई स्टडी के अनुसार जहां 49 फीसदी पुरुष अपने सिंगल स्टेटस से खुश हैं, वहीं 61 फीसदी महिलाएं सिंगल रहना चाहती हैं। इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि सिंगल महिलाओं में लगभग 75 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने लिए पार्टनर ढूंढ़ने की कोई कोशिश भी नहीं की है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ऐसे पुरुष केवल 65 फीसदी हैं।

### टूट रहा है परंपरागत सामाजिक ढांचा

**भारत में** वैवाहिक रिश्तों का परिदृश्य लगातार तेजी से बदल रहा है। यह पिछले कुछ सालों में परंपरागत समाज की तुलना में आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है। शादी और रिलेशनशिप से जुड़े अलग-अलग सवालों को लेकर किए गए एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय महिलाएं अपनी विषम पारिवारिक स्थितियों के कारण सिंगल रहना पसंद कर रही हैं। आज वे केवल सामाजिक मांगों के कारण रिश्ते में बंधने की जल्दबाजी नहीं कर रही हैं। डाटा एनालिस्ट मिंटेल की स्टडी के अनुसार देश भर की लगभग 81% महिलाओं ने महसूस किया कि अविवाहित होने और अकेले रहने में अधिक आसानी होती है। यहां तक कि किसी के साथ डेटिंग करते समय भी उनमें से लगभग 63% ने कहा कि वे केवल अपने साथी की पसंद को वरीयता नहीं देंगी बल्कि खुद के प्रति सच्ची रहेंगी। इस स्टडी से यह भी पता चला कि 83% महिलाएं तब तक इंतजार कर सकती हैं, जब तक कि उन्हें सही साथी ना मिले। यानी कि अब उन्हें शादी या जीवनसाथी के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है।

डाइट एडवाइस
शिखर चंद जैन



हेल्दी रहने के लिए केवल लंच और डिनर ही नहीं ब्रेकफास्ट का भी न्यूट्रिशस होना जरूरी है। याद रखें कि किसी भी कंडीशन में ब्रेकफास्ट स्किप ना करें। इसे स्किप करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

# कभी स्किप ना करें ब्रेकफास्ट

अभिलाषा, तुमने तो शूज भी पहन लिए। इतनी भी क्या जल्दी है, नाश्ता करके चलेंगे।' तनु ने अपनी रूममेट को टोका। अभिलाषा लापरवाही से बोली, 'क्या यार तेरी बुजुर्गों जैसी आदतें हैं। नाश्ता क्या करना है, सीधे लंच लेंगे रेस्तरां में।'

तनु ने समझाया, 'शायद तुम्हें पता नहीं है कि ब्रेकफास्ट करना सभी के लिए जरूरी है। सुबह का नाश्ता हमें दिन की बेहतरीन एनर्जी देता है।'

**कई रोगों से बचाव:** दुनिया भर में कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि नियमित रूप से नाश्ता करने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में डाइटिशियन और मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन स्टार कहती हैं, 'नाश्ता करने से मोटापा, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और टाइप टू डायबिटीज का जोखिम कम होता है। वयस्कों में शॉर्ट टर्म मेमोरी इंप्रूव होती है, बच्चों का परफॉर्मेंस इंप्रूव होता है। उन्हें भरपूर एनर्जी मिलती है। नाश्ता सही शुरुआत में मददगार होता है।'



**कैसा हो ब्रेकफास्ट:** न्यू जर्सी (अमेरिका) की डाइटिशियन लॉरेंस हैरिस पिंकस कहती हैं, 'मेन मील से पहले ब्लड शुगर लेवल और एनर्जी मेंटेन करने के लिए प्रोटीन, फाइबर रिच और अनसैचुरेटेड फैट्स फ्री नाश्ता करें।'

**प्रोटीन:** मसल्स मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रेंथ के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसकी मात्रा डाइट में 25 से 30 ग्राम तक सीमित रखें। इससे अधिक प्रोटीन या तो बॉडी में फैट की तरह स्टोर हो जाता है या फिर निकल जाता है। जब नाश्ता मिस करती हैं तो सुबह प्रोटीन की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है।

**न्यूट्रिएंट्स:** हमारे शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है, वे हैं-कैल्शियम, विटामिन डी, पोटेशियम और फाइबर्स। नतीजतन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जब रेग्युलर न्यूट्रिएंट्स रिच नाश्ता करती हैं तो इन तत्वों की भरपाई होती है। ओट्स, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल लें। इनसे विटामिन डी, फाइबर्स, कैल्शियम मिलता है। *

### ब्रेकफास्ट करने के फायदे

- सुबह भूखे रहने पर हमारा कंसंट्रेशन वीक होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट कंसंट्रेशन लेवल और फोकस इंप्रूव करता है।
- नाश्ता करने से इमोशंस कंट्रोल करने में मदद मिलती है और डिसीजन मेकिंग स्किल सही रहती है।
- चीज, योगर्ट, फर्मेंटेड फूड्स (ढोकला, इडली) लेने से टाइप टू डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इन्फ्लेमेशन का जोखिम कम होता है।

# ग्रीन टी से पाएं चेहरे पर निखार

टिप्स



आपने यह तो सुना-पढ़ा होगा कि हमारी हेल्थ के लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह स्किन की कई प्रॉब्लम्स को दूर कर रंगत को भी निखारती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, चेहरे की सेल्स में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने से चेहरे की रंगत में निखार आता है। जानिए, ग्रीन टी से कैसे स्किन केयर की जा सकती है।

- मॉयश्चराइजर के तौर पर ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। 25 मिली कोकोनट ऑयल, 25 मिली एलमंड ऑयल और 25 मिली एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर ऑयल) को आधा कप ग्रीन टी की पत्तियों में डुबोकर रखें। कुछ देर बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसका इस्तेमाल मॉयश्चराइजर की तरह करें। यह त्वचा को नमी देकर सुंदर बनाता है। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाता है।
- आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स कम करने के लिए उस हिस्से पर ग्रीन टी बैग्स लगाएं। इससे आंखों के आस-पास की पफीनेस भी दूर होती है।



- ग्रीन टी बैग का इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंके नहीं, इसके बजाय इन्हें फ्रीजर में रखकर जमा लें। दिन में एक बार इन्हें आंखों और चेहरे पर 15 मिनट तक रखें। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की स्किन को न्यूट्रीशन देकर हेल्दी बनाते हैं। *

-सहेली फीचर्स

बिहेवियर/ रेखा शाह आरबी

हम अकसर ही बात-बात पर झुंझलाते हैं, इरिटेट होकर टेंशन में आ जाते हैं। हमें समझ में ही नहीं आता कि यह हो क्यों रहा है? ऐसी मन:स्थिति में लंबे समय तक रहना हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है। इससे हम कैसे बचें, एक बहुत ही जरूरी सलाह।

# जब मन हो इरिटेट

नितिन सुबह से ही देख रहा था, पत्नी साक्षी का मूड उखड़ा-उखड़ा है। बार-बार उसे मूड स्विंग हो रहे हैं। कुछ भी पूछने पर अजीब-सा जवाब मिलता। ऐसा भी नहीं था पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ हो। नितिन समझ नहीं पा रहा था कि साक्षी क्यों ऐसा व्यवहार कर रही है? उधर साक्षी को ना कुछ करना अच्छा लग रहा था, ना ही किसी से बात कर रही थी। नितिन एक समझदार पति है, वह जान रहा था कि साक्षी का यह नॉर्मल बिहेवियर नहीं है। अगर उसके बिहेवियर में परिवर्तन है तो जरूर कोई बात है, जिससे वह इरिटेट हो रही है। अगर नितिन की जगह पर कोई दूसरा होता तो घर में कलह होना तय था। साक्षी का इरिटेट होना, कोई बहुत असामान्य बात नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी होता है। ऐसा प्राय: कभी मौसम बदलने के कारण, कभी प्रेग्नेंसी के दौरान या कुछ मनमुताबिक ना हो पाने या फिर कभी थकी-हारी हुई अवस्था के कारण होता है। स्वयं को समझ में नहीं आता है कि आखिर मन क्यों इतना खिन्न है? जब ऐसा मूड हो जाता है तो मन परेशान हो जाता है, इंसान तनाव में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ कारगर उपाय अपनाकर इरिटेशन, तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है-



**फेवरेट पर्सन से करें बातें:** हम सभी की जिंदगी में कोई ऐसा दोस्त या परिवार में कोई एक ऐसा सदस्य जरूर होता है, जिससे हम पूरे भरोसे के साथ अपने दिल की बातें साझा कर सकते हैं। इससे मन हल्का हो जाता है। अगर कभी मन में चिंता, दुविधा, चिड़चिड़ाहट और नकारात्मकता भर रही हो तो अपने फेवरेट पर्सन से दिल की बातें साझा करें, अपनी समस्या दिल खोलकर बताएं। इससे ना केवल मन हल्का होगा। आपको सही सलाह मिलेगी। आप देखेंगे कि आपकी इरिटेशन और तनाव भी काफी हद तक कम हो रहा है।

**मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें:** अच्छी बुक्स पढ़ना अच्छी आदत है। जब मूड अपसेट हो तो मोटिवेशनल बुक्स मन को शांत करने में मददगार हैं। अपनी पर्सनल लाइब्रेरी में कुछ अच्छी मोटिवेशनल किताबें जरूर रखें। जब दिमाग किसी उलझन में हो तो इन किताबों को पढ़ें, इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगी।

**पार्क में घूमें:** जब भी कभी आप इरिटेशन और तनाव महसूस करें तो पार्क में घूमने निकल जाएं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा रहेगा। हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच में टहलना, नेचर को महसूस करना, चिड़ियों की चहचहाहट को सुनना थैरेपी का काम करता है। यह काफी फायदेमंद होता है, इससे मन एकदम से तरोताजा हो जाता है।



इनके अलावा और भी बहुत उपाय हैं, जिनकी मदद से मन की उद्विग्नता, इरिटेशन और तनाव को खत्म कर सकती हैं। जैसे कोई कॉमेडी मूवी/शो देखना, बच्चों के साथ खेलना, शॉपिंग करना, म्यूजियम घूमने जाना, योगा करना या फिर पेंटिंग, सिंगिंग जैसे क्रिएटिव काम। इससे मन को सुकून मिलेगा, इरिटेशन और तनाव दूर होगा। *

### कब लें डॉक्टर से सलाह

**कभी-कभार** इरिटेशन और तनाव महसूस करना, सामान्य-सी बात होती है। लेकिन अगर असामान्य रूप से लगातार कोई तनावग्रस्त है। उसका मूड हमेशा खराब रहता है, वह परेशान रहता है, उसे घबराहट और निराशा महसूस होती है तो तुरंत मनोचिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब लगातार यह लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर ही सही रूप से जांच कर, उसकी इरिटेशन किन मानसिक स्थितियों या शारीरिक कारणों से है, बता सकते हैं। ऐसे में देर ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

**खबर संक्षेप**



## जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच नियुक्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया गया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में 'स्थायी समाधान' मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति हैं। भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

## रेहान पेशेवर टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में शामिल

**रबात।** भारत के रेहान थॉमस ने 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दूसरी पेशेवर प्रतियोगिता में ही शीर्ष 10 में जगह बनाई। दुबई में रहने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चार दौर में 69-73-69-72 का स्कोर बनाया। उनका कुल योग नौ अंडर रहा जिससे वह संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में भारत के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से केवल पांच खिलाड़ी कट में जगह बना पाए थे। भारतीय खिलाड़ियों में रेहान का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।



## अमित-जेना को 15-15 लाख देने की घोषणा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी।

## उमा छेत्री कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर

**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के क्षेत्ररक्षण कोच मुनीश बाली ने उमा छेत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा विकेटकीपर 'वास्तव में कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटर है।' इक्कीस वर्षीय छेत्री ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए दूसरे मैच में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने दीप्ति शर्मा की गेंद पर तेजमिन ब्रिट्स को स्टंप आउट किया। इससे पहले वह इसी बल्लेबाज को स्टंप के आगे से गेंद पकड़ने के कारण जीवनदान दे चुकी थी।



**विंबलडन : 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ दर्ज की जीत**

# विंबलडन : सिनर अंतिम-8 में, लुलु सन का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन, गॉफ बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया।




### 14 साल में पहली बार कोई क्वालीफायर क्वार्टर में पहुंची

क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि महिला वर्ग में किसी क्वालीफायर ने अंतिम आठ में प्रवेश किया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

### कीज हटी, जीती नवारो



महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

**आमंत्रण**

# मालदीव जश्न मनाने आएं टी20 चैंपियन भारतीय टीम



एजेंसी ▶▶| माले

मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है।


रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन' ने 'मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री' के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है।' एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। इस बयान में कहा गया, 'हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा।'

### कुछ दिनों से सपनों में जी रहा हूं : बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप का चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में मिले शानदार स्वागत के लिए आभार व्यक्त करने की कड़ी में गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से सपनों में जी रहे हैं। बुमराह ने टी20 विश्व कप में भारत की 17 साल बाद खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। बुमराह ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मैं पिछले कुछ दिनों से बहुत आभारी हूं। मैं सपनों में जी रहा हूं और इसने मुझे खुशी और कृतज्ञता से भर दिया है।'

**अभिषेक का खुलासा**

# शून्य पर आउट हुआ तो हंसे युवराज, शतक पर दी बधाई



एजेंसी ▶▶| मुंबई

हरारे। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिम्बॉब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर युवराज सिंह काफी खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है। अभिषेक भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे।

अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा, 'मैंने शनिवार को उनसे (युवराज) बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि यह अच्छी शुरुआत है लेकिन अब वह मेरे परिवार की तरह खुश होंगे और उन्हें मुझ पर गर्व होगा। मैं आज जो भी हूं उसमें उनकी काफी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की।' रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा, 'शाबास, मुझे तुम पर गर्व है। तुम इसके हकदार थे। यह तो अभी शुरुआत है। आगे अभी इस तरह की कई पारियां खेलोगे।'

### अभिषेक के लिए फिर शुभ साबित हुआ शुभमन का बल्ला

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में शून्य पर आउट होने के बाद भारत के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जिंबॉब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिस बल्ले से शतक जड़ा, वह उन्होंने कप्तान शुभमन गिल से लिया था, जो जूनियर क्रिकेट के दिनों की तरह यहां भी उनके लिए शुभ साबित हुआ। अभिषेक ने 47 गेंद पर 100 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कहा, 'शुभमन का विशेष आभार जो उन्होंने सही समय पर मुझे अपना बल्ला दिया। मेरे लिए और टीम के लिए इस पारी की सख्त जरूरत थी। ऐसा अंडर-14 के दिनों से हो रहा है। मैं जब भी उनके बल्ले से खेला मैंने अच्छा प्रदर्शन किया और आज भी ऐसा हुआ।'

# क्रिकेटर अश्विन ने खरीदी ग्लोबल चेस लीग में टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है।

जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में तीन से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में अश्विन के हवाले से कहा गया, 'हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। रणनीतिक प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प के मिश्रण के साथ हमारी टीम खेल को फिर से परिभाषित करने का लक्ष्य रखती है। सह मालिक के रूप में मैं उनकी यात्रा का गवाह बनने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं।'

## भारतीय हॉकी टीम स्विटजरलैंड रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले स्विटजरलैंड में मशहूर माइक हार्न्स बेस के लिए रवाना हो गई जिसके बाद नीदरलैंड में एक अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्विटजरलैंड में तीन दिवसीय शिविर खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगाया गया है। इसके बाद टीम नीदरलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी और फिर पेरिस रवाना होगी।

# वीर ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक / 2824/2024/ — जेम बिड आमंत्रण सूचना — विदिशा,दिनांक 05/07/2024

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से जेम बिड का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जेम बिड नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | बिड की अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2024/B/ 5130204 | Supply of Garbage Hand Cart Wheel barrow for vidisha city | 1500000.00 | 11250.00 | 12/08/2024 |

1- बिड से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.gem.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा से कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 05/2024-25 — निविदा आमंत्रण सूचना — सतना दिनांक 04/07/2024

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर ई.ड़ी क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB_ 355262_1 | उपसंभाग सतना के सोहावल ब्लाक प्रथम अर्तगत ग्राम भरजुना मे भरजुना देवी मंदिर का रिनोवेशन कार्य। | प्रथम | 06 माह | 5983365.00 | 59900.00 | 10000.00 |
| | | योग- | | | 5983365.00 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन करने के उपरांत निपिदा प्रपत्र टेण्डर डाक्यूमेंट बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक 19.07.2023 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवर आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एनएक्सर एच. शपथपत्र,बिड की रसीद एवं अन्य दास्तावेज केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संसोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

जी-13096/24

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग भ/स/संभाग सतना म.प्र.

# अफ्रीका के खिलाफ भारत की निर्णायक जंग आज

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को यहां आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है। दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है। रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस०ओ० 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत श्री गौरव भनोत S/o श्री के०ए० भनोत, स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी, खसरा नं. 26, 28पी. बढ़ैयाखेड़ा, तहसील जबलपुर जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 1.75 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी 23,426 घन मीटर प्रति वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर, (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म०प्र०) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए पूर्व में निर्धारित लोक सुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया था। उक्त परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 24.07.2024 दिन बुधवार समय प्रातः 11:00 बजे श्री गौरव भनोत S/o श्री के०ए० भनोत, स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान के समीप में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत श्री गौरव भनोत S/o श्री के०ए० भनोत, स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी, खसरा नं. 28पी. ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील जबलपुर जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 2.0 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी 41,697 घन मीटर प्रति वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उधोग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म०प्र०) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त परियोजना के लिये लोक सुनवाई दिनाक 24.07.2024 दिन बुधवार को दोप. 12:00 बजे श्री गौरव भनोत S/o श्री के०ए० भनोत, स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान के समीप में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत श्री गौरव भनोत S/o श्री के०ए० भनोत, स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी, खसरा नं. 20, 22, 24पी. ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 1.25 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता स्टोन क्वारी 25,347 घन मीटर प्रति वर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर. (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म०प्र०प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म०प्र०) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए पूर्व में निर्धारित लोक सुनवाई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया था, उक्त परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 24.07.2024 दिन बुधवार समय दोपहर 03:00 बजे श्री गौरव भनोत S/o श्री के०ए० भनोत, स्टोन क्वारी एण्ड मुरूम क्वारी ग्राम बढ़ैयाखेड़ा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान के समीप में आयोजित की जायेगी जिसमें भी सुझाव, विचार टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

**हाई कोर्ट का सख्त निर्देश : पांच अगस्त तक की मोहलत**

# जबलपुर के डीईओ जवाब दें या हाजिर होने कमर कस लें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने एक मामले में जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी, डीईओ को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे पांच अगस्त तक हर हाल में जवाब पेश करें। ऐसा न किए जाने की सूरत में हाई कोर्ट के समक्ष हाजिर होकर स्पष्टीकरण पेश करने कमर कस लें।

याचिकाकर्ता पंडित लज्जाशंकर झा विद्यालय, जबलपुर में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामनाथ काछी की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा, शिवम शर्मा व अरुण शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शाला प्राचार्य ने 2021 में याचिकाकर्ता के विरुद्ध वसूली आदेश पारित कर दिया था। इसके अंतर्गत दो लाख 45 हजार कटौती की गाज गिराई गई। जिसके विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी गई। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के दौरान वसूली पर अंतरिम रोक लगाते हुए नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। तब से लकर अब तक तीन वर्ष बीत गए लेकिन डीईओ का जवाब नदारद है। यह सरासर नाफरमानी ही नहीं अवमाननापूर्ण हरकत भी है। ये तर्क सुनने के बाद हाई कोर्ट ने मनमानी के रवैये को आड़े हाथों लिया। इसी के साथ डीईओ को निर्देश दे दिया कि वे पांच अगस्त तक हर हाल में अपना तार्किक जवाब प्रस्तुत कर दें। ऐसा न किए जाने की स्थिति में उन्हें स्वयं उपस्थिति सुनिश्चित कराकर स्पष्टीकरण देना होगा।



## स्मैक तस्कर को एक वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस शशि भूषण शर्मा की अदालत ने स्मैक तस्करी के आरोपित खटीक मोहल्ला, घमापुर, जबलपुर निवासी मनोज सोनकर का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ एक वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित मनोज एक अगस्त, 2019 को स्मैक की पुड़िया लेकर घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के साथ अपराध पंजीबद्ध कर अदालत में चालान पेश किया गया। इस तरह के मामले में किसी तरह की रियायत बरतना उचित नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि राहत से समाज में गलत संदेश जाता है।

## हाई कोर्ट में एक सैकड़ा प्रशिक्षित मीडिएटर्स नियुक्त

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में एक सैकड़ा प्रशिक्षित मीडिएटर्स की नियुक्त की गई है। वैकल्पिक न्याय-प्रणाली अंतर्गत मीडिएटर्स की भूमि अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसीलिए मीडिएशन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नियुक्त किए गए मीडिएटर्स में अधिवक्ता केके कुशवाहा, आशीष श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, राजेश कुमार तिवारी, शशिप्रभा महावर, केएल जाटव, संतोष गोंगिया, अजय शुक्ला, रोहिणी प्रसाद शर्मा, सरला चौधरी, सरिता कनौजिया, पापिया घोष, रविशंकर श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, चंद्रकांता पाल, इंद्रमणि दुबे, नीलम गोयल, नीतू बावरिया, संध्या चौधरी सहित अन्य के नाम शामिल हैं। इन सभी ने निर्धारित प्रक्रिया अंतर्गत मध्यस्थता के सभी मूलभूत आयामों का ज्ञान प्राप्त कर लिया है। इसी के साथ हाई कोर्ट में परस्पर समझाइश से निराकृत होने लायक प्रकरणों में मीडिएशन के लिए आगे आ रहे हैं।

## एड. सुजीत कार्यकारिणी में नियुक्त

**जबलपुर।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी में जबलपुर के एडवोकेट सुजीत सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, भाजपा नगराध्यक्ष प्रभात साहू, प्रदेश संगोजक मनोज द्विवेदी व प्रदेश सह संयोजक अजय पटेल की सहमति से की गई है। एड.सुजीत दीर्घ अवधि से भाजपा की गतिविधियों का समर्थन करते आए हैं। उनका वकालत का अनुभव भी समृद्ध है।

## मप्र में खत्म होगी पटवारी की भूमिका

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में लोगों को अब तहसील के चक्कर लगाने और राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार से छुटकारा मिलने वाला है। अब जल्द ही आप घर बैठे प्रापर्टी की रजिस्ट्री कर सकते हैं। ई रजिस्ट्री से लेकर साइबर तहसील तक सब कुछ ऑनलाइन होने जा रहा है। इसकी सुविधा के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया जा रहा है जिसमें यह सुविधा मिलेगी। इसी के साथ नगर एवं ग्राम निवेश में किसी भी जमीन का लेआउट मंजूर करने की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी। दरअसल मध्य प्रदेश में राजस्व के मामलों में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आते हैं जिसके बाद जनता की सुविधा के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। जिसके बाद दस्तावेजों का ऑनलाइन पोर्टल पर ही पंजीयन होगा। वहीं नामांतरण भी इसी से लिंक होगा। आरसीएमएस पोर्टल पर तहसील के सभी राजस्व मामलों को अपलोड किया गया है। इस सुविधा के बाद अब पटवारी की भूमिका खत्म हो जाएगी।

**घर बैठे रजिस्ट्री, ई-रजिस्ट्री, नामांतरण से लेकर साइबर तहसील तक सब कुछ होगा ऑनलाइन**

## 6 स्कूलों की फीस वृद्धि अमान्य की गई

**जबलपुर।** मप्र निजी विद्यालय फीस तथा (संबंधित विषयों का विनियम) 2017 के तहत गठित जिला समिति द्वारा पिछले दिनों 11 निजी स्कूलों पर कार्रवाई की गई थी। इन 11 निजी स्कूलों में से 6 निजी स्कूलों का जिला समिति के विनिश्चय के अनुसार शुल्क प्रतिदाय आदेश जारी किया गया। शीघ्र शेष 5 निजी स्कूलों का भी आदेश जारी किया जाएगा। शुल्क प्रतिदाय आदेश में वर्ष 2018-19 से वर्ष 2024-25 तक की शुल्क वृद्धि अमान्य की गई हैं। वर्तमान फीस शुल्क का निर्धारण किया गया हैं। जिन स्कूलों के लिए निर्धारण किया गया है लिटिल वर्ल्ड स्कूल कटंगा तिलवारा, क्राईस्ट चर्च फॉर बॉयज एंड गर्लस (आईएससी जबलपुर), चैतन्य टेप्नो जबलपुर स्कूल, ज्ञानगंगा इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर, पांचवी स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, क्राईस्ट चर्च डायशेसन स्कूल घमापुर शामिल हैं। जिला समिति के सदस्य सचिव जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने इस आशय के आदेश जारी कर दिए है। आदेश में इन स्कूलों में केजी वन से लेकर कक्षा 12वीं तक वार्षिक फीस का निर्धारण किया गया।

**जींस, टी-शर्ट पर रहेगी रोक**

## संस्कारधानी के कॉलेजों में अब यूनीफार्म में दिखेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में अब ड्रेस कोड का पालन कड़ाई से किया जाएगा। वर्तमान में ज्यादातर कॉलेजों में यूनीफार्म लागू है, लेकिन उसका पालन नहीं होने से विद्यार्थी कॉलेज में अपनी मनमर्जी से ड्रेस पहनकर आते हैं। अब सरकारी कॉलेजों में छात्र-छात्राएं जींस-टीशर्ट पहनकर नहीं जा सकेंगे।

छात्र-छात्राओं को अब केवल यूनीफार्म में कॉलेज जाना होगा। प्रदेश सरकार ने इसी सत्र से सरकारी कॉलेजों में ड्रेस कोड लागू करने की तैयारी की है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज प्रबंधन को यूनिफार्म चयन की जिम्मेदारी दी है। ड्रेस कोड के तहत छात्र-छात्राएं पेंट-शर्ट और छात्राएं सलवार-कुर्ता पहनकर आएंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि कॉलेज में यूनीफार्म होने से छात्र-छात्राओं के बीच एकरूपता और समानता की भावना पैदा होगी।



### कई कॉलेजों में ड्रेस कोड है लागू

सस्कारधानी के ज्यादातर सरकारी कॉलेजों में वर्तमान में यूनीफार्म लागू है, लेकिन उसका कड़ाई से पालन नहीं होने से विद्यार्थी अन्य ड्रेस में कॉलेज आते दिखते हैं। यूनीफार्म का पालन कड़ाई से होने पर सभी छात्र-छात्राएं यूनीफार्म में नजर आएंगे। वर्तमान में शहर के कुछ कॉलेजों में यूनीफार्म लागू है, लेकिन कॉलेज केंपस में कुछ विद्यार्थी ही यूनीफार्म में दिखाई देते हैं।

### कॉलेज प्रबंधन तय करेगा यूनीफार्म का रंग

सरकारी कॉलेजों की यूनीफार्म एक जैसी न होकर अलग-अलग हो, इसके लिए विभाग ने यूनीफार्म का रंग तय करने का फैसला जनभागीदारी समिति और कॉलेज प्रबंधन पर छोड़ दिया है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का कहना है कि ड्रेस कोड लागू करने पर विचार किया गया है।

### बाहरी युवाओं की पहचान

ड्रेस कोड लागू करने के पीछे विभाग का सोचना है कि वर्तमान में सरकारी कॉलेजों में बाहरी और असामाजिक तत्व भी आ जाते हैं, जिन्हें पहचान पाना मुश्किल हो जाता है। कॉलेजों में ड्रेस कोड लागू होने के बाद बाहरी व्यक्तियों की पहचान आसानी से हो सकेगी।

**बीमार यात्री सहित बुजुर्ग बच्चे परेशान**

## गरीब रथ ट्रेन इगत पुरी स्टेशन पर अचानक रद्द



**जबलपुर।** जबलपुर से मुम्बई जाने वाली गरीब रथ ट्रेन अचानक बिना बताए इगतपुरी स्टेशन पर रोक दी गई और यात्रियों को बिना बताए ट्रेन से उतरने को कहा गया। अचानक ट्रेन रुकने की कोई वजह नहीं बताई गई। जबकि ट्रेन का स्टापेज न होने पर भी रेलवे ने ट्रेन को इगतपुरी स्टेशन पर रद्द कर दिया। इस ट्रेन में कई गंभीर बीमारियों के पीड़ित मरीज भी सवार है जो इलाज के लिए मुंबई जा रहे थे। बड़े बूढ़े और बच्चों को लगेज के साथ उतार दिया गया।

इस दौरान यात्रियों ने इसका विरोध किया। यात्रियों का आरोप है कि रेलवे ने बिना कोई जानकारी दिए अचानक स्टेशन पर उतरने कहा दिया, जबकि वहां से मुम्बई लगभग 110 किमी दूर थे। वहां जाने के लिए न तो कोई ट्रेन मिली और न ही टैक्सी। एक यात्री ने बताया कि उसके 80 वर्षीय पिता को कैंसर है और उन्हें इलाज के लिए मुम्बई ले जा रहे हैं। ट्रेन को अचानक रद कर दिया गया है, जिससे उन्हें मुम्बई ले जाने में परेशानी हुई।


शनिवार को गरीब रथ जबलपुर से मुम्बई के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन इटारसी लगभग 20 मिनट देरी से पहुंची। ट्रेन को सुबह 7.42 पर नासिक रोड़ पहुंचना था, लेकिन ट्रेन सुबह 10.53 पर पहुंची। ट्रेन को यहां दोपहर सवा एक बजे तक खड़ा रखा गया। इसके बाद ट्रेन रेंगते हुए आगे बढ़ी।

इस दौरान यात्रियों ने ट्रेन को रोकने की वजह पूछी, लेकिन इसकी जानकारी ट्रेन स्टाफ और टीटीई के पास नहीं थी। इधर ट्रेन दोपहर 2.40 बजे इगतपुरी पहुंची। यहां पर ट्रेन को रद कर दिया गया। इस संबंध में जबलपुर मंडल के आपरेटिंग विभाग में सीनियर डीओएम से संपर्प करने का प्रयास किया, लेकिन उनसे संपर्प नहीं हो सका।

**बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की कवायद**

## अब पीपीपी मोड पर संचालित होंगे सिविल अस्पताल

**जबलपुर।** प्रदेश में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार कुछ सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर देने की तैयारी कर रही है। सूत्रों का कहना है कि अगर सरकार का यह प्रयोग सफल होता है और लोगों का फीडबैक अच्छा रहता है तो पूरे प्रदेश में यह प्रयोग किया जा सकता है। शीघ्र ही इसे स्वीकृति के लिए कैबिनेट में लाया जाएगा। जिला अस्पतालों की तरह इन स्वास्थ्य संस्थाओं में भी निजी निवेशक 25 प्रतिशत बिस्तर प्राइवेट रख सकेगा। सुविधाएं बढ़ाकर निवेशक इन बिस्तरों में भर्ती रोगियों से निर्धारित शुल्क वसूल सकेगा।



गौरतलब है कि मार्च में डॉ मोहन यादव सरकार ने कैबिनेट की बैठक में पांच जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देने का निर्णय लिया था। कैबिनेट के फैसले के अनुसार प्रदेश के ऐसे जिलों जहां मेडिकल कॉलेज नहीं है वहां के जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर कार्य होगा। और प्राइवेट एजेंसियां काम करेंगी। अब प्रदेश के पांच जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देने के सरकार के निर्णय के बाद अब कुछ सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी पीपीपी मोड पर देने की तैयारी है। स्वास्थ्य संचालनालय इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर रहा है।

### 75 प्रतिशत बिस्तर गरीबों को

सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी पीपीपी मोड पर देने के लिए स्वास्थ्य संचालनालय प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इन सिविल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के पीपीपी मोड पर दिए जाने के बाद नागरिकों को और सुविधाएं मिलने लगेंगी। इससे पहले मप्र सरकार जिला अस्पतालों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोजने का निर्णय भी ले चुकी है। इस मॉडल में शर्त यह है कि निवेशक जिला अस्पताल के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जब मेडिकल कॉलेज और अस्पताल एक साथ चलने लगेंगे तो 75 प्रतिशत बिस्तर गरीबों को उपलब्ध कराने होंगे।

### कैबिनेट में जाएगा प्रस्ताव

जबलपुर, भोपाल और इंदौर में कई सिविल अस्पताल शहर के बीच में होने के साथ ही साधन संपन्न हैं। यहां रोगियों की संख्या जिला अस्पतालों की तरह रहती है। इसी तरह से दूसरे जिलों में कुछ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहुत अच्छी स्थिति में हैं। वहां सीजर डिलीवरी की सुविधा भी है। मापदंड के अनुसार पांच विषय विशेषज्ञ भी हैं। ऐसे में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अब उन स्वास्थ्य संस्थाओं की सूची तैयार कर रहा है जिन्हें पीपीपी मोड पर दिया जा सकता है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद इन्हें पीपीपी मोड पर देने के लिए ऑफर बुलाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष मार्च में राज्य सरकार ने प्रदेश के पांच जिलों में निजी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए वहां के जिला अस्पतालों को पीपीपी मोड पर देने का निर्णय लिया था। इनमें कटनी, पन्ना और मुरैना में पीपीपी से कालेज खोलने के लिए निजी निवेशकों से ऑफर बुलाए गए हैं। दो अन्य स्थानों के लिए भी शीघ्र ही निविदा जारी करने की तैयारी है।

## खारीघाट के पास दिखा मगरमच्छ

**जबलपुर।** नर्मदा नदी के खारीघाट के आगे सांई मंदिर के पास मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप मच गया। नर्मदा नदी में मगरमच्छ होने की बातें तो बहुत कहीं और सुनी जाती थी लेकिन संभवतः पहली बार नर्मदा नदी के किनारे मगरमच्छ को नाविक ने अपनी आंखों से देखा। इसका वीडियो भी उसने बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उसने मगरमच्छ की जानकारी क्षेत्र के पूर्व पार्षद मनीष दुबे को दी और वीडियो भी दिखाया। तीन दिन पहले नाविक ने मगरमच्छ को देखा था। पूर्व पार्षद मनीष दुबे ने भी लोगों से आग्रह किया है कि नदी में जाते समय सावधानी रखे। नाविकों से भी कहा गया है कि सांई मंदिर के आसपास मगरमच्छ पर ध्यान रखे और सावधानी रखे। सांई मंदिर के पास झाड़ियों के बीच मगरमच्छ को बैठे देखा गया।

**फिलहाल तेज बारिश की गुंजाइश नहीं**

# उम्मीद पर खरे नहीं उतर रहे बादल



**जबलपुर।** जबलपुर में बारिश का सिस्टम पूरी तरह से बन नहीं पा रहा है। झमाझम बारिश के लिये शहर अभी भी इंतजार कर रहा है। बादलों के छाने से उम्मीदें बंधतीं हैं पर बादल उम्मीद पर खरे नहीं उतरते। सोमवार को बीच-बीच में धूप निकलकर बादलों को चुनौती देती रही। लो-प्रेशर का सिस्टम नहीं बन पाने से बारिश का जोरदार आगाज नहीं हो पा रहा है। बादलों की मौजूदगी के बीच अब तापमान भी राहत नहीं दे रहा है। तापमान बढ़ने लगा है और हवा में नमी घटने लगी है। फिलहाल दो तीन दिन के लिए बारिश टल गई है। मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन रहा है। यह बादल यदि इसी तरफ आये तो अगले 72 घंटों के बाद ही बारिश के आसार बन सकेंगे।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मानसूनी बादलों का कोई सिस्टम अभी जबलपुर में नहीं है। इसी कारण मौसम साफ हो गया है। पिछले चार दिनों से हल्की बारिश के बाद धूप निकलने से जहां उमस बढ़ रही है वहीं मौसम शुष्क होने के कारण तापमान उछाल लेने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 82 प्रतिशत और सायंकाल 74 प्रतिशत दर्ज की गई। दक्षिणी पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.32 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 16.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 238.9 मिमी (9 इंच) दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष आज के दिन 32.8 मिमी वर्षा हुई थी। जबकि कुल वर्षा 297.2 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 29.08 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240